

सूर्योदय प्रातः 5:02 | सूर्यास्त संध्या 6:36 | पखवाड़ा ज्येष्ठ शु. नवमी, संवत 2081 | तापमान अधिकतम 39° न्यूनतम 27°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, शनिवार, 15 जून 2024, वर्ष : 15, अंक : 122, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter

**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 76,992.77 | 181.87 (0.24%) |
| निफ्टी | 23,465.60 | 66.70 (0.29%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| | |
|---|---|
| 22 carat सोना | 65,900.00 |
| चांदी | 905.00 |

## एक झलक

### एनआईए ने माओवादियों के ठिकानों की ली तलाशी

**नयी दिल्ली** : राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने छत्तीसगढ़ में माओवादियों के कई ठिकानों की तलाशी ली। यह छापेमारी 2023 में विधानसभा चुनाव के दौरान एक पोल पार्टी के काफिले पर सीपीआई (माओवादी) के नेतृत्व वाले आईईडी हमले के सिलसिले में की गई है।
एनआईए की टीम ने छापेमारी की कार्रवाई गुरूवार की है यह जानकारी शुक्रवार साझा की गई। कार्रवाई के दौरान एनआईए की टीम ने कई मोबाइल फोन और 2.98 लाख रुपये नकद बरामद भी किया।

### सिक्किम में भारी बारिश व भूस्खलन 1200 से अधिक पर्यटक फंसे

**गंगटोक** : सिक्किम में भारी बारिश और भूस्खलन से विभिन्न स्थानों पर जनधन को बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। कुछ स्थानों पर सड़कें बह जाने से वाहनों की सुचारू आवाजाही प्रभावित हुई है। भारी बारिश और भूस्खलन के कारण सड़क बंद होने से 1200 घरेलू और 15 विदेशी पर्यटक मंगन जिले के लाचुंग में फंस गये हैं। राज्य पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग के मुताबिक गुरुवार रात हुई मूसलाधार बारिश से उत्तरी सिक्किम में भारी नुकसान हुआ है। खासतौर पर उत्तरी सिक्किम के लाचुंग को राज्य के अन्य हिस्सों से जोड़नेवाली सड़क बह गयी है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

### रक्षा मंत्री आईएनएस जलाश्व पर सवार हुए

**नयी दिल्ली** : एनडीए सरकार में लगातार दूसरी बार रक्षा मंत्री का कार्यभार संभालने के बाद राजनाथ सिंह शुक्रवार को पहली यात्रा पर विशाखापट्टनम पहुंचे और पूर्वी नौसेना कमान का दौरा किया। भारतीय नौसेना की परिचालन समीक्षा करने के लिए वह 'समुद्र में एक दिन' के लिए आईएनएस जलाश्व पर सवार हुए। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी के साथ रक्षा मंत्री ने कमान के विभिन्न जहाजों, पनडुब्बी और विमानों को देखा। पूर्वी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल राजेश पेंढारकर ने रक्षा मंत्री को भारतीय नौसेना की युद्ध क्षमता के बारे में जानकारी दी। ● शेष पृष्ठ 11 पर

### डीआरआई के अभियान में तीन करोड़ का सोना जब्त


**सिलीगुड़ी** : राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने तीन करोड़ रुपये से ज्यादा के सोने के बिस्कुट के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है।
डीआरआई ने शुक्रवार को गिरफ्तार दोनों आरोपितों को सिलीगुड़ी अदलात में पेश किया। सुनवाई के बाद न्यायधीश ने दोनों को 27 जून तक न्यायिक हिरासत में ● शेष पृष्ठ 11 पर

## अंदर के पन्नों पर


3 बीएलओ सुपरवाइजर घर-घर जाकर बीएलओ के...
5 नकाबपोश अपराधियों का बांसजोड़ा में तांडव...
7 गढ़वा में ट्रक से टक्कर के बाद पुलिया से नीचे...
9 नवादा के डीएम आशुतोष ने दूसरी बार संभाला...
10 कनाडा के खिलाफ बड़ी जीत के इरादे से उतरेगी...


## जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर, प्रधानमंत्री मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री और यूक्रेन के राष्ट्रपति से की वार्ता

एजेंसी
**नयी दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर अपुलिया में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से अलग-अलग द्विपक्षीय वार्ता की।
प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए पोस्ट किया, 'मेरे मित्र राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ बहुत बढ़िया मुलाकात हुई। एक साल में यह हमारी चौथी मुलाकात है, जो इस बात को दशार्ता है कि हम भारत-फ्रांस के मजबूत सम्बन्धों को कितनी प्राथमिकता देते हैं। हमारी बातचीत में रक्षा, सुरक्षा, तकनीक, एआई, ब्लू इकॉनमी और कई अन्य विषयों पर चर्चा हुई। हमने इस बात पर भी चर्चा की कि युवाओं में नवाचार और शोध को कैसे प्रोत्साहित किया जाये। मैंने उन्हें अगले महीने शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक की मेजबानी के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।'



प्रधानमंत्री मोदी ने एक अन्य पोस्ट में कहा, 'इटली में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मिल कर बहुत खुशी हुई। मैंने एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी। सेमीकंडक्टर, प्रौद्योगिकी और व्यापार जैसे क्षेत्रों में संबंधों को और मजबूत करने की बहुत गुंजाइश है। हमने रक्षा क्षेत्र में सम्बन्धों को और मजबूत करने के बारे में भी बात की।'
विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि भारत-यूक्रेन साझेदारी को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इटली के अपुलिया में 50वें जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात की। नेताओं ने द्विपक्षीय सम्बन्धों की समीक्षा की और यूक्रेन की स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान को प्रोत्साहित करना जारी रखता है।

### राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति के पदाधिकारियों के साथ कृषि मंत्री ने की बैठक

## किसानों के 02 लाख रुपये तक के ऋण होंगे माफ : बादल

**मंत्री ने कहा**

- कृषि मंत्री बनते ही किया था किसानों के 50 हजार तक के ऋण माफ
- मृतक किसानों के ऋण भी बिना केवाईसी के होंगे माफ
- किसानों के एनपीए लोन को भी सरकार करेगी माफ, बैंकों से मांगा गया प्रस्ताव



फ्रीडम फाइटर संवाददाता
**रांची** : कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा है कि किसानों के दो लाख रुपये तक के लोन माफ किये जायेंगे। इसके लिए उन्होंने सभी बैंकों से प्रस्ताव प्रस्तुत करने को कहा है। 31 मार्च 2020 तक किसानों द्वारा लिया गया 50 हजार से लेकर दो लाख तक के ऋण को वन टाईम सेंटलमेंट के माध्यम से माफ किये जायेंगे। इसके लिये सभी बैंकों से प्रस्ताव आमंत्रित किया गया है। वह आज नेपाल हाउस स्थित सभागार में राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति के पदाधिकारियों के साथ केसीसी लोन सहित कृषि कार्य के लिए किसानों द्वारा लिए गये ऋण की माफी योजना को लेकर बैठक कर रहे थे।
मंत्री ने बैठक में बताया कि राज्य सरकार ने अपने वादे के मुताबिक ऐसे किसानों को राहत दी है, जो बैंक ऋण की वजह से चिंताग्रस्त रहते थे। राज्य के करीब 04 लाख 73 हजार से ज्यादा किसानों के 50 हजार रुपये तक के ऋण माफ किये जा चुके हैं। इस मद में सरकार द्वारा 1900 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि बैंकों को दी गयी है। विदित हो कि 2021-22 में सरकार ने किसानों को राहत देने के मकसद से 50 हजार रुपये तक की राशि के ऋण को माफ करने की घोषणा की थी। अपने वादे के मुताबिक सरकार ने वैसे सभी आवेदनों का निष्पादन कर लिया है, जिनकी केवाईसी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि बहुराज्यीय भूमि सहकारी विकास बैंक समिति, पटना के 10 हजार ऋणी किसानों के कर्ज माफ करने पर विचार किया गया। लोन लेनेवाले एससी/एसटी और कमजोर वर्ग के किसानों के ऋण माफ किये जाने का निर्णय भी बैठक में लिया गया। साथ ही, देवघर को-ऑपरेटिव ग्रेन बैंक, लिमिटेड, देवघर द्वारा 14 हजार 346 ऋणी किसानों के कर्ज को भी माफ करने पर विचार किया गया। श्री बादल ने सभी बैंकों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वैसे किसानों के खाते, जो एनपीए हो चुके हैं, उन खातों को बंद करने के लिए राज्य सरकार के पास प्रस्ताव भेजें, ताकि किसानों को ऋणमुक्त किया जा सके। श्री बादल ने कहा कि ऐसे ऋणी, जिनकी मौत हो चुकी है तथा जिनके खाते एनपीए हो गये हैं, वैसे किसानों के लिए सक्षम साक्ष्य प्रस्तुत करने के उपरांत उन्हें भी बिना केवाईसी के लाभुकों की श्रेणी में शामिल किया जायेगा।
बैठक में मुख्य रूप से विकास आयुक्त अविनाश कुमार, योजना एवं विकास विभाग के प्रधान सचिव मस्तराम मीणा, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दिकी सहित राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## झारखंड के लातेहार में बड़ी रेल दुर्घटना, 03 की मौत, 04 घायल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
**लातेहार** : लातेहार जिले के कुमंडीह स्टेशन के पास शुक्रवार की रात भीषण रेल हादसा हुआ है। इस दुर्घटना में 03 यात्रियों के मरने की सूचना है। वहीं, 04 लोग घायल हुए हैं।
मिली जानकारी के अनुसार बनारस-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस जैसे ही कुमंडीह स्टेशन के पास पहुंची, किसी ने हल्ला मचा दिया कि ट्रेन के इंजन में आग लग गयी है।
अफवाह आग की तरह फैली और इसे सुनने के बाद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गयी। यात्री ट्रेन से उतर कर भागने लगे। इसी दौरान अचानक विपरीत दिशा से एक मालगाड़ी आ गयी, जिसकी चपेट में कई यात्री आ गये। प्रारम्भिक



जानकारी के अनुसार इस घटना में 03 लोगों की मौत हुई है। वहीं, 04 लोग घायल हुए हैं। घटना की आधिकारिक पुष्टि विभाग ने कर दी है। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि मृतकों और घायलों की संख्या ज्यादा है।
घटना की जानकारी मिलने के बाद बरवाडीह से रेलवे के अधिकारी मौके के लिए रवाना हो गये। दुर्घटना में जख्मी लोगों का इलाज स्थानीय स्तर पर कुछ चिकित्सा की समझ रखनेवाले लोग करने में जुट गये। मौके पर भगदड़ मची हुई है। लोगों के क्रन्दन से माहौल गमगीन हो गया है।

### गृहमंत्री ने जम्मू-कश्मीर पर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की बैठक

**नयी दिल्ली** : केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर जम्मू-कश्मीर के हालात की समीक्षा की। सूत्रों के मुताबिक गृहमंत्री ने इस दौरान 16 जून को नॉर्थ ब्लाक में जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा और अमरनाथ यात्रा की तैयारियों के लिए बैठक बुलाने के भी निर्देश दिये। इस बैठक में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, केन्द्रीय गृह सचिव, सेना, पुलिस, जम्मू-कश्मीर प्रशासन और गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी बैठक में भाग लेंगे।

## आईपीएल सटोरिये के यहां मिला 15 करोड़ कैश, रातभर मशीन ने गिने नोट



एजेंसी
**उज्जैन** : उज्जैन पुलिस ने मुसद्दीपुरा में शुक्रवार को आईपीएल का ऑनलाइन सट्टा खिलानेवालों के यहां बड़ी छापामार कार्यवाई की है। यहां से करीब करीब 15 करोड़ रुपये जब्त किये हैं। यहां बैंक की नोट गिनने की मशीन रातभर लगी रही। इस पूरे मामले में तीन सटोरिये भी गिरफ्तार हुए हैं। उज्जैन पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने शुक्रवार सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस में खुलासा किया है कि पुलिस को गुरुवार रात गुप्त सूचना मिली थी कि मुसद्दीपुरा के पीयूष चोपड़ा नामक सटोरिये के घर अकूत सम्पत्ति जमा की जा रही हैं। इसके बाद नीलगंगा थाने की पुलिस और क्राइम ब्रांच को अलर्ट किया गया। इसके बाद संयुक्त रूप से दोनों ने वहां छापेमारी की। यहां नोटों का अम्बार देख कर पुलिस भी दंग रह गयी और जानकारी मिलने के बाद इसी के एक और मकान कृष्णा पार्क में भी छापा मारा गया। वहां पर भी नोटों ● शेष पृष्ठ 11 पर

## बीएसएफ की सेवा तारीफ के काबिल उनकी सेवा को सलाम : उपराष्ट्रपति



एजेंसी
**जैसलमेर** : उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने दौरे के दूसरे और आखिरी दिन अपनी पत्नी के साथ एक सैनिक सम्मेलन में हिस्सा लिया। धनखड़ ने बीएसएफ की उसकी सेवाओं की सराहनी की और उन्हें सलाम किया।
उपराष्ट्रपति धनखड़ दो दिन के दौरे पर जैसलमेर में प्रवास पर हैं। शुक्रवार को यहां सम रोड स्थित सीमा सुरक्षा बल की 154वीं बीएन बटालियन परिसर में आयोजित सैनिक सम्मेलन में धनखड़ ने कहा, ₹बीएसएफ जो सेवा कर रही है, वह तारीफ के काबिल है। जवान सीमाओं पर प्रथम पंक्ति में खड़े रह कर सुरक्षा का जिम्मा सम्भाल रहे हैं। ● शेष पृष्ठ 11 पर

### सीबीआई ने घूसखोरी के दो मामलों में तीन को किया गिरफ्तार

**नयी दिल्ली** : केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने घूसखोरी आरोप में दो अलग-अलग मामलों में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एक मामले में नानपारा, बहराइच (उत्तर प्रदेश) के लेखा कार्यालय के डाक सहायक को गिरफ्तार किया है। दूसरे मामले में उत्तर रेलवे, लखनऊ स्थित आलमबाग स्टोर डिपो के मुख्य डिपो सामग्री अधीक्षक (सीडीएमएस) एवं आरपीएफ के एएसआई को गिरफ्तार किया है।

## कुवैत अग्नि त्रासदी में मारे गये 45 भारतीयों के शव भारत लाये गये

एजेंसी
**नयी दिल्ली** : कुवैत में आग लगने की घटना में मारे गये 45 भारतीयों के शव शुक्रवार को वायुसेना के एक विशेष विमान भारत लाये गये। विमान शुक्रवार को दोपहर कोच्चि पहुंचा, जहां केरल के मुख्यमंत्री पिन्नराई विजयन, विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह, केन्द्रीय मंत्री सुरेश गोपी और अन्य मंत्रियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।
मृतकों में केरल से 23, तमिलनाडु से 07, आंध्र प्रदेश से 03, उत्तर



प्रदेश से 03, ओडिशा से 02 और बिहार, पंजाब, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, झारखंड और हरियाणा से एक-एक हैं। भारतीय दूतावास के अनुसार कुवैत के मंगफ शहर में बुधवार को एक छह मंजिला इमारत में भीषण आग लग गयी थी, जहां ● शेष पृष्ठ 11 पर

## भारतीय सेना को पहले बैच में मिले 120 स्वदेशी आत्मघाती ड्रोन 'नागस्त्र'

एजेंसी
**नयी दिल्ली** : भारतीय सेना को नागपुर की कम्पनी ने 120 स्वदेशी आत्मघाती ड्रोन 'नागस्त्र' का पहला बैच सौंप दिया है। भारतीय सेना ने आपातकालीन खरीद शक्तियों के तहत 480 लोइटर म्यूनिशन की आपूर्ति के लिए सोलर इंडस्ट्रीज के इकोनॉमिक्स एक्सप्लोसिव्स लिमिटेड (ईईएल) को ऑर्डर दिया है। प्री-डिलीवरी निरीक्षणों के सफल समापन के बाद ईईएल ने सेना के गोला-बारूद डिपो को 120 लोइटर म्यूनिशन वितरित किये हैं।

- आपातकालीन खरीद शक्तियों के तहत 480 लोइटर म्यूनिशन के दिये गये हैं ऑर्डर
- आतंकी लॉन्च पैड, घुसपैठियों और दुश्मनों के ट्रेनिंग कैम्प पर हो सकेंगे सटीक हमले



भारतीय सेना को घरेलू स्तर पर निर्मित आत्मघाती ड्रोन का पहला बैच प्राप्त हुआ है, जिसे नागस्त्र-1 के नाम से जाना जाता है। स्वदेशी लोइटरिंग म्यूनिशन को आत्मघाती ड्रोन नागस्त्र-1 के रूप में भी जाना जाता है। इसे नागपुर की कम्पनी सोलर इंडस्ट्रीज ने विकसित किया है। भारतीय सेना ने आपातकालीन खरीद शक्तियों के तहत 480 लोइटर म्यूनिशन की आपूर्ति के लिए सोलर इंडस्ट्रीज की इकोनॉमिक्स एक्सप्लोसिव्स लिमिटेड (ईईएल) को ऑर्डर दिया है। इसमें पहले बैच के रूप में 120 लोइटर म्यूनिशन सेना के गोला-बारूद डिपो को सौंप दिये हैं।
यह एक ही आत्मघाती ड्रोन दुश्मन के इलाके में घुस कर तबाही मचा सकता है। जीपीएस से लैस यह ड्रोन दो मीटर की दूरी पर सटीकता के साथ हमला कर सकता है। नौ किलोग्राम वजन वाले मैन-पोर्टेबल फिक्स्ड-विंग इलेक्ट्रिक यूएवी की क्षमता 30 मिनट की है। मैन-इन-लूप रेंज 15 किलोमीटर और ऑटोनॉमस मोड रेंज 30 किलोमीटर है। इसका इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन सिस्टम कम ध्वनिक संकेत प्रदान करता है। इससे 200 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर दुश्मन इसे पहचान नहीं पाता। इसे आसानी के साथ जमीन से लॉन्च किया जा सकता है। यह 1.5 किलोग्राम विस्फोटक वारहेड ले जाने में सक्षम है और 15 किमी. तक निगरानी करके आसानी से लक्ष्य भेद सकता है। इससे आतंकी लॉन्च पैड, घुसपैठियों और दुश्मनों के ट्रेनिंग कैम्प पर सटीक हमले किये जा सकेंगे।

### टीएसपीसी के तीन नक्सली गिरफ्तार, हथियार बरामद

**चतरा/रांची** : चतरा जिले की कुंदा थाना पुलिस ने तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के तीन नक्सलियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। इनमें मनोज गंझु, महेन्द्र गंझु और छोटू भुईंया उर्फ पंडित शामिल हैं। इनके पास से एक इंसास रायफल लोडेड, तीन मैगजीन, 161 रांउड गोली, एक एसएलआर लोडेड, दो मैगजीन, 164 रांउड गोली और एक एके 47 में मैगजीन के साथ 30 गोली लगा हुआ बरामद किया गया है। चतरा एसपी विकास कुमार पांडेय ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि टीएसपीसी नक्सली संगठन के कमांडर हरेन्द्र गंझू, कुणाल गंझू, इरफान गंझु अपने अन्य सशस्त्र दस्ता सदस्यों ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### श्री गुरु नानक सत्संग सभा में 15 व 16 जून को सजेगा विशेष दीवान

**रांची** : गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा पंचम पातशाह श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी गुरुपर्व के उपलक्ष में कल 15 जून एवं परसों 16 जून को विशेष दीवान सजाया जायेगा। कल 15 जून का पहला दीवान सुबह 8:00 बजे से 10:30 बजे तक सजेगा तथा रात का दीवान 8:00 बजे से 11:30 तक सजाया जाएगा। 16 जून, रविवार को सजने वाले विशेष दीवान की शुरूआत सुबह 11:00 बजे होगी और समाप्ति दोपहर 3:00 बजे होगी। सभी दीवानों में विशेष रूप से शिरकत करने पहुंचे सिख पंथ के महान कीर्तनी जत्था भाई तवनीत सिंह जी,चंडीगढ़ वाले शबद गायन कर शहर की साध संगत को निहाल करेंगे .इसके अलावा स्त्री सत्संग सभा एवं हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह जी द्वारा शबद गायन किया जाएगा तथा गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी ज्ञानी जीवेंदर सिंह जी द्वारा कथा वाचन होगा .सभा द्वारा तीनों दीवानों की समाप्ति के उपरांत गुरु का अटूट लंगर भी चलाया जाएगा। 16 जून,रविवार को गुरु नानक सेवक जत्था द्वारा गुरुद्वारा साहिब के बेसमेंट में सुबह 11:00 से लेकर शाम 4:00 बजे तक मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया है।

### मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा ने लगाया रक्तदान शिविर




**रांची** : मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा ने विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। पिस्का मोड स्थित युनिवर्सल होण्डा एवं चुट्टू रिंग रोड स्थित गणेशा सिरमिक्स मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सेवा सदन ब्लड बैंक एवं रिम्स ब्लड बैंक के सहयोग से संपन्न हुआ। रक्तदान शिविर मे युनिवर्सल होण्डा मे 36 यूनिट एवं गणेशा सिरमिक्स मे 22 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। कार्यक्रम के संयोजक मंच के रक्तदान प्रभारी विष्णु अग्रवाल एवं प्रवीण अग्रवाल के सफल प्रयास से कार्यक्रम संभव हुआ। मंच के प्रवक्ता राघव जालान ने बताया के कार्यक्रम मे मंच के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल,सचिव सोनित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष स्पर्श चौधरी, राष्ट्रीय रक्तदान संयोजीका नेहा पटवारी, प्रांतीय मंडलीय उपाध्यक्ष विशाल पाडिया, प्रांतीय रक्तदान संयोजक पिंकेश खंडेलवाल, पूर्व अध्यक्ष सुभाष पटवारी, दुमका शाखा अध्यक्ष रमेश अग्रवाल एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### 5157वां माहेश्वरी वंशोत्पति दिवस महेश नवमी पर आयोजन

**रांची** : माहेश्वरी समाज के 5157वां माहेश्वरी वंशोत्पति दिवस महेश नवमी पर के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के द्वितीय दिन रांची सेवा सदन पथ पर स्थानीय माहेश्वरी भवन में शतरंज, कैरम एवं लक्ष्मी नारायण भवन में फॅमिली प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया। शतरंज प्रतियोगिता के संयोजक नयन बोरा एवं हिमांशु चितलांगिया ने बताया कुल 69 प्रतिभागी ने भाग लिया। कैरम प्रतियोगिता के संयोजक उत्सव मंत्री एवं रौनक सारडा ने बताया कुल 86 प्रतिभागी ने भाग लिया। फॅमिली प्रीमियर लीग जिसमे समाज के 8 परिवारों के 5-5 सदस्य के बीच मुकाबला था, कार्यक्रम की मुख्य संयोजिका विनीता बिहानी ने बताया की इस तरह के आयोजन का मुख्य उद्देश्य परिवार के बीच आपसी तालमेल और एकता को बढ़ाना है। सह संयोजक कविता मंत्री, अंकित मंत्री, अंकित काबरा के अनुसार सभी के लिए विभिन्न प्रकार के गेम्स रखे गये 10 साल के बच्चे से लेकर 50 वर्ष से ऊपर वालो के लिए सोच कर गेम्स खिलाये गये, साथ-साथ ऑडीयंस के लिए भी कुछ प्रतियोगिता करवायी गयी। ममता डागा, पूनम राठी श्याम बिहानी, नितेश शारदा, खुशबू साबू एवं युवा संगठन के साथी का सहयोग रहा। महेश नवमी महोत्सव कार्यक्रम सयोजक रुपेश काबरा, नीरज चितलांगिया, ममता डागा, सुस्मिता सोमानी, आकाश चितलांगिया, नितेश सारडा, मीडिया प्रभारी अशोक साबू, रश्मि कोठारी मालपानी ने बताया सभी विजेता को 16 जून संस्कृतिक प्रोग्राम में पुरस्कृत किया जायेगा।

---

### विधानसभा निर्वाचन में स्वच्छ मतदाता सूची प्रदान करने की कवायद

# बीएलओ सुपरवाइजर घर-घर जाकर बीएलओ के कार्यों का करें सत्यापन : सीईओ

- मतदाता सूची से शिफ्टेड, डुप्लीकेट एवं मृत मतदाताओं का नियमानुसार विलोपन करें सुनिश्चित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने लोकसभा चुनाव में मतदाताओं द्वारा प्राप्त शिकायतों के निराकरण के निमित्त की जा रही कार्रवाई हेतु सभी जिलों के निर्वाचन सम्बन्धी पदाधिकारियों के साथ निर्वाचन सदन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि लोक सभा निर्वाचन के दौरान मतदाता सूची से गलत विलोपन की कुछ शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनका नियमानुसार सत्यापन करते हुए कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप के आवंटन के क्रम में बनायी गयी एएसडी सूची से मिलान करते हुए मतदाता सूची से शिफ्टेड, डुप्लीकेट एवं मृत मतदाताओं का नियमानुसार विलोपन करें। अभी भी जिन मतदाताओं के पास पुराना लेमिनेटेड मतदाता पहचान पत्र है, उसे बदलते हुए नये रंगीन मतदाता पहचान पत्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाये। साथ ही, किसी भी कारण अब तक छूटे मतदाताओं को भी मतदाता सूची से जोड़ने का कार्य किया जाये।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि विधानसभा चुनाव सन्निकट है, इस हेतु पदाधिकारी अपने क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए स्वच्छ मतदाता सूची के निर्माण कार्य की प्रक्रिया को गति दें। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार सभी बीएलओ सुपरवाईजर घर-घर जाकर बीएलओ द्वारा किये गये कार्यों का सत्यापन करें। बीएलओ द्वारा सत्यापित घरों में से 10% घरों का बीएलओ सुपरवाइसजर भौतिक सत्यापन करें एवं मुख्यालय द्वारा दिये गये स्टिकर चिपकायें।

श्री कुमार ने कहा कि 01 जुलाई से मुख्यालय के पदाधिकारी जिलों का भ्रमण करेंगे। इस दौरान जिला कार्यालय द्वारा मतदाता सूची को स्वच्छ बनाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बताये गये मापदंडों के अनुरूप किये गये कार्यों की समीक्षा करेंगे। इस अवसर पर ओएसडी गीता चौबे, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के पदाधिकारी मौजूद थे। वहीं, बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी विधानसभा क्षेत्रों के एईरओ, आरओ, कम्प्यूटर ऑपरेटर, हेल्प डेस्क मैनेजर सहित जिलों में निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारी एवं कर्मी जुड़े थे।

---

## 'नमामि स्वर्णरेखा' के तहत होगा विशेष कार्यक्रम का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : 16 जून 2024-गंगा दशहरा के पावन अवसर पर, स्वर्णरेखा नदी के संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जोहार स्वर्ण रेखा ,'नमामि स्वर्णरेखा' के तहत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में गंगायात्री पीयूष पाठक सैकड़ों पर्यावरण प्रेमियों के साथ स्वर्णरेखा नदी के लिए दौड़ लगाएंगे और बड़ा तालाब के छठ घाट पर बनारस के सात आचार्यों के साथ गंगा आरती करेंगे।

कार्यक्रम का उद्देश्य और महत्व

गंगा दशहरा का पर्व भारतीय संस्कृति में नदियों की महत्ता को दशार्ता है। मोक्षदायिनी गंगा और इसके प्रतिरूप नदियां आज स्वयं के उद्धार के लिए भागीरथी की प्रतीक्षा कर रही हैं। इस



पावन अवसर पर 'नमामि स्वर्णरेखा' पहल के तहत आयोजित दौड़ का उद्देश्य नदियों और तालाबों की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक संकल्प लेना है।

कार्यक्रम विवरण

दिनांकः16 जून 2024, रविवार

समयः सुबह 8: 00 बजे से सुबह 10 बजे तक

स्थानः जयपाल सिंह स्टेडियम से स्वर्णरेखा एवं हरमू नदी के संगम, चुटिया तक

गंगा आरती : संध्या 6:30 बजे से 8:30 बजे तक, बड़ा तालाब के छठ घाट पर, बनारस के सहयोगी सात आचार्यों के साथ

पीयूष पाठक का नेतृत्व

इस पहल का नेतृत्व कर रहे पीयूष पाठक एक जाने-माने गंगायात्री हैं। उनके पिता 'रोटी बैंक , राँची ' के तहत से झारखण्ड के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स परिसर में विगत साढ़े चार बर्षो से प्रत्येक दिन जरूरतमंदों को भोजन कराते है।

पीयूष पाठक ने कहा, नदियों और तालाबों की स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना हमारा नैतिक दायित्व है। इस पहल के माध्यम से हम नदियों के संरक्षण और पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने का संकल्प लेते हैं।

---

## छात्रों को छात्रवृत्ति समय पर उपलब्ध मिले : दीपक बिरूआ

**मंत्री ने कहा**

- साइकिल वितरण निर्धारित समय में पूर्ण करें
- मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के लम्बित आवेदन का एक सप्ताह में निष्पादन हो



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना सरकार की महत्त्वाकांक्षी योजना है। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं हो। निगम स्तर लम्बित आवेदनों का निष्पादन एक सप्ताह के अंदर करें। साथ ही, जिला स्तर पर आवेदनों की अनुशंसा की गति को तेज करें। इसमें आ रहीं सभी बाधाओं को दूर कर युवाओं के स्वरोजगार के मार्ग को प्रशस्त करें। ये बातें मंत्री दीपक बिरूआ ने कहीं। मंत्री शुक्रवार को रांची स्थित अपने आवासीय कार्यालय में आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा को निर्देश दे रहे थे। मंत्री ने कहा कि इसकी सतत निगरानी होनी चाहिए, ताकि स्वरोजगार के लिए बढ़ रहे युवाओं को लाभ दिया जा सके।

**साइकिल वितरण पूर्ण करें, छात्रवृत्ति समय पर मिले**

**मंत्री** ने कहा कि स्कूली बच्चों को साइकिल वितरण योजना से आच्छादित करें। तय समय पर बच्चों को साइकिल मिलना चाहिए। वर्ष 2023-24 में जो साइकिल वितरण किया जाना है, वह तय समय के अन्दर होना सुनिश्चित करें। मंत्री ने कहा बच्चों को छात्रवृत्ति ससमय उपलब्ध कराने में कोई कोताही नहीं होनी चाहिए, अड़चनों को दूर कर छात्र हित में कार्य करना है।

**वाद्य यंत्रों का वितरण लम्बित नहीं रहे**

**मंत्री** ने कहा धुमकुड़िया केन्द्रों में जिला स्तर पर जिन वाद्य यंत्रों का वितरण किया जाना है, उसकी स्थिति क्या है, इस पर आदिवासी कल्याण आयुक्त ने बताया कि वितरण जिला स्तर पर होगा। वाद्य यंत्रों को क्रय करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जायेगी। मंत्री ने उन्हें जल्द से जल्द से प्रक्रियाओं को पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं।

---

## डॉ. पूर्णिमा केडिया के निधन पर मारवाड़ी सम्मेलन व अग्रवाल सभा के पदाधिकारियों ने किया शोक व्यक्त



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : सुप्रसिद्ध लेखिका सह समाजसेवी डॉ पूर्णिमा केडिया के आकस्मिक निधन पर रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन एवं अग्रवाल सभा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने गहरा शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता एवं अग्रवाल सभा के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि डा. पूर्णिमा केडिया सरल मिलनसार, मृदुभाषी धार्मिक विचारधारा वाली महिला थी। पूर्णिमा केडिया मारवाड़ी कॉलेज की हिंदी विभाग की विभागीयध्यक्षा रह चुकी है। तथा उन्होंने कई किताबें एवं कविताओं का लेखन किया है। वे मारवाड़ी महिला समिति सहित कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़ी हुई थी। उनकी शालीनता स्पष्टवादिता, सरलता और समाज के प्रति समर्पण पूरा समाज हमेशा याद रखेगा।

---

### शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की चार दिवसीय राष्ट्रीय शैक्षिक कार्यशाला सह अभ्यास वर्ग का शुभारम्भ

## सरकार व समाज के समन्वित प्रयासों से ही शिक्षा नीति का पूर्ण क्रियान्वयन सम्भव : अतुल कोठारी




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास का लक्ष्य देश की शिक्षा को नया विकल्प देना है। यह सिर्फ.नारा नहीं है, न्यास कोई भी बात करता है वो पहले प्रत्यक्ष अनुभव करता है उसके बाद बोलता है और यही भारतीय पद्धति व परम्परा है। हमारा सौभाग्य है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 आयी जो देश का भविष्य बदलने वाली है। यह बात शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव डॉ अतुल कोठारी ने सरला बिरला विश्वविद्यालय में आयोजित न्यास की राष्ट्रीय शैक्षिक कार्यशाला सह अभ्यास वर्ग के उद्घाटन सत्र में कार्यशाला की भूमिका रखते हुए कही। उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व को प्रतिपादित किया है। भारतीय ज्ञान परम्परा सुखमय जीवन जीने की सुंदर राह दिखाती है। प्रतिवर्ष होने वाली यह राष्ट्रीय शैक्षिक कार्यशाला को इस वर्ष अभ्यास वर्ग का स्वरूप दिया गया है। देशभर से आये कार्यकताओं की इस चार दिवसीय कार्यशाला सह अभ्यास वर्ग में निश्चित रूप से सकारात्मक सहभागिता रहेगी जिसके पश्चात न्यास के देशव्यापी कार्य को गति मिलेगी। देश के जिम्मेदार नागरिक होने के नाते शिक्षा नीति का पूर्ण क्रियान्वयन हमारा दायित्व है।

---

## समस्त कल्याण गुण सम्पन्न श्रीवेंकटेश्वर के कल्याणोत्सव की हुई तैयारी शुरू



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव 21 जून से प्रारंभ होने जा रहा है और यह 23 जून तक चलेगा। इसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही है। श्रीश्रीनिवास-पद्मावती के मंगलमय विवाहोत्सव को लेकर साज सज्जा एवं विविध कार्यों का शुरूआत हो चुका है। मंदिर संचालन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष श्री रामअवतार नारसरिया ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष के महोत्सव को भी हर्षोत्फुल हृदय से पूरे धूमधाम के साथ मनाया जायेगा । वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव समारोह के सारे आयोजित कार्यक्रम जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्रीस्वामी अनिरूद्धाचार्य जी महाराज के सान्निध्य में संपन्न होगा। नगर के इस प्रसिद्ध महोत्सव में मंदिर एवं श्रीभगवान के विवाह स्थल- स्वामी भगवान दास सतसंग हॉल के सजावट के लिए कलकत्ता से प्रशिक्षित कारीगरों की टोली रांची पहुंच गयी है।

---

## सीसीएल के गांधी नगर रांची स्थित सेंट्रल हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : शुक्रवार को 'विश्व रक्तदाता दिवस' के अवसर पर सीसीएल के गांधी नगर स्थित सेंट्रल हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन गांधीनगर सीएमएस प्रभारी डॉ. सुशील कुमार ने किया। इस विशेष अवसर पर डॉ. आर.के. सिंह, सीएमओ एडमिन, जीएनएच, डॉ. अनिता कुमारी, डॉ. खुशबू सरन, डॉ. श्रीमयी मुखर्जी, डॉ. मोहना मंडल, और कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस शिविर में 37 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर में पुरुष-महिलाएं सहित कुल 37 लोगों ने अपना रक्तदान किया। इस रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध कराना एवं जन-जन में रक्तदान के लिए जागरूकता बढ़ाना था। रक्तदान एक महत्वपूर्ण और जीवनरक्षक कार्य है। रक्त की कमी से पीड़ित मरीजों को जरूरत के समय जीवन प्रदान करती है, इस प्रकार रक्तदान करके हम समाज के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। रक्तदान महादान होता हैं, इससे न केवल मरीजों को लाभ होता है, बल्कि रक्तदाता को भी कई लाभ होते हैं। रक्तदान करने से रक्त का नया संचरण होता है, जिससे शरीर स्वस्थ रहता है। इस प्रकार, रक्तदान शिविर का आयोजन एक महत्वपूर्ण कार्य है जो मरीजों और रक्तदाताओं दोनों को लाभ पहुंचाता है। हम सभी को इस कार्य में भाग लेकर समाज की सेवा करनी चाहिए। शिविर के सफल आयोजन में गांधीनगर अस्पताल के चिकित्सकों, तकनीशियनों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस तरह सीसीएल न केवल देश को ऊर्जा जरूरतों को सुनिश्चित कर रहा है, बल्कि सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के लिए भी कृतसंकल्पित हैं।

---

### बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**रांची** : रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के रांची आगमन पर सर्वप्रथम बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात मेंन रोड स्थित परमवीर अल्बट एक्का चौक पर माल्यार्पण किया। दीपा टोली स्थित शहीद स्मारक जाकर देश के लिए बलिदान देने वाले वीर सपूतों को अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित की। साथ ही रांची में आयोजित विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए।

---

## भारतीय रौनियार वैश्य महासभा ने रक्त दान शिविर का किया आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : शुक्रवार को रेड क्रास मोरहाबादी में अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा के द्वारा रक्त दान शिविर का आयोजन हुआ। इस आयोजन में टंडवा, रांची,पतरातु से लोग आकर रक्तदान किया।करीब 15 से20 लोगों ने रक्तदान किया और कुछ लोगों ने करवाया, रक्त दान शिविर रेडक्रास,में हमेशा एक दो माह में हम करवाते रहते हैं, रांची और आसपास के गांवों में हमेशा आये दिन दुर्घटना होती रहती है।और दुर्घटना में हमेशा रक्त कि जरुरतें पड़ते रहती है और रांची में कुछ संस्थाएं एसी है जहां रक्त लेने के लिए बहुत तरह के फार्म भरवाते है ,और अधिक चार्ज भी लेते हैं, लेकिन हमारी संस्था कम कीमतों पर और बिना लाप लपेट के तुरंत रक्त मुहिया कराते हैं,अगर कोई भी बल्ड कभी उस ग्रुप का नहीं रहने पर हम उसे भी कहीं से भी उपलब्ध कराने कि कोशिश कराते हैं, रक्त दान महा दान है आपके एक युनिट ब्लड दान देने से तीन लोगों कि जाने बचती है। वहीं महासचिव अशोक कुमार गुप्ता ने कहा रक्त दान शिविर में लोगों ने आकर अपना रक्त दान किया ,उन सभी भाईयों को हृदय से नमन वंदन और अभिनंदन करते हैं,और जिन लोगों ने आकर साथ दिया उन सभी भाईयों को भी धन्यवाद देते है।

---

# राजधानीवासियों को पानी दिलाने की मांग को लेकर पीएचडी कार्यालय का किया घेराव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : भीषण गर्मी में जल संकट से मछली की तरह चटपटाती हुई राजधानीवासियों को पानी दिलाने की मांग को लेकर पी.एच.डी कार्यालय का घेराव किया एवं तालाबंदी कर गेट पर चूड़ी टांग दी गई। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत आज में मेकन चौक से पी.एच.डी कार्यालय तक मार्च किया गया, मार्च पी. एच.डी कार्यालय पहुंचने के तत्पश्चात सभा में तब्दील हो गई, एवं पी.एच.डी कोई भी पदाधिकारी बात करने के लिए नहीं आए तो, मजबूरन पी.एच.डी गेट पर ताला बंद किया गया, एवं चूड़ियां टांग दी गई। इस प्रदर्शन का नेतृत्व राष्ट्रीय युवा शक्ति की केंद्रीय अध्यक्ष उत्तम यादव ने किया। केंद्रीय अध्यक्ष उत्तम यादव ने कहा राजधानी रांची के लोग पानी के लिए तड़प रहे हैं पीएचडी विभाग एवं यहां के माननीय को इससे कोई मतलब नहीं है आज राजधानी के सैकड़ो गली




मोहल्ले ऐसे हैं जहां पूरी रात पानी के लिए महिला, पुरुष, छोटे-छोटे बच्चे एवं बुजुर्ग पानी के लिए रात जागी कर रहे हैं आज राजधानी रांची वासियों को नल का जल के माध्यम से जो सप्लाई पानी मिल रही है वह पूरी तरह गंदी है सप्लाई नल का पानी का खुलने का कोई समय नहीं है पी.एच.डी विभाग प्रत्येक दिन अखबार के माध्यम से समय बताएं कि किस एरिया में कितना बजे नल का जल मिलेगा। आज राजधानी रांची में जुडको द्वारा दर्जनों की संख्या में पानी का बड़ा-बड़ा टंकी बनाई जा रही है आधा दर्जन से ज्यादा पानी की टंकी बनकर तैयार है पाइपलाइन बिछ चुकी है लेकिन रांची के बड़ी आबादी को पानी कब नसीब होगा या तो पीएचडी विभाग एवं माननीय ही बता सकते हैं, आज राजधानी के जितने भी माननीय हैं उन्हें रांची की जनता से कोई मतलब नहीं है उन्हें सिर्फ वोट से मतलब है जिस राजधानी के राज गठन से लेकर आज 24 वर्षो तक लगातार झोला भर भर कर वोट दिया मंत्री बनाया। उन्हें भी जनता से कोई मतलब नहीं है आज डेम में 25 फीट से लेकर 30 फीट तक का गाद भर चुका है बरसात के दिनों में डेम कैसे भरे इसकी चिंता किन्हीं को नहीं है कोई सुनने वाला नहीं है लगता ही नहीं है कि रांची के लोग राजधानी में रहते हैं ' आज रांची नगर निगम के द्वारा राजधानी रांची के विभिन्न वार्डों के गली मोहल्ला में टैंकर से पानी की सप्लाई की जाती है परंतु वह पानी सड़ी हुई पानी की सप्लाई की जा रही है ' पीएचडी विभाग एवं माननीय का कोई निर्णय नहीं लिया जाता है आने वाले दिनों में जल संसाधन संसाधन मंत्री एवं रांची के माननीय विधायक का आवास का घेराव किया जाएगा, और तब भी नहीं जाएगी तो मजबूरन रांची की जनता एवं झारखंड की जनता सड़कों पर उतरकर झारखंड बंद बुलाएंगे। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से रंजन माथुर, उमेश साहू, नीतेश वर्मा, शैलेश नंद तिवारी, सावन लिंडा, वीरेंद्र गोप, आर्यन मेहता, महावीर नायक, दिवस महतो, विजय तिर्की उर्फ गुड्डू, दुलारी देवी, लक्ष्मी देवी, ममता कुमारी, सुमन सिंह, प्रदीप चौधरी, रोहित यादव, निखिल गुप्ता, सोनू गुप्ता, नीरज गुप्ता, आर्यन कुमार, युवराज सिंह, आदित्य सिंह, शुभम विश्वकर्मा, सूरज सिंह, सोनू चौधरी, शुभम गुप्ता, चंदन वर्मा, विष्णु खलखो, अंश श्रीवास्तव, निहाल पांडे, निखिल श्रीवास्तव, सूरज वर्मा, पवन सिंह, विक्की कच्छप, संजय तिवारी, रिंकू कर्मकार, विवेक गुप्ता, मन्नू चौधरी, निक्की कुमार विशाल साहू, आर्यन गुप्ता,विवेक गुप्ता राजेश वर्मा अमित कर्मकार राहुल कुमार संजय घोष अनुराग तिर्की, निधि पटल, पुष्पा देवी, सिमी कुमारी, निकिता देवी, रूपा देवी, कौशल्या देवी, सुनीता टोप्पो, पुष्पा देवी, आकाश तिर्की, शाहित बड़ी संख्या में सदस्य घेराव कार्यक्रम में शामिल हुए।

---

## भयमुक्त होकर करें व्यवसाय, सरकार देगी पूरी सुरक्षा : मंत्री बन्ना गुप्ता



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : रांची के पंडरा स्थित न्यू पंचवटी ज्वेलर्स प्रतिष्ठान में अपराधियों द्वारा डकैती की घटना की जानकारी के बाद स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन मंत्री बन्ना गुप्ता ने आज पीड़ित दुकानदार और उनके परिजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। घटना की जानकारी लेने के बाद मौके पर उपस्थित सिटी एसपी को उन्होंने निर्देश दिया कि जल्द से जल्द मामले का उदभेदन कर अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजे। साथ ही पुलिस गश्ती बढ़ाने, अपराधियों पर नकेल लगाने,नशाखोरी रोकने, रात्रि गश्ती तेज करने और अपराधमुक्त रांची बनाने हेतु विशेष अभियान चलाने का भी निर्देश दिया। धनबाद के सरायढेला थाना अंतर्गत संजय अग्रवाल के घर चोरी की घटना का भी संज्ञान लेते हुए धनबाद के वरीय पुलिस अधिकारीयों से फोन पर बात कर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष दिशा निर्देश स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने दिया।

## एक झलक

### टमाटर से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटी

**चौपारण** : प्रखंड दनुवा घाटी स्थित महानेतांड मे टमाटर से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गयी। ट्रक पलटने से उसमें भरे टमाटर बिखर गये, जिसके बाद स्थानीय और वहां से गुजरने वाले लोगों में टमाटर लूटने की होड़ मच गई। घटना के बाद काफी मात्रा में लोग टमाटर लूट कर ले गए। हालांकि हादसे में ट्रक चालक और उपचालक को किसी तरह की कोई चोट नहीं आई है। मिली जानकारी के अनुसार टमाटर लोड कर ट्रक युपी अमरोहा से कलकत्ता जा रहा था। इसी क्रम मे जैसे ट्रक दनुवा घाटी पंहुचा की अनियंत्रित अचानक हो कर पलट गया, ट्रक में लाखो रुपए का टमाटर लदा हुआ था। जैसे ही ट्रक पलटने की जानकारी आस-पास में रहने वाले लोगों को मिली तो वो भी घटनास्थल पर पहुंच गए। इस दौरान वहां से गुजरने वाले महिलाएं, पुरुष, बच्चे टोकरी और बोरे लेकर मौके पर पहुंच कर उसमें भर भर कर टमाटर को अपने साथ ले गए। कई लोग तो गाड़ी में भरकर टमाटर ले गए। कई लोग बाजार में वही टमाटर लेकर बेचने के लिए बैठे दिखाई दिए। चालक की मानें तो ट्रक में सिर्फ 20 कैरेट टमाटर ही बचा है।

### रामपुर वार्ड का अध्यक्ष हुलास, सचिव कंचन व कोषाध्यक्ष बनी नमिता

**चौपारण** : प्रखंड के रामपुर पंचायत के वार्ड सदस्यों ने उपमुखिया उपेंद्र कुमार के अध्यक्षता में शुक्रवार को बैठक आयोजित किया। बैठक में मुख्य रूप से वार्ड सदस्य संघ के प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार, सचिव रंजीत सिंह के उपस्थिति में रामपुर पंचायत के वार्ड सदस्यों का पंचायत स्तरीय संघ का चयन किया गया। जिसमें उपस्थित अतिथि के साथ पंचायत के वार्ड सदस्यों ने सर्वसम्मति से पंचायत अध्यक्ष हुलास प्रसाद, सचिव कंचन देवी एवं कोषाध्यक्ष नमिता कुमारी का चयन किया। चौपारण वार्ड सदस्य संघ अध्यक्ष एवं सचिव ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था में विकास सहित अन्य सभी कार्यो में वार्ड सदस्यों का अहम भूमिका है। पर अधिकारियों के अनदेखी के कारण हम सभी अपेक्षित हैं। संवैधानिक तरीके से चुनाव आयोग की हर प्रक्रिया में सफल होकर मतदाताओं के मत के मौलिक अधिकार से हम सबों को चयनित किया गया है। इसके लिए हम अपना अधिकार को जाया नही होने देंगे। अपना अधिकार के माध्यम से जनहित में काम करने में हर एक बाधा से मिलकर निपटने का काम करेंगे। मौके पर रामपुर पंचायत के वार्ड सदस्य हुलास प्रसाद, कंचन देवी, मुनेश कुमार, अशोक कुमार राम, नमिता कुमारी, सविता देवी, उपमुखिया उपेंद्र कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### बरही व चौपारण में पेयजल की समस्या को शीघ्र दूर करने का करेंगे प्रयास: विनोद विश्वकर्मा

**बरही** : बरही व चौपारण प्रखण्ड में पिछले लगभग दस वर्षों से क्षेत्र की जनता पेयजल आपूर्ति ठप रहने के कारण पेयजल ही नहीं अपने दैनिक क्रियाओं के लिए भी पानी खरीदकर उपयोग करने के लिए मजबूर हैं आज भीष्ण गर्मी के कारण जल स्तर नीचे चले जाने के कारण अधिकांशत: बोरिंग चापकल कुआं सूख चुका है पूरे क्षेत्र की जनता पानी के लिए त्राहिमाम कर रही है। पिछले 2013 वर्ष में हेमंत सोरेन की सरकार बनने के बाद स्थानीय झामुमो के वरिष्ठ व लोकप्रिय नेता बिनोद विश्वकर्मा के पहल पर तिलैया डैम का पानी बरही चौपारण प्रखण्ड में पेयजल आपूर्ति करने हेतु लगभग साढ़े नौ करोड़ की योजना का शिलान्यास विभागीय कैबिनेट मंत्री द्वारा कराया गया था। परंतु स्थानीय विधायक व सांसद के उदासीन रवैया के कारण तथा विभागीय पदाधिकारीयों एवं संवेदक की लापरवाही के कारण योजना की अधिकांश राशि सरकार द्वारा भुगतान करने के बावजूद अब तक बरही चौपारण की जनता को तिलैया डैम का एक बूंद पानी नसीब नहीं हुआ है। क्षेत्र की जनता जनप्रतिनिधियों से शिकायत करते-करते थक गए और पुन: अपने स्थानीय लोकप्रिय झामुमो के वरिष्ठ नेता विनोद विश्वकर्मा पर आस्था व्यक्त करते हुए शीघ्र पेयजल आपूर्ति के लिए माननीय विभागीय मंत्री मिथिलेश ठाकुर के नाम एक ग्रामीणों का हस्ताक्षर युक्त एक ज्ञापन सौंपा है।

# योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता पर न हो कोई कोताही : उपायुक्त

**बैठक**

- उपायुक्त की अध्यक्षता में डीएमएफटी प्रबंधकीय समिति की बैठक
- डीएमएफटी मद से स्वीकृत योजनाओं की अद्यतन प्रगति की हुई समीक्षा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**हजारीबाग** : डीएमएफटी द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित मौजूद रही। 14 जून को समाहरणालय सभाकक्ष में हुई डीएमएफटी प्रबंधकीय समिति की बैठक में डीएमएफटी मद से स्वीकृत योजनाओं के विरूद्ध कार्यकारी एजेन्सियों को दी गई राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र की स्थिति की जानकारी ली गई। उपायुक्त ने सभी स्वीकृत किए गए योजनाओं के अद्यतन स्थिति व टेंडर प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2023-24 का वार्षिक प्रतिवेदन विभाग को भेजने का निर्देश दिया। हजारीबाग जिलान्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/उप स्वास्थ्य केन्द्र/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में समुचित रोशनी की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु हाई मास्ट लाईट के अधिष्ठापन पर विचार-विमर्श करते हुए मॉडल प्राक्कलन



9,78,100/- रुपए की स्वीकृती प्रदान की गई। 15वीं वित्त आयोग तथा पी०एम० अभीम से नव निर्मित/निर्माणाधीन स्वास्थ्य उपकेन्द्रों के सुरक्षा के दृष्टिकोण से चाहरदिवारी (कैटल ट्रैप गेट सहित) के निर्माण कार्य पर चर्चा करने के उपरांत चरणबद्ध और ज्यादा संख्या में आने वाले मरीजों वाले केन्द्रों में कार्य शुरू करने की स्वीकृति प्रदान की गई। डी०एम०एफ०टी० मद अन्तर्गत विशेषज्ञ चिकित्सकों/चिकित्सा पदाधिकारियों/दन्त चिकित्सकों/स्वास्थ्य प्रबंधकों तथा पारा मेडिकल कर्मियों का ड्यूटि अटेडेन्स डीएमएफटी पीएमयू द्वारा निगरानी हेतु एक अटेंडेन्स ऐपलीकेशन के क्रय पर विचार-विमर्श किया गया। डी० एम०एफ०टी० मद अन्तर्गत विशेषज्ञ चिकित्सकों/चिकित्सा पदाधिकारियों/दन्त चिकित्सकों/स्वास्थ्य प्रबंधकों तथा पारा मेडिकल कर्मियों जिनकी कार्य अवधि एक वर्ष से अधिक हो गई है उन सभी का अवधि विस्तार तथा वेतन पुनरीक्षण एवं नवनियुक्त पारा कर्मियों का शैक्षणिक प्रमाण पत्र के सत्यापन करने का निर्देश दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बरकट्ठा, बरही, ईचाक, तथा विष्णुगढ़ में डेन्टल क्लीनिक तथा डेन्डल उपस्करों के अधिष्ठापन पर उपकरणों का आकलन कर सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, हजारीबाग के अत्यधिक भीड़ वाले यूनिट पर डी०एम०एफ०टी० मद से सिक्यूरीटी गार्ड उपलब्ध कराने को लेकर कहा।

उपायुक्त ने डीएमएफटी मद से नव नियुक्त पारा चिकित्सक कर्मीयों के रिक्त रह गये पदों को प्रतीक्षा सूची से भरने पर विचार-विमर्श कर स्वीकृति प्रदान की। प्रमंडलीय पुस्तकालय (रुक्मणी भवन) हजारीबाग में 15 लाख 52 हजार 800 रु की राशि से ए.सी लगाने पर स्वीकृति प्रदान की गई एवं बिजली विभाग से कोऑर्डिनेटर कर बिजली की पर्याप्त क्षमता की व्यवस्था करने को कहा। उपायुक्त ने 2022-23 और 23-24 का ऑडिट कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हर कार्यों में एजेंसी गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे तथा अपनी जिम्मेवारी सुनिश्चित करें। कार्यपालक अभियंता को नियमित रूप से निर्माण कार्य स्थल का भ्रमण का मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया गया। बैठक में प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बरंगे मौजूद रहे।

## भू-रैयतों ने एनटीपीसी को सौंपा मांगपत्र

**मांगपत्र**

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**केरेडारी** : भू रैयत विस्थापित प्रभावित समिति भदईखाप के द्वारा एनटीपीसी के अधिकारी नीलमाधव स्वाइन को एक लिखित मांगपत्र सौंपा गया है। इस मांगपत्र में भू रैयतों की बनी कमिटी को एनटीपीसी से मान्यता देने, कोयले की ट्रांसपोर्टिंग सड़क के निर्माण में जमीन दाताओं को एनटीपीसी से रोजगार उपलब्ध कराने, समय समय पर पानी के छिड़काव, ट्रांसपोर्टिंग के दौरान होने वाले सड़क दुर्घटनाओं में मुआवजे की राशि का निर्धारण करने की मांग की गई हैं। वहीं, ट्रांसपोर्टिंग सड़क में रोजगार से जुड़े गए भू रैयतों को मानदेय की राशि सुनिश्चित की



जाय व ट्रांसपोर्टिंग सड़क से स्थानीय भू रैयतों को मेडिकल एवं स्वास्थ्य सम्बंधित जांच समय समय करवाया जाये इसके साथ ही पुरे पंचायत का समुचित विकास कराया जाय। मांगपत्र मिलने के बाद एनटीपीसी के अधिकारी नीलमाधव स्वाइन ने कहा की भू रैयतों की मांग जायज है व इनकी मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार किया जायेगा। मौके पर रामेश्वर साव, मो मनोवर, चन्दन कुमार, रितेश कुमार, बिजेंद्र यादव, बिकाश कुमार, ईश्वर यादव, आलम अंसारी, आशिक अंसारी, इदरीश अंसारी, चन्दन कुमार, कृष्णा कुमार, मो सरफराज, सुनील कुमार, राजेश कुमार साव, बिनोद साव, राजकुमार साहू, सुनील कुमार, आशा देवी, शांति कुमारी, जानकी साव पूनम देवी, दयाल साव, सिटन साव, चौहन साव, रीता देवी, अनीता देवी सहित भू रैयत मौजूद थे।

## मुनि श्री प्रज्ञान सागर व प्रसिद्ध सागर महाराज का सम्मेद शिखर में हुआ भव्य मंगल प्रवेश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**हजारीबाग** : परम पूज्य आचार्य गुरुवर श्री 108 विनिश्चय सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिवर प्रज्ञान सागर जी और मुनिवर प्रसिद्ध सागर जी महाराज का हजारीबाग से ९ जून को मंगल विहार सम्मेद शिखर के लिए हुआ था। हजारीबाग से प्रातः 4:30 बजे तीर्थराज सम्मेद शिखर जी के लिए बस प्रस्थान किया ताकि भव्य मंगल प्रवेश तथा गुरु शिष्य मिलन में हजारीबाग की सभी सदस्यों की सहभागिता हो सके और इस पल के लिए साक्षी बन सकें। हजारीबाग से बस इस मंगल प्रवेश के लिए समय से अपने गंतव्य के लिए प्रस्थान की। वहां पहुंचने के बाद उनके आचार्य श्री 108 विनिश्चय सागर जी महाराज से मिलन के बाद पूरी संघ मधुबन से कोलकाता के लिए संध्या में विहार



कर गये। मुनि श्री १०८ प्रज्ञान सागर एवं मुनि श्री 108 प्रसिद्ध सागर जी महाराज के सानिध्य में जो धर्म प्रभावना अभी हजारीबाग में हुई व अकथनीय है। मुनि श्री के प्रवचन से मानव अमृत की झरना निःसृत होती थीं। हर वर्ग बच्चों युवा में धर्म के अंकुर फूट रहे थे। सभी में अत्यंत उत्साह एवं उमंग देखा जा रहा था। महिलाएं भी पूरी उत्साह के साथ सभी कार्यक्रम में भाग ले रही थी। हजारीबाग की धरती धन्य हो गई है कि ऐसे मुनि श्री का प्रवास हम लोगों को प्राप्त हुआ। जो उपलब्धियां हजारीबाग ने इतने कम समय में पाई उसका आंसर वर्षों तक लोगों में अंर्तमन को जागृत करता रहेगा। मुनि श्री के सानिध्य में प्रात से ही धर्म कक्षा, पाठ विधान, गुरु भक्ति, प्रतिक्रमण, जाप आदि कार्यक्रम दिनभर चलते रहते थे। मीडिया प्रभारी विजय लुहाड़िया ने बताया दोनों मुनि श्री में नम्रता और सरलता का व्यवहार, मुनि श्री की वाणी में उनकी महानता का परिचय देता है, मुनि श्री की लीला अद्भुत हैं। सम्मेद शिखर में दिगंबर जैन समाज, हजारीबाग के अध्यक्ष धीरेन्द्र सेठी, महामंत्री पवन अजमेरा कार्यकारिणी सदस्य तथा धर्म प्रेमी बंधू परम पूज्य आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य पूज्य मुनि श्री सुयश सागर जी ससंघ के दर्शन कर हजारीबाग चातुर्मास हेतु श्रीफल समर्पित किया। धर्म नगरी हजारीबाग के प्रशस्त पुण्योदय से एक भव्य एवं ऐतिहासिक चातुर्मास के लिए पूज्य आचार्य श्री के आशीर्वाद सहित मुनि श्री की स्वीकृति प्राप्त दोनों हाथ उठाकर हुई। शीघ्र ही मुनिश्री सुयश सागर जी ससंघ का विहार सम्मेद शिखर से हजारीबाग के लिए होगा।यह सुखद समाचार समाज के सभी वर्गों के लिए उन्नति का कारण बनेगा। इसलिए सभी वर्गअपने-अपने तरीके से इस चातुर्मास को भव्य बनाने में अपना योगदान देने के लिए उत्साहित हैं।

## श्री श्री 108 एकादशी व्रतोद्यापन सह श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ को लेकर निकली कलश यात्रा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बरही** : प्रखंड के बेन्दगी पंचायत अंतर्गत पोड़ैया गांव में श्री श्री 108 एकादशी व्रतोद्यापन सह श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन मसोमात गौरवा देवी पति स्व. प्रभु यादव के द्वारा पांच दिवसीय यज्ञ का आयोजन किया गया है। यज्ञ के पहले दिन कलश यात्रा निकाला गया। कलश यात्रा में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव मुख्य रूप से शामिल हुए। पूर्व विधायक श्री यादव ने महिला को कलश देकर विदा किया। पूर्व विधायक ने एकादशी उद्यापन के पावन अवसर पर एकादशी व्रत धारण करने वाले सभी भक्तगणों पर ईश्वरीय कृपा होने हेतू क्षेत्र की सुख शांति और समृद्धि की कामना किए। कलश पोड़ैया जवाहर घाट पर जलाभिषेक कर पुनः यज्ञ मंडप पहुंचा। इस दौरान पूर्व विधायक



मनोज यादव ने यज्ञ के औचित्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आस्था हमारे धर्म का जीवन पद्धति है। हम यज्ञ के माध्यम से अपनी बुराइयों को त्यागकर अच्छाइयों की ओर अग्रसर होने लगते हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को प्रेरित करते हुए सन्देश दिया कि हम अपनी सांस्कृतिक और धार्मिक भावनाओं का प्रकटीकरण इन्हीं माध्यमों से कर पाते हैं। इसमें लोक कल्याण और सामाजिक उत्थान की भावना सर्वोपरि होती है। उन्होंने यज्ञ की पारंपरिक कर्मकांडों की चर्चा करते हुए कहा कि यज्ञ किसी व्यक्तिगत आस्था का नहीं बल्कि सामूहिक विचारधारा और विश्वकल्याण की भावना का प्रकटीकरण है।

## महुआ से लड्डू बनाने का प्रशिक्षण महिलाओं के लिए होगा वरदान साबित

मनोज कुमार

**कटकमदाग** : कटकमदाग प्रखंड अंतर्गत बानादाग हाई स्कूल परिसर में जैविक खेती के माध्यम से आय वृद्धि महिला किसान समूह के क्लस्टर स्तरीय कौशल विकास पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंद्र नारायण कुशवाहा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन अवसर पर अपने संबोधन में श्री कुशवाहा ने कहा कि आज जहां महुआ से बने चीजों के प्रति लोगों में नकारात्मक सोच को इस प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं में सकारात्मक सोच उत्पन्न होगा, साथ ही यह जागरूकता के क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार होगा। महुवा का लड्डू




कई मामले में खास कर महिलाओं के लिए लाभकारी है, इससे खून की कमी दूर करता है, दांतों का दर्द दूर करता है, कमजोरी दूर करते हुए शरीर में स्फूर्ति लाता है। इस कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक राजकुमार मौर्य ने महिलाओं को बहुत ही बारीकी से महुआ, मडुवा, मकई एवं जैविक खेती के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्रकार महिलाएं काफी अहलादित एवं प्रशिक्षक मंडल को भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए साधुवाद दिया। इस मौके पर अंशु राज मौर्य महेंद्र प्रसाद सुमित्रा देवी अनीता देवी गीता देवी लीलावती देवी शकुंतला देवी के अलावे सैकड़ो महिलाएं उपस्थित थी।

## रक्तदान शिविर में 33 यूनिट रक्त हुआ संग्रह

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**हजारीबाग** : विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर पूरे भारतवर्ष में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए इसी कार्यक्रमों के बीच हजारीबाग के दामोदर घाटी निगम कोनार डैम के सभागार में आरोग्यम अस्पताल के विशेष सहयोग से एकदिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन दामोदर घाटी निगम कोनार डैम के उच्च अधिकारियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात रक्तदान शिविर विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ, रक्तदान शिविर में महिलाओं ने भी बड़ा-बढ़ कर हिस्सा लिया, रक्तदान शिविर में 33 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। दामोदर घाटी निगम कोनार डैम के उच्च अधिकारियों ने कहा की रक्तदान शिविर मानवता का सबसे बड़ा परिचय



देता है हर लोगों को रक्तदान अवश्य करना चाहिए इसी के दृष्टिकोण से सभागार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 33 लोगों ने रक्तदान किया। अस्पताल के निर्देशक हर्ष अजमेरा ने कहा कि रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा दान माना जाता है, हर कोई को रक्तदान अवश्य करना चाहिए मानवता के प्रति हर कोई को साक्षी बनना चाहिए। हर स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान करने के लिए सक्षम रहते हैं उनकी उम्र 18 वर्ष आयु से अधिक एवं 60 वर्ष आयु से कम होनी चाहिए। ब्लड बैंक टीम में डॉ. एस. के. सिंह, मोहम्मद नदीम (ब्लड बैंक प्रभारी), ओम प्रकाश सिंह तकनीशियन, मुन्ना वर्मा तकनीशियन, पंकज कुमार तकनीशियन, किरण कुमारी काउंसलर, राजकुमार ऑफिस बॉय सहित कई लोग मौजूद थे।

## सांसद का धन्यवाद यात्रा पंहुचा विष्णुगढ़ और टाटीझरिया, मतदाताओं का जताया आभार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**हजारीबाग** : हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से पहली बार भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़े हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता ने प्रचंड जनादेश देकर सांसद बनाया। 04 जून को लोकसभा चुनाव का परिणाम घोषित होने के बाद हजारीबाग शहर में विराट विजय जुलूस निकाला गया। जिसके बाद 06 जून को दिल्ली से बुलावा आने पर सांसद बनकर पहली बार दिल्ली के लिए रवाना हुए। जहां वे मोदी सरकार 3.0 के सपथ ग्रहण समारोह में रविवार को शामिल होकर सोमवार को ही कार्यक्षेत्र में लौट गए। मंगलवार को दिनभर



कार्यालय परिसर में लोगों की समस्याओं से अवगत हुए और बुधवार से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत केरेडारी प्रखंड के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मां अष्टभुजी मंदिर और पेटो स्थित बुढ़िया माता मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ धन्यवाद यात्रा की शुरूआत की। गुरुवार को पुनः दिनभर अपने सांसद सेवा कार्यालय में लोगों के बीच बने रहने के बाद शुक्रवार को धन्यवाद यात्रा के साथ सदर विधानसभा और मांडू विधानसभा क्षेत्र पंहूचे और विगत लोकसभा चुनाव में जनादेश देकर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व सौंपने के लिए मतदाताओं का आभार जताया।

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल का धन्यवाद यात्रा शुक्रवार को मांडू विधानसभा क्षेत्र स्थित विष्णुगढ़ प्रखंड पंहुचा तो इस क्षेत्र के लोगों ने गर्मजोशी से गाजे-बाजे के साथ विष्णुगढ आठ माइल पर स्वागत किया। यहां भीड़ के बीच एक दिव्यांग कार्यकर्ता को देख सांसद मनीष जायसवाल ने उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया। यहां से उनका काफिला विष्णुगढ़ हॉस्पिटल पंहुचा तो यहां से सैकड़ों बाइक जत्थे के साथ एनडीए गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने अगुवाई करते हुए बनासो स्थित प्रसिद्ध व पौराणिक मां बागेश्वरी धाम तक पंहुचाया। यहां मां बागेश्वरी के दरबार में माथा टेका और पूजा-अर्चना कर संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

## वर्ल्ड केयर फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने सदर ब्लड बैंक में लगाया रक्तदान शिविर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**हजारीबाग** : विश्व रक्तदाता दिवस पर वर्ल्ड केयर फाउंडेशन ऑफ इंडिया के द्वारा सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में दिन शुक्रवार को रक्तदान शिविर लगाया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ आरोग्यम ब्लड बैंक डॉ नीरज सिंह उज्जैन, सदर ब्लड बैंक प्रभारी डॉ नीरज कुमार एवं टेक्निकल सुपरवाइजर आर खैरी ने रक्तदान कर किया। तथा रक्तदाताओं को हौसला वर्धन कर उनकी उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। शिविर में कुल 36 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। वर्ल्ड केयर फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष कमलेश सिंह ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कर उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की। इस



कार्यक्रम के आयोजन से लोगों को सुरक्षित रक्तदान के बारे में जागरूकता बढ़ाना और स्वैच्छिक रक्तदाताओं के प्रति आभार प्रकट करना था। वर्ल्ड केयर फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सचिव अखौरी ब्रजेश सहाय ने शिविर रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को सहृदय आभार व्यक्त किया। शिविर को सफल बनाने में वर्ल्ड केयर फाउंडेशन ऑफ इंडिया के ऋषभ ऋषि एवं चंद्र कुमार का सरहानीय प्रयास रहा।

मौके पर वर्ल्ड केयर फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष कमलेश सिंह ने कहा कि रक्तदान को महा दान कहा जाता है, क्योंकि इससे लोगों को नया जीवन मिलता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य है कि उन सभी ब्लड डोनेर को शुक्रिया करना है, जो इस कार्य के माध्यम से लोगों को जीवन दे रहे है। लोगों को जागरूक करना बहेद जरूरी है क्योंकि आज भी लोग समझते है कि रक्तदान से कमजोरी आ जाती है, जबकि ऐसा बिल्कुल भी नहीं होता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक ऐसा कार्य है जिससे आप एक बारे में अनेक लोगों को मदद कर सकते है यही नही इसके अपने कई प्रकार के फायदें होते है जैसे रक्तदान करने से अतिरिक्त आयरन के स्तर को कम करने में मदद मिल सकती है।

# मानवीय सेवा के लिए सबसे बड़ा कार्य है रक्तदान शिविर : नैंसी सहाय

**रक्तदान शिविर**


फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**हजारीबाग** : मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा 17 जून को मुनका बगीचा के प्रांगण में एक दिवसीय रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा दूसरी बार आयोजित किया जा रहा है, कार्यक्रम से पूर्व शुक्रवार को मारवाड़ी युवा मंच के पदाधिकारियों ने डीसी नैंसी सहाय से शिष्टाचार मुलाकात की, इस दौरान उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट किया गया, तत्पश्चात 17 तारीख को आयोजित



होने वाले रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर के विषय में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इसके उपरांत पोस्टर लॉन्चिंग हुआ, पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में आने का डीसी नैंसी सहाय को सहर्ष निमंत्रण सौंपा। इस बीच मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा पिछले एक वर्ष में किए गए कार्यों की पुस्तिका भी दी गई। पोस्टर लॉन्चिंग के पश्चात पोस्टर को शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर लगाया लाया, ताकि अधिक से अधिक रक्तदान कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर रक्तदान कर मानवता के प्रति मिसाल पेश कर सकें वही स्वास्थ्य शिविर में भी अधिक से अधिक लोग पहुंच कर अपना निःशुल्क स्वास्थ्य जांच करवा सकें। मौके पर डीसी नैंसी सहाय ने मारवाड़ी युवा मंच के इस कार्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मानवीय सेवा के लिए सबसे बड़ा कार्य है रक्तदान शिविर है, हर लोगों को रक्तदान अवश्य करना चाहिए,रक्तदान शिविर में उपस्थित होकर रक्तदाताओं का हौसला अवश्य बढ़ाऊंगी।मौके पर अध्यक्ष सी.ए विनीत अग्रवाल ने कहा की आगामी 17 तारीख के भव्य कार्यक्रम को लेकर डीसी के हाथों पोस्टर का लॉन्चिंग कराया गया है साथ ही उन्हें कार्यक्रम में बतौर अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक लोग उपस्थित होकर रक्तदान शिविर को सफल बनाएं साथ ही स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाएं। साथ ही कहा की मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा दूसरी बार रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है कार्यक्रम को लेकर समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों में काफी उत्साह है कार्यक्रम ऐतिहासिक रूप से संपन्न होगा साथ ही हजारीबाग के समस्त युवा साथियों से अनुरोध करता हूं कि रक्तदान शिविर में रक्तदान कर मानवता का अवश्य परिचय दें।मौके पर अध्यक्ष सीए विनीत अग्रवाल, उपाध्यक्ष दीपक खंडेलवाल उर्फ मोनू, कोषाध्यक्ष अनिकेत जैन, सौरव गोयल, अभिषेक अग्रवाल उर्फ सोनू एवं रितेश खण्डेलवाल मौजूद थे।

### 51 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता का दिया परिचय




**हजारीबाग** : हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल एवं श्रीनिवास पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट के द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस पर श्रीनिवास ब्लड बैंक में दिन शुक्रवार को रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में डेंटल कॉलेज एवं श्रीनिवास पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट के कई छात्रों ने बढचढ कर अपना सरहानीय योगदान दिया। शिविर में कुल 51 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। मौके पर विशेष रूप से सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास, प्राचार्य डॉ के श्रीकृष्ण, उप प्राचार्य डॉ अंकुर भार्गव, डॉ अली एवं डॉ राम लखन सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे। सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास एवं अन्य गणमान्य लोगों ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कर उनकी हौसला अफजाई किया। मौके पर सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि कई बार ऐसा देखा जाता है कि रक्त के अभाव के कारण कई पीड़ितों का अपना जान गवानी पडती है।

## एक झलक

### 17 वर्षीय किशोर ने की आत्महत्या

**पाथरडीह (धनबाद)**: भौरा थाना क्षेत्र के पार्सियाबाद निवासी विजय साव के मंझिले पुत्र 17 वर्षीय विजय साव ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। आनन-फानन में परिजन और पड़ोसी उसे फंदे से उतार चासनाला सीएचसी लाये, जहां डॉक्टरों ने जांच करने के बाद मृत घोषित कर दिया है। मृतक के पिता प्रदीप साव ने बताया की मेरा पुत्र कोलकत्ता में रहा करता था, जो 15 दिन पहले घर आया था। मै डंफर के खलासी का काम करता हूं, मेरे दो पुत्र व एक बेटी है मृतक मझिल पुत्र था। मामला भौरा थाना का है, पुलिस को घटना की जानकारी दे दी गई है। पुलिस जांच में जुटी है। समाचार लिखे जाने तक कारणों का पता नहीं चल सका है।

### बरारी कोलियरी के स्टोर रूम से डेढ़ लाख रुपये की सम्पत्ति चोरी

**जोड़ापोखर (धनबाद)**: लोदना एरिया अंतर्गत बरारी कोलियरी के स्टोर से चोरो ने ताला तोड़कर डेढ लाख रुपये की कीमत समान की चोरी गुरुवार की बीते रात हुई। कोलियरी प्रबंधक ए शील ने जोड़ापोखर थाना में इस मामले की लिखित शिकायत की है। बताया जाता हैं की बरारी के बन्द सेंटर स्टोर से आए दिन लोह सामग्री की चोरी चोरो द्वारा की जाती हैं। चोरो का सिंडिकेट में आपसी रंजिश में कई बार गोली बारी की घटना भी हो चुकी हैं। पुलिस सूत्रों का कहना है की बीसीसीएल के अधिकारी खुद लोहा चोरी करवाते हैं। इसके बाद जोड़ापोखर थाना में चोरी का मामला दर्ज कराया जाता हैं। कम्पनी के पास सीआईएसएफ जवान की फौज हैं फिर भी चोरी कैसे हो जाता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चोरो के दल ने गुरुवार की रात बरारी कोलियरी के स्टोर में धावा बोलकर डेढ लाख की सम्पति चोरी कर ली है। स्टोर में रखा गया 200 लीटर मोबिल, सहित कुछ लोह सामग्री चोरी की गई हैं। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### अग्निवीर में चयनित छात्रों को संस्थान ने किया सम्मानित

**बाघमारा (धनबाद)** : राजगंज स्थित बीआर क्लासेस संस्थान के तीन छात्र विशाल गोप, विवेक रवानी और समीर रवानी ने वर्ष 2024 में अग्नि वीर में चयनित हुए। इन तीनों को संस्थान द्वारा शुक्रवार को सम्मानित किया गया। संस्थान के शिक्षक बंटी रमानी ने बताया कि यह संस्थान 2018 से निरंतर ऐसे छात्रों को तैयार करता है जो सीआईएसएफ, सीआरपीएफ एवं अन्य जगह में सत प्रतिशत बहाली होती है। सम्मान समारोह में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

### गर्मी में भी बिजली संकट, लोगों ने किया विभाग का घेराव

**धनबाद** : धनबाद विधायक राज सिन्हा के नेतृत्व में शुक्रवार को बिजली सकट से नाराज लोगों ने रणधीर वर्मा स्टेडियम से जुलूस निकाल बिजली विभाग के जीएम कार्यालय पहुंच कर घेराव प्रर्दशन किया। धनबाद विधायक राज सिन्हा जीएम कार्यालय के बाहर धरना पर बैठ गए। विधायक को देख कार्यकर्ता भी जमीन पर बैठकर नारेबाजी करने लगे। विधायक के तेवर देख बिजली विभाग के जीएम भी हिल उठे। अपना कुर्सी छोड कर दोडे दोडे विधायक के पास पहुंचे और बिजली समस्या पर जल्द समाधान का भरोसा दिलाया। तब जाकर धरना और घेराव का कार्यक्रम समाप्त हुआ। इस मौके पर पहुंचे मुकेश पांडेय, सजय झा, श्रवण राय अन्य कार्यकार्ता मौजूद थे।

### पाथरडीह व सुदामाडीह थाना में शांति समिति की बैठक

**पाथरडीह (धनबाद)**: बकरीद पर्व के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर सुदामडीह एवं पाथरडीह थाना परिसर में शुक्रवार की शाम शांति समिति व जनसहयोग समिति की एक बैठक हुई। जिसमें भाई चारे व शांति सद्भावना के साथ बकरीद मनाने का सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया। सुदामडीह थाना में बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी सूरज कुमार रजक ने किया। जबकि पाथरडीह थाना में बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी पवन चन्द्र पाठक ने की।

# नकाबपोश अपराधियों का बांसजोड़ा में तांडव, फैलायी दहशत

प्रदर्शन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद)** : बीसीसीएल के बांसजोडा परियोजना में संचालित डेको कंपनी के व्यू प्वाइंट पर गुरुवार की देर रात अज्ञात नकाबपोश अपराधियों ने वर्चस्व को लेकर दहशत फैलाने के लिए कई राउंड गोलियां चलाई तथा बमबारी की। इस घटना से मजदूरों में दहशत व्याप्त है। बताया जाता है कि बीते रात लगभग 1 बजे डेको कंपनी के व्यू प्वाइंट पर नकाबपोश हथियारबंद अपराधी चार पाँच मोटरसाइकिल से आये और कई बम फेंक साथ ही कई राउंड गोली भी चलाई। बम तथा गोली की आवाज से पूरा क्षेत्र दहल गया। मजदूरों में भगदड मच गई। इस दौरान अपराधी शिफ्ट इंचार्ज गौतम महतो को काम बंद करने की धमकी देते हुए उनके गाड़ी के समीप बम फेंका। जिससे उन्हें कोई क्षति नही पहुंची है। इस घटना को अंजाम देकर सभी अपराधी फरार हो गए। घटना के तुरंत बाद शिफ्ट इंचार्ज श्री महतो ने इसकी सूचना कंपनी प्रबंधक एवं लोयाबाद थाना प्रभारी को दिया। सूचना पाकर थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार, जेएसआई राहुल सिंह, एएसआई सूर्य प्रकाश दुबे, प्रताप उरांव तुरंत घटनास्थल



पहुंचे, तब तक सभी अपराधी फरार हो चुंके थे। पुलिस की टीम ने घटना स्थल की जांच पड़ताल की पर उक्त अपराधियों के बारे में कोई सुराग नहीं मिला। घटना के बाद मजदूरों ने कहा कि आसामाजिक तत्वों द्वारा मजदूरों पर भय दिखाने के लिए यह बमबारी किया गया है, जिसे हम लोग कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। सुरक्षा की गारंटी की मॉग को लेकर काम बंद कर दिया। हालांकि पुलिस के सुरक्षा आश्वासन के बाद काम चालू हुआ। कंपनी प्रबंधन मधु सिंह ने कहा कि यह काफी निंदनीय घटना है इस घटना से सभी मजदूर डरे हुए हैं प्रशासन से सुरक्षा की मांग करते हैं उक्त मामले की शिकायत लिखित रूप में लोयाबाद थाना में किया है। थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार ने कहा कि घटना की सूचना पाकर तुरंत पुलिस बल के साथ रात में घटनास्थल पहुंचकर घटना की जांच पड़ताल किया, बमबारी हुई है गोली चलने की कोई सूचना नहीं है, इस घटना में किसी प्रकार का क्षतिग्रस्त नहीं हुआ है।

मौके पर बम का छोटा-छोटा सुतली पाया गया है, आज दिन में कुछ लोग खोज कर एक जिंदा गोली तथा एक खोखा बरामद कराया है जबकि रात में काफी जांच पड़ताल किए थें परंतु घटनास्थल पर हमलोगों को कुछ भी नहीं मिला था, लिखित शिकायत मिलने के पश्चात मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में स्थायी कुलपति की नियुक्ति अविलम्ब की जाये : आजसू

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : शुक्रवार को अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा एवं प्रदेश महासचिव विशाल महतो के नेतृत्व में राज्यपाल सचिवालय में राज्यपाल के नामित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से अखिल झारखंड छात्र संघ ने प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में स्थायी कुलपति की नियुक्ति जल्द से जल्द करने की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कहा कि राज्य के विनोबा भावे विश्वविद्यालय, बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, कोल्हान विश्वविद्यालय, सिद्धू कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय में स्थाई कुलपति नही है जिससे विश्वविद्यालय




का संचालन सुचारू रूप से नहीं हो पा रही है। विश्वविद्यालय में छात्र हित में अनेकों काम नहीं हो पा रही है चाहे वो प्रवेश से संबंधित हो या परीक्षा और परिणाम से संबंधित हो, सही तरीके से नहीं हो पा रही है। वित्तीय कार्य ठप पड़ा है, एकेडमिक काउंसिल, सीनेट, सिंडिकेट जैसी महत्वपूर्ण बैठक भी समय पर नही हो पा रही है। ससमय शिक्षक एवं कर्मचारियों को वेतन तथा पेंशन नहीं मिल पा रही है और विश्वविद्यालय की एनएसी ग्रेडिंग भी गिर रही है। प्रदेश महासचिव विशाल महतो ने कहा कि लंबे समय से पांचो विश्वविद्यालय में स्थायी कुलपति नही होने का खामियाजा प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से छात्रों को भुगतना पड़ रहा है जिसमे बिनोद बिहारी महतो विश्वविद्यालय की स्थिति अत्यंत दयनीय है जंहा सिर्फ रेगुलर डयूटी के लिए प्रभारी कुलपति है जिससे कई महत्वपूर्ण निर्णय जो छात्र हित मे है वो नही हो पा रहा है। यह एक बहुत बड़ी एवं गंभीर समस्या है जिसे महामहिम के द्वारा तुरंत संज्ञान लेकर छात्र हित मे उन सभी विश्वविद्यालयों में स्थायी कुलपति की नियुक्ति करें। मौके पर प्रियांशु सिन्हा, राज कुमार, सक्षम झा, राजेश कुमार, आनंद यादव, आशुतोष सिंह, बबलू मंडल, अंशुल सिंह, रितिक दुबे, विकास कुमार, सुदामा महतो, विक्की कुमार, आदि उपस्थित थे।

### झारखंड में बालू उठाव पर जल्द निर्णय ले सरकार : ब्रजेंद्र प्र सिंह

**धनबाद** : झारखंड प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने राज्य सरकार से बालू उठाव पर जल निर्णय लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में बालू की काफी किल्लत हो गई है, जिससे सरकारी कार्यों के साथ-साथ सड़क निर्माण भवन निर्माण के साथ साथ आम जनता के काम में आनेवाले बालू के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि पिछले लगभग एक वर्ष से ज्यादा पूरे राज्य में बालू के लिए जनता के साथ-साथ सरकार के दूसरे एजेंसियां भी परेशान है। कहा कि जब तक सरकार के द्वारा कोई नीति नहीं बनाई जाती है या घाटों की नीलामी नहीं होती है तब तक जिला के उपायुक्तों के माध्यम से टेंपरेरी व्यवस्था कुछ करायी जाये, अन्यथा झारखंड का विकास रोकने में बालू का भी बहुत बड़ा योगदान हो जायेगा।

## दुर्घटना से कैसे बचे, मॉक ड्रिल के माध्यम से कर्मियों ने जाना

**बाघमारा (धनबाद)**: बीसीसीएल कतरास क्षेत्र संख्या 4 अंतर्गत रामकनाली कोलियरी के एकेडब्लूएमसी 2 सिम इंक्लाइंट 42 नंबर पीट में मॉक ड्रिल किया गया। मॉक ड्रिल में बीसीसीएल अधिकारी, डीजीएमस, रेस्क्यू टीम, धनसार, मधुबन रेस्क्यू टीम, सीआईएसएफ, यूनियन प्रतिनिधि, रामकनाली पुलिस शामिल हुए। मॉक ड्रिल के माध्यम से खदानों में होने वाले अचानक दुर्घटना से कैसे निपटारा कि जाये इसकी जानकारी दी गयी। इस दौरान महाप्रबंधक जेएस महापात्रा ने बताया कि कोलियरी में कार्यरत कर्मियों की जान माल की सुरक्षा करना बीसीसीएल प्रबंधन की जिम्मेवारी है। अचानक खान दुर्घटना होने पर कैसे निपटा जाए इसलिए समय-समय पर मॉक ड्रिल किया जाता है। मॉक ड्रिल एक प्रकार का प्रशिक्षण है। वहीं, डीजीएमएस के निदेशक अनिल दास ने बताया कि कोयला खदानों में अचानक पानी भर जाए या कोई दुर्घटना हो जाए तो उसे कैसे निपटा जाए इसी के लिए समय-समय पर मॉक ड्रिल कराया जाता है। मौके पर डीजीएमएस के निदेशक अनिल दास, उपनिदेशक जावेद आलम, माइंस रेस्क्यू टीम धनसार के अशोक राम, राजेश कुमार, महाप्रबंधक जेएस महापात्रा, अपर महाप्रबंधक यूके सिंह, परियोजना पदाधिकारी सत्येंद्र सिंह, प्रबंधक संजय सिंह, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक रामानुज प्रसाद, कार्मिक प्रबंधक राणा एसके सिंह, सहायक प्रबंधक कार्मिक विवेक खरियार, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी नीतीश कुमार, डॉअमरेश कुमार, सीआईएफ के सब इंस्पेक्टर प्रेम कुमार शर्मा, नागदेव यादव क्षेत्रीय सलाहकार समिति के छोटू सिंह, हरेंद्र सिंह, उमेश शर्मा आदि शामिल थे।

## मायुमं धनबाद कोयलांचल शाखा के रक्तदान शिविर में 43 यूनिट रक्त संग्रहित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच धनबाद कोयलांचल शाखा द्वारा विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर राष्ट्र द्वारा रक्तदान के 15 दिवसीय कार्यक्रम के तहत श्रीनिवास ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन धनबाद भाजपा के जिला महामंत्री नितिन भट्ट और झारखंड प्रांत के पूर्व उपाध्यक्ष ललित अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि समाजसेवी प्रतिपाल सिंह, लक्ष्मीकांत चावड़ा, धनबाद बैंक मोड़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के महासचिव लोकेश पोद्दार, झारखंड प्रांत के सहायक मंत्री



विकास पटवारी को पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्र देकर इनका अभिवादन किया गया। विकास पटवारी ने कहा समय समय पर रक्तदान करे, लोगों की जिंदगियां बचाएं इससे बड़ा मानव सेवा पृथ्वी पर और नहीं। कहा इस रक्तदान शिविर में पहली बार रक्तदान करने के लिये भी कई युवाओं ने बढ़ चढ़ का हिस्सा लिया जो मानव सेवा का एक सुखद संकेत है। शिविर में श्रीनिवाशन ब्लड बैंक की टीम ने भरपूर साथ दिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम संयोजक प्रिंस कथुरिया और ललित अग्रवाल अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, उपाध्यक्ष शिव शंकर चौधरी, सचिव सुनीता अग्रवाल, मंच सदस्य अंकित कथूरिया, संजय पटवारी, विष्णु भीमसरिया, राहुल मजरिया, चंद्रप्रकाश अग्रवाल ओर मंच के अन्य सदस्य समेत कई सामाजिक गणमान्य भी उपस्थित हुए।

### माडा में अनुकंपा बहाली की मांग संबंधी ज्ञापन सांसद ढुल्लू महतो को सौंपा

**धनबाद** : झमाडा धनबाद के अनुकंपा आश्रित जन लगातार 842 दिनों से कार्यालय के मुख्य द्वार के सामने धरना में बैठे हैं। इस सिलसिले में शुक्रवार को अनुकंपा आश्रितों का एक डेलिगेशन टीम धनबाद के नव निर्वाचित सांसद ढुल्लू महतो से मिलकर अनुकंपा बहाली का ज्ञापन सौंपा। बताया की सांसद ने कहा है की नगर विकास के प्रधान सचिव और संबंधित मंत्रालय से मिलकर नौकरी की दिशा में अहम पहल करूंगा ताकि आश्रित परिवार का भरण पोषण हो सके। ज्ञापन सौंपने में मुख्य रूप से ऋषभ झा, प्रेमचंद कुमार, विक्की रावत, अवधेश सिंह संजय गुप्ता, अजय कुमार वर्मा इंद्रजीत सिंह, रवि हाड़ी, अवध किशोर पासवान इत्यादि शामिल थे।

## गायत्री कुमारी व परिजनों पर हमले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई होगी : पुलिस अधीक्षक

मांग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : गोधर काली बस्ती निवासी गायत्री कुमारी एवं उनके परिजन के साथ भाजपा समर्थको द्वारा की गई मारपीट मामले में उन पर कठोर से कठोर कार्रवाई सहित पीड़िता की सुरक्षा की मांग कांग्रेस ने पुलिस अधीक्षक नगर अजीत कुमार से की है। यह मांग कांग्रेस के धनबाद जिला अध्यक्ष संतोष सिंह प्रदेश सचिव वैभव सिंह ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को अजीत कुमार के कार्यालय में वार्ता के दौरान यह बात कही। पुलिस अधीक्षक ने उन्हें आस्वस्थ किया



की इस मामले को पुलिस ने गंभीरता से लिया है और निश्चित तौर पर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई होगी और पीड़ित परिवार को हर संभव सुरक्षा दी जायेगी। उन्होंने इस मामले की निष्पक्ष जांच का विभागीय आदेश भी जारी कर दी है। ज्ञात हो कि विगत दिनों गोदर काली बस्ती निवासी गायत्री कुमारी एवं उनके परिजन के साथ भाजपा समर्थकों ने मारपीट एवं जानलेवा हमला किया था। उल्लेखनीय है कि 4 फरवरी 2024 को भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने काली बस्ती पहुंचकर गायत्री कुमारी के साथ बैठकर बातचीत की थी जिस कारण वहां के कुछ बीजेपी समर्थक कुपित चल रहे थे ऐसा बताया जाता है।

## 'पंख एक नयी दिशा' की ओर से एसएनएमएमसीएच धनबाद में किया रक्तदान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : पंख की नयी दिशा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा एसएनएमएमसीएच (पीएमसीएच) में ब्लड डोनर डे, पर गुरुवार को रक्तदान किया गया। जिसमें काफी संख्या में लोग रक्तदान किये, जिसके मुख्य अतिथि विधायक राज सिन्हा उपस्थित थे। वहीं, अध्यक्ष पिंकी गुप्ता ने उन्हे पुष्प गुच्छ दे कर स्वागत किया। ब्लड डोनेट में संस्था की कोषाध्यक्ष सुषमा प्रसाद, सुधा गुप्ता, भारती दुबे, ललिता सिंह, प्रीति सिंह, सुशीला ओझा, शशि शेखर गुप्ता, अरुण दुबे, रवि शेखर, गणेश सिंह आदि मौजूद थे।

### अग्नि प्रभावित बस्ताकोला सात नंबर बस्ती के लोगों से मिली रागिनी सिंह

**झरिया (धनबाद)** : भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रागिनी सिंह गुरुवार की शाम को बस्ताकोला सात नंबर बस्ती पहुंची। जहां राजापुर परियोजना के मुहाने पर आग की लपटे एवं धुआं निकल रही थी। जिस कारण लोगो का जीना दुभर हो गया है। स्थानीय लोगों की पीड़ा सुनकर श्रीमती सिंह राजापुर परियोजना के पदाधिकारी डी सिंह से दूरभाष पर वार्ता कर तत्काल प्रभाव से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह जगह इनलोगो के लिए सुरक्षित नहीं है और इस भीषण गर्मी जिसमे पारा 45 डिग्री तक हो गया है पानी बिजली की घोर समस्या है। परियोजना पदाधिकारी डी सिंह ने भाजपा नेत्री को आश्वस्त किया कि जल्द ही प्रबंधन से वार्ता कर सभी लोगो को सुरक्षित स्थानों पर बसा दिया जायेगा।

## रक्तदान से बढ़ कर कोई दान नहीं : राज सिन्हा

वर्ल्ड ब्लड डोनर्स डे

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा धनबाद जिला कमेटी ने शुक्रवार को वर्ल्ड ब्लड डोनर्स डे, के उपलक्ष्य में उर्मिला टावर बैंक मोड़ में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन कंप्यूटर एसोसिएशन ऑफ धनबाद द्वारा किया गया। मौके पर पहुंचे मुख्य अतिथि राज सिन्हा ने कहा सर्वप्रथम मैं सब रक्तदाताओं का अभिनंदन करता हूं कि उन्होंने विश्व रक्तदान दिवस पर बहुमूल्य रक्तदान का बहुत ही महत्वपूर्ण काम किया है। रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं है मानवता की सेवा के लिए कोई अगर रक्तदान करता है तो समझिए एक जिंदगी बचा रहा है। रक्त का कोई अल्टरनेटिव उपाय नहीं है



कि कहीं बनता है। रक्तदान से ही लोगों को रक्त मिलेगा इसलिए रक्तदान सभी को करना चाहिए साथ ही यह स्वास्थ्य की दृष्टिकोण से लाभदायक भी है। वहीं, संयोजक विशाल गुप्ता ने कहा अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा कमेटी धनबाद और कंप्यूटर एसोसिएशन ऑफ धनबाद विभिन्न मौके पर धनबादवासियों के लिए सामाजिक दायित्व के तहत तत्परता से मानव सेवा कार्य करने के लिए मजबूती से एकजुट होकर खड़ा है इसी के मद्देनजर आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें वैश्य सभा और कंप्यूटर एसोसिएशन के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर 50 यूनिट जीवन रक्षक रक्त को एकत्रित कर आपातकालीन मरीजों के लिए कैंप में सेवा दे रहे एसएनएमएमसीएच रक्त विभाग के संबंधित कर्मचारियों को सौंपा गया। सभी रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट का एप्रिशिएशन देकर सम्मानित किया गया। ब्लड डोनेशन कैंप में विशाल गुप्ता, शशि प्रकाश, कैलाश गुप्ता, गोपाल भट्टाचार्य संतोष सिंह, विकास गुप्ता, मुकेश कुमार गुप्ता, अभय कुमार सिन्हा, सुदेश कुमार भरत दत्ता सनातन विश्वास, मोहम्मद बारीक, डॉक्टर कामता प्रसाद संयुक्त अन्य सदस्य ब्लड डोनेशन कैंप को सफल बनाने में सक्रिय थे।

### अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच ने रक्तदाताओं को सम्मान स्वरूप किया बैच प्रदान

**झरिया (धनबाद)** : विश्व रक्तदाता दिवस पर अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा रक्तदाताओं को सम्मान स्वरूप बैच प्रदान किया गया है। झरिया शाखा के लिए गर्व का दिन है कि राष्ट्रीय स्तर पर रक्तवीरों की टॉप 12 की सूची में झरिया शाखा पूर्व अध्यक्ष, सम्मेलन के पूर्व सचिव बिनोद अग्रवाल को जगह मिली है। ज्ञात हो की विनोद अग्रवाल को विगत 30 मार्च को रांची में आयोजित झारखण्ड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के अधिवेशन में रक्तदान के क्षेत्र में विशेष योगदान के साथ साथ 102 बार रक्तदान करने के लिए झारखंड़ युवा रत्न के पुरष्कार से सम्मानित किया गया था।

# मजदूर मसीहा स्वर्गीय सुर्यदेव सिंह की 33वीं पुण्यतिथि आज

पुण्यतिथि

**अजय कुमार**

**धनबाद** : हम हम तो अकेले चले थे जानिब, ए मंजिल। लोग मिलते गए और कारवां बनता गया।। कोयलांचल में विधायक जी के नाम से प्रसिद्ध रहे दिवंगत मजदूर नेता सूर्यदेव सिंह पर यह शायरी बड़ी ही सटीक बैठती है।

कोयलांचल में सूर्य देव सिंह का परिचय देना सूर्य को दीपक के साथ दिखाने के समान होगा।

वर्ष 1977 से 1991 यानी 14 वर्षों तक लगातार झरिया के विनायक के रूप में सूर्यदेव सिंह ने यहां के लोगों की सेवा की थी। 1970 के दशक में झरिया के विधायक रहते हुए सूर्यदेव सिंह ने कोयला मजदूरों की सेवा के लिए जनता मजदूर संघ का गठन किया। इसके माध्यम से वे मजदूरों की समस्याओं को लेकर हमेशा संघर्षरत रहे। यही कारण है कि आज भी सूर्यदेव सिंह के नाम पर हजारों की संख्या में श्रमिक एवं आम जनता एकजुट हो जाते हैं।

वर्ष 1939 में उत्तर प्रदेश के बलिया जिला अंतर्गत गोन्हिया छपरा गांव के एक किसान घर में जन्मे सूर्यदेव सिंह की प्रारंभिक शिक्षा गांव में ही हुई। 1961 में युवा गठीला बदन का सूर्यदेव काम की तलाश में गांव से झरिया आए। एक पहलवान के रूप में अपनी पहचान बनाई। मजदूर संगठन से जुड़ कर झरिया के कोयला मजदूरों की सेवा में जुट गए।कुछ वर्षों में ही मजदूर नेता के रूप में अपनी कार्यकुशलता से सबका दिल जीत लिया। मजदूरों और यहां के लोगों के दिलों में ऐसी पहचान बनाई कि जीवन के अंतिम समय तक झरिया के विधायक बने रहे। वर्ष 1977 मेंतत्कालीन युवा तुर्क के नाम से देश भर में विख्यात रहे चंद्रशेखर जी के करीब सूर्यदेव सिंह यह वह कल था जब पूरे देश में लोकनायक जेपी का आंदोलन चरम पर था। इस आंदोलन में भी सूर्यदेव सिंह ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जब श्री चंद्रशेखर



देश के प्रधानमंत्री बने तो सूर्यदेव सिंह के आग्रह पर उनके निवास धनबाद आए थे। वर्ष 1991 में झरिया विधायक रहते हुए सूर्यदेव सिंह आरा से लोकसभा का चुनाव लड़े। चुनाव के दौरान वर्ष 1991 में आरा में दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया।

**संघ कार्यालय में शुरू हुआ अखंड हरि कीर्तन**

**झरिया** के विधायक रहे दिवंगत सूर्यदेव सिंह की पुण्यतिथि 15 जून शनिवार को झरिया कतरास मोड़ स्थित सूर्य देव चौक पर मनाई जाएगी। इसकी पूरी तैयारी कर ली गई है। यह जानकारी भाजपा नेत्री सह जनता श्रमिक संघ की महामंत्री रागिनी सिंह ने दी।

उन्होंने बताया कि पुण्यतिथि के एक दिन पूर्व शुक्रवार को कतरास मोड़ स्थित संघ कार्यालय में 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन शुरू हो गया है। इसका समापन शनिवार की सुबह होगा। तदुपरांत सूर्यदेव सिंह की अदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि का कार्यक्रम शुरू होगा जो अपराह्न काल तक जारी रहेगा। बीसीसीएल, इसीएल, सेल सहित विभिन्न कंपनियों के हजारों मजदूर कोलियरी कर्मी एवं अधिकारी, विभिन्न दलों के राजनेता एवं बड़ी संख्या में आम लोग 15 जून को झरिया में आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

**भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने पुण्यतिथि कार्यक्रम में शामिल होने की लोगों से की अपील**

**मजदूर** मसीहा दिवंगत सूर्यदेव सिंह की पुत्रवधू एवं भाजपा नेत्री रागिनी सिंह मजदूर मसीहा की 33 वीं पुण्यतिथि कार्यक्रम को लेकर पूरी तरह तत्पर हैं।

श्रीमती सिंह ने तमाम मजदूर भाइयों, आम लोगों, व्यवसाई वर्ग एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों से इस कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि सूर्य देव सिंह आजीवन झरिया के विधायक रहे। लोगों एवं कोयला मजदूरों की भलाई के लिए जीवन भर संघर्ष किया। इसी कारण आज भी वह लोगों के दिल में बसे हैं और बड़ी संख्या में लोग इस कार्यक्रम में शामिल होते रहे हैं।

## सम्पादकीय.....

# जटिल होती वृद्धावस्था

**देश** ही नहीं, दुनिया में वृद्धों के साथ दुर्व्यवहार, प्रताड़ना, हिंसा बढ़ती जा रही है, जो जीवन को नरक बनाये हुए है। बच्चे अपने माता-पिता के साथ बिल्कुल नहीं रहना चाहते। यही पीड़ा वृद्धजन को पल-पल की घुटन, तनाव एवं उपेक्षा से निकलकर वृद्धाश्रम जाने के लिए विवश करती है। संतान द्वारा बुजुर्गों की आवश्यकताओं को पूरा न करना गरिमा के साथ स्वतंत्र जीवन जीने जैसे मानवाधिकारों का हनन है। संयुक्त परिवारों के विघटन और एकल परिवारों के बढ़ते चलन ने इस स्थिति को नियंत्रण से बाहर कर दिया है। एक बड़ा प्रश्न है कि वृद्धों की उपेक्षा एवं दुर्व्यवहार के इस गलत प्रवाह को किस तरह से रोके? क्योंकि सोच के गलत प्रवाह ने न केवल वृद्धों का जीवन दुश्वार कर दिया है बल्कि आदमी-आदमी के बीच के भावात्मक फासलों को भी बढ़ा दिया है। वृद्धों के जीवन से जुड़ी इस विकट समस्या के समाधान के लिये ही विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस हर साल 15 जून को मनाया जाता है। इस दिन की शुरूआत सबसे पहले 2011 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा बुजुर्गों द्वारा अनुभव किए जाने वाले दुर्व्यवहार के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए की गई थी। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार को ह्यएकल, या बार-बार की गई हरकत, या उचित कार्रवाई की कमी के रूप में परिभाषित किया जा सकता है, जो किसी भी रिश्ते में घटित होती है, जहाँ विश्वास की उम्मीद होती है, जो किसी बुजुर्ग व्यक्ति को नुकसान या परेशानी पहुँचाती हैह्व। यह एक वैश्विक सामाजिक एवं पारिवारिक मुद्दा है जो दुनिया भर में लाखों बुजुर्गों के स्वास्थ्य और मानवाधिकारों को प्रभावित करता है और एक ऐसा मुद्दा है जिस पर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को ध्यान देने की आवश्यकता है। विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस 2024 की थीम ह्यसभी पहचानों की बुजुर्ग पीड़ितों के लिए सम्मान, सुरक्षा और कल्याण को प्राथमिकता देनाह्व है। याद रखें, बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार को रोकने में छोटी-छोटी कदम भी अहम भूमिका निभा सकते हैं। उन लोगों की आवाज बनें जो खुद के लिए बोलने में सक्षम नहीं हैं, दूसरों को शिक्षित करें और बुजुर्गों की सुरक्षा के लिए काम करने वाले संगठनों का समर्थन करें। साथ मिलकर, हम एक ऐसी दुनिया बना सकते हैं जहाँ हर बुजुर्ग अपने बुढ़ापे को गरिमा, आत्मसम्मान, सुरक्षा और स्वस्थता के साथ जी सके। विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस एक प्रयोजनात्मक अवसर एवं उत्सव है। यह दिन उन तरीकों को खोजने के लिए भी मनाया जाता है कि कैसे समाज में बुजुर्ग लोगों की उपेक्षा, दुर्व्यवहार एवं उनके प्रति बरती जा रही उदासीनता की त्रासदी से उन्हें मुक्ति देकर उन्हें सुरक्षा कवच मानने की सोच को विकसित किया जाये ताकि वृद्धों के स्वास्थ्य, निष्कंटक एवं कुंठारहित जीवन को प्रबंधित किया जा सकता है। वृद्धों को बंधन नहीं, आत्म-गौरव के रूप में स्वीकार करने की अपेक्षा है। वृद्धों को लेकर जो गंभीर समस्याएं आज पैदा हुई हैं, वह अचानक ही नहीं हुई, बल्कि उपभोक्तावादी संस्कृति तथा महानगरीय अधुनातन बोध के तहत बदलते सामाजिक मूल्यों, नई पीढ़ी की सोच में परिवर्तन आने, महंगाई के बढ़ने और व्यक्ति के अपने बच्चों और पत्नी तक सीमित हो जाने की प्रवृत्ति के कारण बड़े-बूढ़ों के लिए अनेक समस्याएं आ खड़ी हुई हैं। चिन्तन का महत्वपूर्ण पक्ष है कि वृद्धों की उपेक्षा एवं दुर्व्यवहार का कारण क्या है? वृद्ध व्यक्ति अक्सर गतिशीलता संबंधी समस्याओं, पुरानी स्वास्थ्य स्थितियों या सामाजिक अलगाव का सामना करते हैं। इसके अतिरिक्त, आपात स्थितियों का तनाव और अराजकता शारीरिक, भावनात्मक, वित्तीय या उपेक्षा सहित बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार के जोखिम को बढ़ा सकती है।

## किसने क्या कहा



बीएसएफ की सेवा तारीफ के काबिल उनकी सेवा को सलाम

**जगदीप धनखड़**
उपराष्ट्रपति

किसानों के 02 लाख रुपये तक के ऋण होंगे माफ



**बादल पत्रलेख**
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री

# 'इंडिया' की आंखों से भारत को मत देखिए!

**विशेष** — प्रो. संजय द्विवेदी

> **दूसरों** को स्वीकार करना और उन्हें अपनों सा प्यार देना। यह राष्ट्रवाद विविधता को साधने वाला, बहुलता को आदर देने वाला और समाज को सुख देने वाला है। इसी नाते भारत का विचार आक्रामकता का, आक्रमण का, हिंसा या अधिनायकवाद का विचार नहीं है। यह श्रेष्ठता को आदर देने वाली,विद्वानों और त्यागी जनों को पूजने वाली संस्कृति है। अपने लोक तत्वों को आदर देना ही यहां भारतबोध है। इसलिए यहां भूगोल का विस्तार नहीं, मनों और दिलों को जीतने की संस्कृति जगह पाती है। यहां शांति है, सुख है, आनंद है और वैभव है। यह देकर, छोड़कर और त्याग कर मुक्त होती है। समेटना यहां ज्ञान को है। संपत्ति, जमीन और वैभव को नहीं। इसलिए फकीरी यहां आदर पाती है और सत्ताएं लांछन पाती हैं। इसलिए यहां लोकसत्ता का भी मानवतावादी होना जरूरी है।

**आजकल** राष्ट्रीयता,भारतीयता, राष्ट्रत्व और राष्ट्रवाद जैसे शब्द चर्चा और बहस के केंद्र में है। ऐसे में यह जरूरी है कि हम भारतीयता पर एक नई दृष्टि से सोचें और जानें कि आखिर यह क्या है? 'राष्ट्र' सामान्य तौर पर सिर्फ भौगोलिक नहीं बल्कि 'भूगोल-संस्कृति-लोग' के तीन तत्वों से बनने वाली इकाई है। इन तीन तत्वों से बने राष्ट्र में आखिर सबसे महत्वपूर्ण तत्व कौन सा है? जाहिर तौर पर वह 'लोग' ही होगें। इसलिए लोगों की बेहतरी,भलाई, मानवता का स्पंदन ही किसी राष्ट्रीयता का सबसे प्रमुख तत्व होना चाहिए। जब हम लोगों की बात करते हैं तो भौगोलिक इकाईयां टूटती हैं। अध्यात्म के नजरिए से पूरी दुनिया के मनुष्य एक हैं। सभी संत, आध्यात्मिक नेता और मनोवैज्ञानिक भी यह मानने हैं कि पूरी दुनिया पर मनुष्यता एक खास भावबोध से बंधी हुयी है। यही वैश्विक अचेतन (कलेक्टिव अनकांशेसनेस) हम-सबके एक होने का कारण है। स्वामी विवेकानंद इसी बात को कहते थे कि इस अर्थ में भारत एक जड़ भौगोलिक इकाई नहीं है। बल्कि वह एक चेतन भौगोलिक इकाई है, जो सीमाओं और सैन्य बलों पर ही केंद्रित नहीं है। भारतीय राष्ट्रवाद मनुष्य के विस्तार व विकास पर केंद्रित है। जिसे भारत ने 'वसुधैव कुटुम्बकम्' कहकर संबोधित किया। यह 'वसुधैव कुटुम्बकम्' राजनीतिक सत्ता का उच्चार नहीं है। उपनिषद् का उच्चार है। सारी दुनिया के लोग एक परिवार, एक कुटुम्ब के हैं, इसे समझना ही दरअसल भारतबोध को समझना है। यह भाव ही मनुष्य की सांस्कृतिक एकता के विस्तार का प्रतीक है। हमारे सांस्कृतिक मूल्य, मानवतावादी सांस्कृतिक मूल्यों पर केंद्रित हैं। हमारी भारतीय अवधारणा में राज्य निर्मित भौगोलिक-प्रशासनिक इकाईयां प्रमुख स्थान नहीं रखतीं बल्कि हमारी चेतना, संस्कृति, मूल्य आधारित जीवन और परंपराएं ही यहां हमें राष्ट्र बनाती हैं।

हमारे सांस्कृतिक इतिहास की ओर देखें तो आर्यावर्त की सीमाएं कहां से कहां तक विस्तृत हैं, जबकि सच यह है कि इस पूरे भूगोल पर राज्य बहुत से थे, राजा अनेक थे- किंतु हमारा सांस्कृतिक अवचेतन हमें एक राष्ट्र का अनुभव करता था। एक ऐतिहासिक सत्य यह भी यह है कि हमारा राष्ट्रीयता दरअसल राज्य संचालित नहीं था, वह समाज और बौद्धिक चेतना से संपन्न संतों, ऋषियों द्वारा संचालित थी। एक विद्वान कहते हैं राजा राज्य बनाते हैं, राष्ट्र ऋषि बनाते हैं। वही भारतबोध इस व्यापक भूगोल की चेतना में समाया हुआ था। यहां का ज्ञान विस्तार जिस तरह चारों दिशाओं में हुआ,वह बात हैरत में डालती है। आप देखें तो भगवान बुद्ध पूरी दुनिया में अपने संदेश को यूं ही नहीं फैला पाए, बल्कि उस ज्ञान में एक ऐसा नवाचार,नवचेतन था, जिसे दुनिया ने स्वतः आगे बढ़कर ग्रहण किया। भारत कई मायनों में अध्यात्म और चेतना की भूमि है। सच कहें तो दुनिया की तमाम स्थितियों से भारत एक अलग स्थिति इसलिए पाता है, क्योंकि यह भूमि संतों के लिए, ज्ञानियों के लिए उर्वर भूमि है। दुनिया के तमाम विचारों की सांस्कृतिक चेतना जड़वादी है, जबकि भारत की चेतना जैविक है। इसलिए भारत मरता नहीं है, क्योंकि वह जड़वादी और हठवादी नहीं है। यहां का मनुष्य सांस्कृतिक एकता के लिए तो खड़ा होता है पर विचारों में जड़ता आते ही उससे अलग हो जाता है। हमारा ईश्वर आंतरिक उन्नयन और पाप क्षय के लिए काम करता है। हमारे संत भी आध्यात्मिक उन्नयन और पापों के क्षय के लिए काम करते हैं। मनुष्य की चेतना का आत्मिक विस्तार ही हमारी राष्ट्रीयता का लक्ष्य है। इसलिए यह सिर्फ एक खास भूगोल, एक खास विचारधारा और पूजा पध्दति में बंधे लोगों के उद्धार के लिए नहीं, बल्कि समूची मानवता की मुक्ति के काम करने वाला विचार है। यहां मानव की मुक्ति ही उसका लक्ष्य है। यह राष्ट्रीयता सैन्यबल और व्यापार बल से चालित नहीं है, बल्कि यह चेतना के विस्तार, उसके व्यापक भावबोध और मनुष्य मात्र की मुक्ति के विचार से अनुप्राणित है।

भारतीय संदर्भ में भारतबोध को समझना वास्तव में मानवतावाद के व्यापक परिप्रेक्ष्य को समझना है। यह विचार कहता है- "संतों को सीकरी से क्या काम" और फिर कहता है "कोई नृप होय हमें क्या हानि"। इस मायने में हम राज या राज्य पर निर्भर रहने वाले समाज नहीं थे। राजा या राज्य एक व्यवस्था थी, किंतु जीवन मुक्त था-मूल्यों पर आधारित था। पूरी सांस्कृतिक परंपरा में समाज ज्यादा ताकतवर था और स्वाभिमान के साथ उदार मानवतावाद और एकात्म मानवदर्शन पर आधारित जीवन जीता था। वह चीजों को खंड-खंड करके देखने का अभ्यासी नहीं था। इसलिए इस राष्ट्रीयता में जो समाज बना, वह राजा केंद्रित नहीं, संस्कृति केंद्रित समाज था। जिसे अपने होने-जीने की शर्तें पता थीं, उसे उसके कर्तव्य ज्ञात थे। उसे राज्य की सीमाएं भी पता थीं और अपनी मुक्ति के मार्ग भी पता थे। इस समाज में गुणता की स्पर्धा थी- इसलिए वह एक सुखी और संपन्न समाज था। इस समाज में भी बाजार था, किंतु समाज- बाजार के मूल्यों पर आधारित नहीं था। आनंद की सरिता पूरे समाज में बहती थी और आध्यात्मिकता के मूल्य जीवन में रसपगे थे। भारतीय समाज जीवन अपनी सहिष्णुता के नाते समरसता के मूल्यों का पोषक है।

## आज का इतिहास

- इंगलैंड के राजा जान ने 1215 में मैग्नाकार्टा पर हस्ताक्षर किया।
- लंदन में 1381 को अंग्रेजी किसान विद्रोह को कुचला गया।
- कोसोवो के युद्ध में औटोमन साम्ज्य ने 1389 में सर्वो और बोस्नियाइयों को पराजित किया।
- बेंजामिन फ्रेंकलिन ने 1752 में साबित किया की प्रकाश विद्युत चुंबकिए तरंग है।
- आस्ट्रिया में कागजी मुद्रा का प्रचलन 1762 में शुरू हुआ।
- अमेरिकी स्वाधीनता संग्राम में जॉर्ज वाशिंगटन को 1775 में महाद्वीपीय सेना का सेनाप्रमुख बनाया गया।
- डॉ॰ यॉ बैप्तिस डेनिस द्वारा पहली बार 1776 में मानव रक्त ट्रांसफ्युजन किया गया।
- विश्व की पहली हवाई दुर्घटना में 1785 को गुब्बारे से उड़ान भर रहे दो फ्रांसिसि नागरिकों की मृत्यु हो गई।
- अर्कासस 1836 में अमेरिका का 25वां राज्य बना।
- चार्ल्स गुटियर ने 1844 में रबर के बल्कनाइजेशन की प्रक्रिया का पेटेंट कराया।
- संयुक्त राज्य अमेरिका और ब्रिटेन ने 1846 में अमेरिका और कनाडा के बीच सीमा विवाद को लेकर एक संधि पर हस्ताक्षर किया।
- प्रशिया ने 1866 में ऑस्ट्रिया पर आक्रमण किया।
- जापान के एक तट पर संटो उत्सव के दौरान 1896 में सोनामी आने से 27 हजार लोगों की मृत्यु हो गई।
- कलकत्ता शेयर बाजार की शुरूआत 1908 में हुई।
- इंगलैंड, दक्षिण अफ्रिका और आस्ट्रेलिया के प्रतिनिधियों की इम्पीरियल क्रिकेट कॉनसर्न बनाने के लिए 1909 को लॉड्स में मुलाकात हुई।
- ग्रेट ब्रिटेन ने 1916 के ईस्टर विद्रोह के दौरान कब्जाए गये सभी क्षेत्रों को छोड़ने का संकल्प 1917 में लिया।
- आइबीएम की स्थापना 1914 में हुई।
- अखिल भारतीय कांग्रेस ने 1947 में नई दिल्ली में भारत के विभाजन के लिए ब्रिटिश योजना स्वीकार की।

# गुम हो रही आंगन की गौरैया

**गौरतलब** — अम्बरीष कुमार सक्सेना

> **गौरैया** एक छोटी चिड़िया है। यह हल्की भूरे रंग या सफेद रंग में होती है। इसके शरीर पर छोटे-छोटे पंख और पीली चोंच व पैरों का रंग पीला होता है। नर गौरैया की पहचान उसके गले के पास काले धब्बे से होती है। 14 से 16 सेमी. लंबी यह चिड़िया मनुष्य के बनाए हुए घरों के आसपास रहना पसंद करती है। यह लगभग हर तरह की जलवायु पसंद करती है पर पहाड़ी स्थानों में यह कम दिखाई देती है। शहरों, कस्बों गावों और खेतों के आसपास यह बहुतायत से पाई जाती है।

**घरों** को अपनी चीं..चीं की आवाज से चहकाने वाली गौरैया अब दिखाई नहीं देती। इस छोटे आकार वाले खूबसूरत पक्षी का कभी इंसान के घरों में बसेरा हुआ करता था और बच्चे बचपन से इसे देखते बड़े हुआ करते थे। लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है। आधुनिकता की अंधी दौड़ के कारण गौरैया के अस्तित्व पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। स्थिति यह है कि इस पक्षी की संख्या लगातार कम होती जा रही है। कहीं-कहीं तो यह बिल्कुल दिखाई नहीं देती। गौरैया को बुद्धिमान चिड़िया माना जाता है। उसकी खासियत है कि वह परिस्थितियों के अनुरूप स्वयं को न सिर्फ ढाल लेती है बल्कि अपना घोंसला व भोजन भी उनके अनुकूल बना लेती है। इन्हीं विशेषताओं के कारण यह विश्व में सबसे ज्यादा पाई जाने वाली चहचहाती चिड़िया बन गई। गौरैया बहुत ही सामाजिक पक्षी है और ज्यादातर पूरे वर्ष झुंड में उड़ती है। एक झुंड 1.5-2 मील की दूरी तय करता है। लेकिन भोजन की तलाश में अक्सर वह 2-5 मील भी निकल जाती है। गौरैया का प्रमुख आहार अनाज, जमीन पर बिखरे दाने व कीड़े-मकौड़े हैं। कीड़े खाने की आदत के चलते उसे किसानों का मित्र माना जाता है। पहले गौरैया जब अपने बच्चों को चुग्गा कराती थी तो हम बड़े ही कौतूहल से उसे देखते थे। लेकिन अब इसके दर्शन भी मुश्किल हो गए हैं। वह विलुप्त हो रही प्रजातियों की सूची में आ गई है। ग्रामीणों के मुताबिक गौरैया की आबादी में 70 से 80 फीसद तक की कमी आई है। अगर उसके संरक्षण के प्रयास नहीं किए गए तो हो सकता है कि गौरैया इतिहास बन जाए। इसके बाद भविष्य की पीढ़ियों को यह देखने को ही न मिले। कभी खुले आंगन में फुदकने वाली यह चिड़िया, छप्परों में घोंसले बनाने वाली यह चिड़िया, बच्चों के हाथों से गिरे अनाज खाने वाली चिड़िया अब बंद जाली के आंगन व बंद दरवाजों की वजह से अपनी दस्तक नहीं दे पाती हमारे घरों में। गाहे-बगाहे अगर यह दाखिल भी हो जाती है तो छतों पर टंगे पंखों से टकरा कर दम तोड़ देती है। बड़ा दर्दनाक है यह सब जो इस अनियोजित विकास के दौर में हो रहा है। आधुनिकता व विकास के कारण हम अपने आसपास सदियों से रह रहे तमाम जीवों के लिए कब्रगाह तैयार करते जा रहे हैं। बिना यह सोचे कि इसके बिना यह धरती और हमारा पर्यावरण कैसा होगा।

## अंकजाल - 7579

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 18 | 20 | 23 | ■ | 26 | 16 | 14 | 15 | ■ |
| 12 | | 7 | | ■ 4 | | 4 | | 2 | 20 |
| 20 | 7 | | 8 | ■ | 7 | | 3 | | 23 |
| 15 | | 6 | | ■ 9 | | 7 | | 5 | 17 |
| 29 | 7 | | 5 | | 8 | ■ 9 | ■ 2 | ■ 3 | ■ |
| ■ | ■ 8 | ■ 5 | ■ 6 | 7 | | 6 | | 5 | 25 |
| 16 | 2 | | 6 | | ■ 4 | | 8 | | 23 |
| 23 | | 8 | | 4 | ■ | 6 | | 7 | 21 |
| 21 | 3 | | 6 | | ■ | | 2 | | 12 |
| ■ | 10 | 18 | 18 | 28 | ■ | 22 | 22 | 27 | ■ |

*अंकजाल 7578 का हल*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 26 | 15 | 25 | ■ | 25 | 14 | 15 | 19 | ■ |
| 16 | 7 | 3 | 6 | ■ 4 | 5 | 5 | 4 | 9 | 23 |
| 14 | 2 | 7 | 5 | ■ | 8 | 7 | 5 | 3 | 23 |
| 17 | 8 | 2 | 7 | ■ 3 | 4 | 2 | 6 | 7 | 19 |
| 26 | 9 | 3 | 7 | 2 | 5 | ■ | ■ | ■ | ■ 7 |
| ■ 25 | ■ 7 | ■ 8 | ■ 9 | 2 | 3 | 8 | 5 | 6 | 24 |
| 16 | 2 | 5 | 6 | 3 | ■ 4 | 7 | 8 | 8 | 23 |
| 23 | 5 | 8 | 6 | 4 | ■ | 6 | 8 | 7 | 21 |
| 21 | 3 | 5 | 6 | 7 | ■ | 3 | 2 | 7 | 12 |
| ■ | 10 | 18 | 18 | 18 | ■ | 24 | 23 | 28 | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## ब्रह्म मुहूर्त में क्यों जागें

**साढ़े** तीन बजे का महत्व सिर्फ 33 डिग्री अक्षांश तक के लिए ही होता है। 3.40 पर सूर्य उस जगह पहुंच जाता है, जहां उसका सीधा संबंध पृथ्वी से हो जाता है। इस समय उसकी किरणें ठीक आपके सिर के ऊपर होती हैं। जब सूर्य की किरणें धरती के दोनों तरफ एक ही जगह पड़ती हैं, तो इंसान का सिस्टम एक खास तरीके से काम करने लगता है और तब एक संभावना बनती है। इस संभावना के इस्तेमाल करने को लेकर लोगों में जागरूकता रही है। अगर आपके सिस्टम में एक जीवंत बीज पड़ चुका है और अगर आप ब्रह्म मुहूर्त में जागकर कोई भी अभ्यास करने बैठते हैं तो यह बीज आपको सबसे ज्यादा फल देगा। वैसे तो सूर्य हमेशा आपके सिर के ऊपर ही होता है, लेकिन जब मैं कहता हूं कि सूर्य ठीक आपके सिर पर है तो इसका मतलब है उस समय वह आपके सिर पर लंबवत है। उस समय यह एक विशेष तरीके से काम करता है। यह समय होता है 3.4? से लेकर अगले 12 से 20 मिनट तक। अब सवाल आता है कि इस समय में हम क्या करें? इस समय में हम ध्यान करें या क्रिया करें? इससे कोई फर्प नहीं पड़ता कि आप क्या करें। इस समय में आपको वही करना चाहिए, जिसमें आपको दीक्षित किया गया है। दरअसल, दीक्षा का मतलब यह नहीं है कि आपको कोई क्रिया सिखाई गई है, इसका मतलब है कि इस क्रिया से आपके सिस्टम को परिचित करा कर आपके सिस्टम में इसे बाकायदा स्थापित किया गया है।

## सुविचार

कोई भी उस व्यक्ति से प्रेम नहीं करता, जिससे वो डरता है।

**अरस्तु**

ज्ञान दवा और हिम्मत तीन ऐसे नैतिक गुण हैं, जो पूरे विश्व में मान्य है।

**कवयुशियस**

# घाटी के स्कूलों में 'जन गण मन' गान से कुछ नहीं होगा, भाव भी जगाने होंगे

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

**जम्मू**-कश्मीर में अब सभी स्कूलों के लिए राष्ट्रगान गाना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके बाद कहना होगा कि यहां अब घाटी के भी हर स्कूल में राष्ट्रगान 'जन गण मन' गाया जाएगा। सबसे पहले तो इस पहल के लिए वर्तमान नेतृत्व को धन्यवाद है कि 'एक भारत और श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना को साकार करने की दिशा में यह सबसे बड़ा कदम विद्यालयीन स्तर पर उठाया गया है। वस्तुतः इसे सबसे बड़ा कदम क्यों कहा जा रहा है? हो सकता है किसी को इस संबंध में कोई संदेह हो। किंतु यह है तो राज्य सरकार का सबसे बड़ा कदम ही। क्योंकि जिन बच्चों के माध्यम से भविष्य में विकसित राज्य की जो नींव खड़ी होती है, उनमें विचारों का ही सबसे अधिक महत्व है। यदि यह विचार अलगाव से पूर्ण होंगे तो हिंसा का करण बनेंगे और यदि यही विचार राष्टीय एकत्व एवं अपने आसपास के वातावरण को बेहतर बनाने तथा अपने देश की एकात्मता का अनुभव करेंगे तो किसी भी देश को सशक्त बनाने का कारण बनते हैं।

भारत के संदर्भ में विशेषकर जम्मू-कश्मीर में भी घाटी क्षेत्र के बारे में यह सर्वविदित है कि अलगाववादी, आतंकवादी, जिहादी, एक वर्ग विशेष तक सीमित मानसिकता, इस्लाम के शासन एवं खलीफा की पुनर्स्थापना जैसे एकल विचारों तथा इसके लिए जहां जरूरी हो, वहां हिंसा करते रहने की मानसिकता, यहां लम्बे समय से चली आ रही है। सनातन हिन्दू धर्म को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाने का कार्य यदि संपूर्ण जम्मू-कश्मीर राज्य में हुआ है तो वह यही घाटी क्षेत्र है। हिन्दुत्व एवं सनातन धर्म के प्रति यहां बहुसंख्यक मुसलमानों में इतनी अधिक नफरत व्याप्त रहती आई है कि जम्मू-कश्मीर की मूल संस्कृति के संस्थापक पंडितों को अपने बीच के कई नरसंहारों एवं एकल मौतों के बाद घाटी से पलायन करने के लिए मजबूर हो जाना पड़ा था। जिसमें कि जान बचाने के लिए वे कई करोड़ की अपनी संपत्ति, बाग, बगीचे, केशर के उद्यान आदि सब कुछ छोड़ने के लिए विवश हुए।

हिन्दू लड़कियों से बलात्कार, सरे आम उन्हें उठा ले जाना, गैर मुसलमानों को गाली देना, अपमानित करना और उनके साथ हिंसक व्यवहार करते हुए इस्लामिक साम्राज्य की स्थापना के स्वप्न देखना जैसे यहां की दिनचर्या का एक आम हिस्सा हो चुका था। 1990 में घाटी से कश्मीरी पंडितों का सबसे अधिक पलायन हुआ। सरकारी आंकड़े के मुताबिक इस साल यानी 1990 में 219 कश्मीरी पंडित हमले में मारे गए थे जिसके बाद बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडितों का पलायन शुरू हुआ। एक अनुमान के मुताबिक जनवरी और मार्च 1990 के बीच 1 लाख 40 हजार से अधिक कश्मीरी पंडित घाटी छोड़कर जाने को मजबूर हुए।

साल 2011 में सरकार के अनुमान के मुताबिक घाटी में करीब 2700 से 3400 पंडित थे। कश्मीरी पंडित संघर्ष समिति के अनुसार, जनवरी 1990 में घाटी के भीतर 75,343 परिवार थे। 1990 और 1992 के बीच 70,000 से ज्यादा परिवारों ने घाटी को छोड़ दिया। 1941 में कश्मीरी हिंदुओं का आबादी में हिस्सा 15% था और 1991 आते-आते हिस्सेदारी आधे प्रतिशत से भी कम हो गई थी, जिसके बाद हिंसक घटनाओं के दौर ने तो इसे आगे 99 प्रतिशत से भी अधिक कम कर दिया था। गृह मंत्रालय के आंकड़े बताते हैं कि जम्मू-कश्मीर में 1990 से लेकर 2020 तक 31 सालों में 13 हजार 821 आम नागरिकों को आतंकियों ने मार दिया।

# पंजाब में पुनः विष फलाने के प्रयत्नों को पंजाबी समाज सफल नहीं होने देगा

**गौरतलब** — रजत भाटिया

> **मुगलों** से भारतीय ज्ञान और आध्यात्मिक पद्धति को बचाने के लिए दूसरे गुरु श्री गुरु अंगद देव जी द्वारा गुरुमुखी लिपि का प्रयोग किया गया, इसका मुख्य कारण भारत के लिखित ग्रंथों को विकृत होने से बचाना था क्योंकि गत समाज में गुरुमुखी लिपि का कोई जानकार नहीं था जिसकारण मुगल धार्मिक ग्रंथों को खंडित ना कर सके। इसी लिपि के द्वारा समस्त भारत का वैदिक अलौकिक ज्ञान संरक्षित कर समाज के विभिन्न खंडों को एक माला की तरह बंधुत्व के धागे में पिरोया गया, जिससे समाज में एकता और समन्वय स्थापित कर समभाव धार्मिक पद्धति के माध्यम से आध्यात्मिक उन्नति को प्राप्त किया जा सके।

**भारत** राष्ट्र का एक भू-भाग ऐसा है जो वैदिक काल से ही आध्यात्मिक, संसारिक और धार्मिक गतिविधियों का केंद्र रहा जो सप्तसिंधु नाम से प्रचलित था। वैदिक भूमि सप्तसिंधु सात नदियों की भूमि के नाम से वर्णित है, जो इस प्रकार है- सरस्वती, सिन्धु, सतलुज, ब्यास, रावी, जेहलम और चिनाव। इस सप्त सिंधु क्षेत्र में गांधार (अफगानिस्तान) से लेकर कुरुक्षेत्र तक उत्तर-पश्चिमी भारतीय उपमहाद्वीप शामिल हैं, जो वर्तमान मानचित्र में पंजाब (भारत-पाकिस्तान), हरियाणा, जम्मू और कश्मीर, हिमाचल एवं चंडीगढ़ का भाग शामिल है।

सिंधु क्षेत्र के मार्ग द्वारा भारत ने अपना संपूर्ण ज्ञान समस्त विश्व में फैलाया जिसप्रकार अच्छाई और बुराई एक ही सिक्के के दो पक्ष हैं, ठीक उसी प्रकार ज्ञानवर्धन करने वाले सप्तसिंधु मार्ग द्वारा ही भारत राष्ट्र की भूमि पर सर्वप्रथम विदेशी म्लेच्छों ने पैर रखा। सांस्कृतिक बहुलतावादी राष्ट्र होने के कारण भारत ने विदेशी मजहबी संस्कृति को स्वीकार किया परंतु मजहबी मानसिकता की एकेश्वरवादी सिद्धांत की तलवार भारत राष्ट्र खास तौर पर सप्त सिंधु पंजाब की संस्कृति पर भारी रही, जिस कारण विरोध करने के बावजूद भी पंजाब क्षेत्र पर राष्ट्रविरोधी शक्तिओं ने शासन स्थापित किया परन्तु वह पंजाब की राष्ट्रवादी विचारों को परिवर्तित न कर सके। समय में पंजाब अपने वैदिक ज्ञान से संपूर्ण विश्व को ज्ञानवान करता रहा और मध्यकालीन समय में समाज को श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की गुरुबाणी पथ प्रदर्शित करती रहीं।

सप्तसिंधु क्षेत्र (पंजाब) प्राचीन समय से ही अपने ज्ञान के प्रकाश से भारत का नाम समस्त विश्व में रोशन कर भारत को विश्व गुरु की उपाधि से सुशोभित करता रहा है। , वसुधैव कुटुंबकम की विचारधारा में मलेच्छों की कुसंगति के मिश्रण से पंजाब का ज्ञान रूपी वृक्ष जर्जर होने लगा, ठीक उसी प्रकार जैसे दीमक वृक्ष को खोखला कर देती है। पुरुषार्थ हीन और ज्ञानहीन समाज में आध्यात्मिकता केवल एक शब्द मात्र ही थी, वास्तविकता में प्रभाव अंधविश्वास और आडंबरों का था। ऐसे अज्ञान रूपी दशा में समाज का उद्धार करने के लिए ज्ञान रूपी प्रकाश का सूरज बन श्री गुरु नानक देव जी अवतरित हुए, जिन्होंने अपनी शिक्षाओं में समरसता और समन्वय का संदेश दिया।

गुरु नानक देव जी इन पंक्तियों में उस कालखंड में मुगलों द्वारा पंजाब ही नहीं अपितु पूरे हिंदुस्तान पर ढ़ाई गई यातनाओं का वर्णन किया। इस्लामी शासकों के बीभत्स अत्याचारों से स्थानीय हिंदू अपनी पूजा पद्धति विस्मृत कर चुके थे। गुरु नानक देव जी ने अध्यात्म की स्थापना हेतु चारों दिशाओं में भ्रमण किया जिसके परिणामस्वरूप समाज के एक बड़े भाग ने उनकी शिक्षाओं पर अमल कर अपना जीवन व्यतीत करना शुरू किया इस प्रकार गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं पर चलने से सिख पंथ की नींव रखी गई।

## राशिफल

**मेष** — कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**वृष** — व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी।

**मिथुन** — शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

**कर्क** — रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**सिंह** — समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**कन्या** — महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

**तुला** — धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी।

**वृश्चिक** — घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी।

**धनु** — चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे।

**मकर** — थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा।

**कुंभ** — कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे।

**मीन** — प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक**: नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)**: विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### दुमका में एसएसबी जवान पर गिरी पेड़ की सूखी डाल, मौत

**दुमका :** तेज आंधी-पानी ने सशस्त्र सीमा बल यानी एसएसबी के जवान 36 वर्षीय रमेश कुमार की जान ले ली। घटना गुरुवार देर शाम को खूंटाबांध के समीप घटी, जहां सूखे पेड़ की डाली जवान पर गिर गई। उसे गंभीर हालत में मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने तत्काल धनबाद रेफर कर दिया। जामताड़ा पहुंचते ही जवान की मौत हो गई। जामताड़ा में शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर रांची भेज दिया गया। यहां से शव को एयर एंबुलेंस से पैतृक घर भेज दिया जाएगा। मृतक हिमाचल प्रदेश के चंबा का रहने वाला था।

### फल दुकान में आग लगानेवाला युवक गिरफ्तार

**पलामू :** जिले के तरहसी मिडिल स्कूल मंगल पांडेय चौक पर फल दुकान में आग लगाने वाले युवक को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। उसने नशे और गुस्से में घटना को अंजाम दिया था। युवक की पहचान बेदानी कला निवासी 29 वर्षीय राहुल कुमार राम के रूप में हुई है। राहुल 12 जून की रात में भी आग लगाने के लिए निकला था लेकिन पुलिस के आ जाने के कारण मौके से भाग निकला। हालांकि, उससे पहले उसने एक धागा लपेटे हुए बट पेड़ में आग लगा दी थी। पुलिस पूछताछ में राहुल ने बताया है कि 8 जून की रात मिडिल स्कूल मंगल पांडे चौक पर फल दुकान में उसने आग लगाई थी। वह नशे में था। दिन में उक्त फल दुकानदार ने उसे डांटा था। यह उसे बहुत खराब लगा था। वह गुस्से में था और शाम ढलते ही उसने आग लगा दी। राहुल ने बताया है कि वह हर तरह का नशा करता है। जब कोई उसे नशा करने से रोकता है तो उसे काफी गुस्सा आता है। गुस्से में वह ऐसी घटना को अंजाम दे देता है।

### पलामू में सीएसपी संचालक से सात लाख 85 हजार की ठगी

**पलामू :** जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत चियांकी सीएसपी संचालक सुआ निवासी विकास विश्वकर्मा से सात लाख 85 हजार की ठगी कर ली गई। इस संबंध में शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज करने के लिए सदर थाना में आवेदन दिया गया है। विकास ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर कहा है कि ग्राम बनाही, पोस्ट नौहट्टा जिला रोहतास का रहने वाला संतन कुमार भारद्वाज विकास की सीएसपी दुकान में 11 जून को आकर अपने मोबाइल में तीन लाख दस हजार रुपये ट्रांसफर कराया। इसके बाद उसने उक्त राशि को वापस कर दिया। संतन ने पुनः 12 जून को उसी दुकान में आकर नीतीश कुमार के मोबाइल में कुल ढाई लाख रुपये और दूसरे व तीसरे मोबाईल से संतन ने अपने मोबाईल में क्रमशः 50 हजार और 2.95 हजार रुपये ट्रांसफर कराए। इसी प्रकार विकास की दुकान में बैठक कुल राशि सात लाख 85 जार रुपये जमा करवाया। बोला कि जब तक आपका पैसा खाते में नहीं आता है तब तक आपकी दुकान में ही बैठे रहेंगे। जैसे समय बीतता गया, वैसे सीएसपी संचालक की धड़कन बढ़ती चली गई। जब शाम होने लगा तो सत्यम ने सीएसपी संचालक विकास को कहा कि भूख लगी है चलिये खाना खाकर आते हैं। दोनों व्यक्ति शहर थाना क्षेत्र के बाईपास रोड स्थित सिंचाई विभाग के पास डोमिनी होटल में खाना खाये। खाना खाने के बाद संतन भारद्वाज ने कहा कि गाड़ी से मोबाईल लेकर आ रहे हैं।

---

### गढ़वा में ट्रक से टक्कर के बाद पुलिया से नीचे गिरा ऑटो

# 05 मजदूरों की मौत, 06 घायल




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिला गढ़वा में भिषण सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई एनएच 75 गढ़वा मुड़ीसेमर मार्ग पर श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के पाल्हे गांव के आशुतोष महादेव मंदिर के समीप गुरुवार देर रात की बताई जा रही है। मृतकों में उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के दुद्धी थाना क्षेत्र के महुली गांव के केशनाथ के पुत्र बिमलेश कुमार कनोजिया 42 वर्ष, रमना थाना क्षेत्र के सिलियाटोंगर गांव के सुरेश भुइयां के पुत्र अरुण भुइयां 30 वर्ष, इसी गांव के रमाशंकर भुइयां के पुत्र बिकेश भुइयां 20 वर्ष, विनोद भुइयां के पुत्र राजा कुमार 21 वर्ष एवं रामवृक्ष भुइयां के पुत्र राजकुमार भुइयां 53 वर्ष शामिल हैं। जबकि घायलों में रमना थाना क्षेत्र के सिलियाटोंगर गांव के राम प्रसाद राम के पुत्र मिथिलेश भुइयां, उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के दुद्धी थाना क्षेत्र अंतर्गत महुली गांव के रामचन्द्र भुइयां के पुत्र छोटूलाल भुइयां, रमना थाना क्षेत्र के सिलियाटोंगर गांव के महावीर भुइयां के पुत्र उमेश भुइयां, रामप्रसाद भुइयां के पुत्र राकेश भुइयां, रहमुदिन अंसारी के पुत्र मेराज अंसारी एवं रामचंद्र भुइयां के पुत्र संजय भुइयां शामिल हैं।सभी घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।जानकारी के अनुसार सभी लोग एक ही आटो में सवार होकर सिलियाटोंगर गांव से गुजरात के जामनगर जाने के लिए आटो में सवार होकर निकले थे।सभी को नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन से शक्तिपुंज एक्सप्रेस पकड़ना था। इस दौरान जतपुरा गांव के समीप सामने से आ रहे ट्रक ने आटो में टक्कर मार दिया। इससे आटो पलट कर पुल के नीचे चला गया। इस घटना के बाद घटना स्थल के आसपास के लोगों की मदद से सभी घायलों को अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने पांच लोगों को मृत घोषित कर दिया।

### पलामू के थ्री स्टार होटल रमाडा में ग्राहक को परोसी थाली दाल मखनी में मिली हड्डी

**मेदिनीनगर :** एक घर के पुरे परिवार महिला, पुरुष व बच्चों सहित लोग होटल में खाना खाने रात के नौ बजे पहुंचें थे। इसमें से परिवार के सदस्य लोग शाकाहारी व मांसाहारी खाने वाले लोग अलग- अलग टेबल पर सभी बैठ गये।ऑर्डर करने के कुछ देर बाद वेज और नॉन वेज खाना होटल का स्टाफ लेकर आया।लोगों ने खाना शुरू किया ही था कि दाल मखनी खा रही एक महिला को हड्डी का टुकड़ा मिल गया। इसके बाद सभी खाना छोड़कर उठ गए और होटल के मैनेजर को बुलाया लेकिन होटल मैनेजर काफी देर तक नहीं आया तो लोगों ने हल्ला हंगामा शुरू किया। इसके बाद मैनेजर पहुंचा तो मैनेजर सहित होटल के सभी स्टाफ हाथ जोड़कर माफी मांगने लगे। इस संबंध में होटल मैनेजर का कहना है कि होटल की ओर से बड़ी चूक हुई है। ऐसा होना नहीं चाहिए था। ग्राहकों से माफी मांगा गया है।

## अजगर को रेस्क्यू कर छोड़ा गया



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** शहर के रेलवे स्टेशन रोड में सेवानिवृत संस्कृत शिक्षक केदारनाथ पाठक के आवासीय परिसर में विगत पांच दिनों से एक अजगर डेरा डाले हुए था। शुक्रवार को उसका रेस्क्यू कर पास के जायत्री नदी में छोड़ दिया गया। रेस्क्यू श्री पाठक के पुत्र गोविंद पाठक ने किया। उन्होंने बताया कि अजगर को एक बोरी में डाल कर नदी में छोड़ दिया गया । बताते चलें कि गोविंद पाठक एक पर्यावरणविद. हैं। गोविंद पाठक एक टूरिज्म रिसोंस पर्सन के रूप में भी काम करते हैं। नेतरहाट व बेतला समेत झारखंड के अन्य टूरिस्ट प्लेस में वे पर्यटकों को वाहन, गाईड व अन्य सुविधाएं प्रदान करते हैं। तत्कालीन उपायुक्त राजीव कुमार के कार्यकाल में श्री पाठक जिला प्रशासन में टूरिस्ट रिसोंस पर्सन के रूप में प्रतिनियुक्त हुए थे। जंगल बचाओ मुहिम में भी श्री पाठक ने उल्लेखनीय कार्य किया है।

## पौधरोपण व सोख्ता आम आदमी की जिम्मेवारी : आशीष



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पौधारोपण व सोख्ता के लिए आम आदमी को खुद से सचेत रहने की आवश्यकता है। प्रकृति प्रदत्त संसाधनों को संरक्षित करना हमारी स्वयं की जिम्मेवारी है, आप अपने घर के जीतने भी यूज्ड पानी है उसको घर के अंदर ही एक पनसोखा बनाकर डिस्चार्ज करे ताकी अंडरग्राउंड वाटर मैंटेन होने में सुविधा हो। उक्त बातें 'पानी यात्रा' के तीसरे दिन पलामू की आवाज युवा तुर्क आशीष भारद्वाज ने कहा। श्री भारद्वाज शुक्रवार को युवाओं की टीम के साथ निमिया क्षेत्र के सदर थाना, ज्ञान निकेतन स्कूल, महाराणा प्रताप क्षेत्र में जनसंपर्क कर रहे थे। नगरनिगम क्षेत्र में व्याप्त पेयजल संकट के निराकरण हेतु चलाऐ जा रहे जनजागरण अभियान श्री भारद्वाज ने कहा कि जल संचयन के लिए आम आदमी को अपने अपने घरों में पनसोख्ता, घर के बाहर पौधारोपण करने की आवश्यकता है। हमें सरकार के भरोसे नहीं रह कर बल्कि खुद से इस पर पहल करना चाहिए। श्री भारद्वाज ने कहा कि आज भूगर्भ जल स्तर दिनों-दिन निचे जा रहा है उसके पिछे प्राकृतिक संसाधनों का दोहन है और अभी हम नहीं चेते तो आने वाली पीढ़ी हमें कभी माफ नहीं करेगी। आज के यात्रा में मनीष सिंह, पिंकु तिवारी, नवीन तिवारी, शैलेश तिवारी, धनंजय, गोलू दूबे उपस्थित रहे।

## खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता की जांच करें फूड इंस्पेक्टर : रूचिर तिवारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने मेदिनीनगर शहर सहित पलामू जिला के भिन्न-भिन्न प्रतिष्ठानों में बन रहे मिठाई एवं खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता पर सवाल खड़ा किया है।उन्होंने फूड इंस्पेक्टर से मांग किया कि पूरे जिले में टीम गठित कर खाद्य पदार्थ बेचने वाले प्रतिष्ठानों के खाने के सामानों की जांच बहुत जरूरी है आज कल शहर के बहुत सारे प्रतिष्ठान में घटिया तेल एवं घाटिया रिफाइंड तथा घटिया पदार्थ से मिठाई एवं खाद्य सामग्री बन रहा है जिससे आम नागरिक इस भीषण गर्मी में बीमार पड़ जा रहे हैं। उदाहरण के स्वरूप 3ऊस्टार होटल रमाडा में भेज के थाली में एक दिन पहले नॉनवेज का टुकड़ा मिलना बहुत बड़ा मामला प्रतीत होता है। ऐसी स्थिति में सभी हाई प्रोफाइल होटल, प्रतिष्ठानों, मिष्ठान भंडारों का सामान की गुणवत्ता का जांच होना जरूरी है तभी नागरिकों को शुद्ध खाद्य पदार्थ होटल एवं प्रतिष्ठानों में मिल पाएगा।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन

### 03 दर्जन रक्तदाताओं ने किया रक्तदान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** विश्व रक्तदाता दिवस पर हिंडालको कोल माइंस चंदवा के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा तथा ब्लड बैंक लातेहार में आयोजित स्वैछिक रक्तदान शिविर में 35 लोगों ने रक्तदान किया।जिसमे चंदवा में 30 व ब्लड बैंक लातेहार में 5 लोगों ने रक्तदान किया।चंदवा शिविर का उद्घाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नीलिमा कुमारी,हिंडालको कोल माइन्स चकला के यूनिट हेड दीपक लंका, एचआर हेड प्रकाश कुमार,सीएसआर हेड अनुन्य कुमार, डॉ प्रियंका ने फीता काटकर किया।इस अवसर पर डॉ नीलिमा कुमारी कहा कि थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों को प्रतिमाह दो से तीन यूनिट ब्लड की जरूरत होती है। जिसकी पूर्ति स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों में रक्तदान और नियमित स्वैच्छिक रक्तदाता की ओर से किए जाने वाले रक्तदान से होती हैं। जिन्हें ब्लड बैंक की ओर से निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराया जाता है। कहा कि रक्तदान से शरीर में किसी भी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं आती है।कहा कि हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान शिविर में उत्तम कुमार का सराहनीय योगदान रहा। साथ हीं उनके साथ सहयोगी संस्था के रूप में अभाविप चंदवा, निष्ठा फाउंडेशन, मारवाड़ी युवा संगठन, एमबीशन कंप्यूटर सेंटर शामिल रहे। आज के रक्तदान में महिलाओ की भी महत्वपूर्ण भागीदारी रही। साथ ही कपल डोनर भी रहे। अपने जीवन काल में 41 वां बार रक्तदान करते हुए मोहनीश कुमार विक्की ने कहा कि 18 साल की उम्र से हर साल तीन से चार बार रक्तदान करने का सौभाग्य मिल रहा है। उम्मीद है कि इसी तरह रक्तदान कर सकूं। वहीं रक्त वीर शिक्षिका प्रियंका कुमारी ने कहा कि रक्तदान कीजिए।

### नक्सली इलाके में होटलों और ढाबों में करायी जा रही थी मजदूरी

## बाल मजदूरों को कराया गया मुक्त



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले में बाल मजदूरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गयी है। बाल श्रम के खिलाफ गठित विशेष टीम ने छापेमारी कर सात बाल मजदूरों को मुक्त कराया है। मुक्त कराये गये बाल मजदूर चतरा के कुंदा, पलामू के पांकी और मनातू के रहने वाले हैं। दरअसल, पलामू क्षेत्र में एक माह से बाल श्रम के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी सिलसिले में जिला श्रम पदाधिकारी एतवारी महतो, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश कुमार, सीडब्ल्यूसी सदस्य धीरेंद्र किशोर के नेतृत्व में पांकी क्षेत्र में छापेमारी की गयी।पांकी के विभिन्न क्षेत्रों में छह होटलों और ढाबों में यह छापेमारी की गयी। इस दौरान सात बाल मजदूरों को मुक्त कराया गया। बाल मजदूरों ने बताया कि उन्हें महीने में तीन से चार हजार रुपये मजदूरी मिलती है। सीडब्ल्यूसी की पहल पर मुक्त कराये गये सभी बाल मजदूरों को बाल गृह में रखा गया है। बच्चों के परिजनों को इसकी सूचना दे दी गयी है। सीडब्ल्यूसी सभी के परिजनों की काउंसलिंग कर बच्चों को उनके हवाले करेगी। जिला श्रम पदाधिकारी एतवारी महतो ने बताया कि मुक्त कराये गये सभी बच्चों का सामाजिक-आर्थिक मूल्यांकन किया।

## घाघरा कॉलेज मोहल्ला निवासी सुदर्शन इंडो के घर में अचानक लगी आग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**घाघरा :** कॉलेज मोहल्ला निवासी सुदर्शन किंडो के घर में शुक्रवार की दोपहर अचानक आग की लपटे और धुआं दिखाई दी। आनंद फानन में आस पड़ोस के लोग भी पहुंचे और सभी पानी की व्यवस्था कर आग पर काबू पाया गया। घटना की जानकारी देते हुए अनंत लोक किंतु ने बताया कि वह और इसका एक दोस्त मैनेजर उरांव सोया हुआ था और बाहर खूब हल्ला सुनाई देने लगा। उठकर देखा तो जहां सोए हुए थे उसके बगल वाले कमरे में आज की लपेट तेज हो रही थी और पूरा घर धुआंमय हो चुका था। जिसके बाद हमारे पड़ोसियों और घरवालों की मदद से आज पर काबू पाया गया लेकिन महत्वपूर्ण डॉक्यूमेंट के साथ-साथ टेबल पर रखें कई किताब कॉपियां और कीमती सामान जलकर खाक हो गया। बताते चले की घटना किस कारण घाटी कैसे आग लगे इसे अभी कुछ भी नहीं कहा जा सकता है।

## रेल अधिकारियों के कारण ट्रैक मैनों को नहीं मिल सकेगा लाभ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** सैकड़ों ट्रैक मैनों को आर्थिक उन्नयन के लाभ से रेल अधिकारियों की लापरवाही और संवेदनहीनता से बंचित रह जायेंगे। उक्त जानकारी ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री सह धनबाद मंडल के पीएनएम प्रभारी ज्याऊद्दीन ने दी। उन्होंने कहा कि हर रेलकर्मी के कार्यों का वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट तैयार किया जाता है। रिपोर्ट के आधार पर उसे पदोन्नति या आर्थिक उन्नयन का लाभ दिया जाता है। सब कुछ सामान्य रहने पर अधिकारी द्वारा कर्मचारियों के मूल्यांकन शीट में वेरी गुड अंकित करने पर कर्मचारी को आर्थिक उन्नयन का लाभ दिया जाता है। लातेहार में पदस्थापित सहायक मंडल अभियंता ने संवेदनहीनता का परिचय देते हुए अपने अधीन कार्यरत सैकड़ों ट्रैक मैनों के वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन में आवश्यक ग्रेडिंग से नीचे ग्रेडिंग अंकित कर सभी के जीवन में हताशा भर दिया है।ज्ञात हो कि ज्याऊद्दीन अपनी पदयात्रा के दौरान पिछले दिनों हेन्दगीर स्टेशन से खलारी स्टेशन और बीच सेक्शन में काम कर रहे ट्रैकमैन व परिचालन विभाग के रेलकर्मियों से जाकर मिले और उनसे उनके समस्याओं की जानकारी ली। पदयात्रा में ईसीआरकेयू के सहायक महामंत्री ओमप्रकाश, एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओपी शर्मा तथा बरकाकाना शाखा सचिव महेन्द्र प्रसाद महतो सहित कई रेलकर्मी उपस्थित थे।

## अरविंद हत्याकांड़ में आरोपी दोस्त भेजा गया जेल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** टाइल्स मिस्त्री हत्याकांड़ में पुलिस ने आरोपी शैलेश उरांव को जेल भेज दिया है। इस संबंध में केस के अनुसंधानकर्ता राजेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपी ने जुर्म स्वीकार कर लिया। जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया है। वहीं पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। जानकारी के अनुसार हत्याकांड़ का मूल कारण बहन पर गलत नजर रखने और लेन-देन को लेकर उत्पन्न विवाद है। नशे में इस कांड को अंजाम दिया गया है। 28 वर्षीय अरविंद मुखिया बेगुसराय का रहने वाला था। जो सालों से चेटर इलाके में किराए के मकान में रहकर टाइल्स मिस्त्री का काम करता आ रहा था। मंगलवार को चेटर इलाके के ही शैलेश उरांव सहित अन्य के साथ उसने शराब का सेवन किया। इसके बाद अरविंद शराब के नशे में शैलेश के घर पर ही रूक गया। जबकि दूसरे साथी लौट गए। इसी दौरान शैलेश व अरविंद ने पुनः शराब पी और दोनों के बीच पिछली बातों को लेकर विवाद हो गया। जिसके बाद शैलेश ने उसकी हत्या कर दी।

### बकरीद में विधि व्यवस्था संधारण के लिए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक सम्पन्न

# सोशल मीडिया पर अफवाह फैलानेवालों पर की जायेगी कड़ी कर्रवाई



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त गरिमा सिंह के निदेर्शानुसार उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को आगामी ईद-उल-जोहा (बकरीद) में सुरक्षा व्यवस्था व विधि व्यवस्था संधारण हेतु जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में उप विकास आयुक्त ने कहा कि आगामी त्योहारों को देखते हुए विधि व्यवस्था को सुदृढ़ बनाएं रखने की आवश्यकता है। साथ ही हमें विशेष एहतियात एवं निगरानी बरतने की आवश्यकता है, ताकि शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में आगामी त्योहारों को संपन्न कराया जा सके। उन्होंने सभी प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को बकरीद पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु पूरी चौकसी बनाए रखने का निर्देश दिया। सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान यदि किसी शरारती तत्व द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने की कोशिश की गई, तो उसके विरुद्ध कड़ी कारवाई की जाएगी। उन्होंने बकरीद पर्व पर असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं दंडाधिकारियों को पूरी सतर्कता एवं सजगता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। सभी थाना तैयारी के साथ-साथ सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था रखें। सभी संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी एवं गश्ती करने का निर्देश दिया।बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार कौशल कुमार, सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह, डीएसपी मुख्यालय संजीव कुमार मिश्रा, जिला स्तरीय पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी व वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रखंड विकास पदाधिकारी, थाना प्रभारी जुड़े थे।

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी**
**नया समाहरणालय भवन, ब्लॉक-सी०, चाईबासा रोड, खूँटी – 835210**
**Email ID – jepkhunti@gmail.com**

**निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12 (1)(सी.) के अन्तर्गत 25% रिक्त सीट में नामांकन से संबंधित आम–सूचना**

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम् 2009 की धारा 12 (1)(सी.) के अन्तर्गत सत्र 2024–25 में जिले के गैर सहायता मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों क्रमशः 1. एस. एस.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, खूँटी 2. टी.सी.आई.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, गोविन्दपुर रोड, कर्रा 3. चिल्ड्रेन ऑफ द न्यू डॉन, तोरपा 4. कैथरीन अकादमी, मुरहू की प्रवेश कक्षा के 25% सीट पर नामांकन हेतु प्रकाशित सूचना के आलोक में jepkhunti.in पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए, जिनका निष्पादन किया जा चुका है। वर्त्तमान में संबंधित विद्यालयों की प्रवेश कक्षा में 25% सीट अभी भी रिक्त हैं।

उक्त परिप्रेक्ष्य में शेष रिक्त स्वीकृत सीट के विरूद्ध माता–पिता/अभिभावकों से आवेदन आमंत्रित करने के निमित्त दिनांक 24.06.2024 तक तिथि निर्धारित की जाती है। आवेदन सिर्फ ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किया जाएगा। नामांकन हेतु विद्यालय का नाम, प्रवेश कक्षा, योग्यता एवं आवेदन करने संबंधी विस्तृत जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध है।

संबंधित सभी माता–पिता/अभिभावकों से अनुरोध है कि अपने बच्चों के नामांकन के लिए निर्धारित अवधि में ऑनलाइन पोर्टल jepkhunti.in के माध्यम से आवेदन करेंगे।

ह0/–
जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी।

PR.NO.326414 District(24-25):D

## एक झलक

### कोडरमा घाटी में ऐश लदा कंटेनर पलटा, दो घायल

**कोडरमा :** घाटी में शुक्रवार की सुबह आठ बजे ऐश लोड कंटेनर के दुर्घटनाग्रस्त होने से दो लोग घायल हो गए। घायलों को हाईवे पेट्रोलिंग पुलिस ने सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचा। घायलों की पहचान कोडरमा के नावाडीह निवासी मोहम्मद आफताब अंसारी (27) एवं मो. आबीर अंसारी (19) के रूप में हुई है। घायलों में एक कंटेनर वाहन का चालक है जबकि एक उपचालक है। घायलों ने कहा कि कोडरमा के बांझेडीह से फ्लाई ऐश लोड करके कंटेनर से बिहार के पटना जा रहे थे। इसी दौरान कोडरमा घाटी में वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसकी सूचना देने के बाद क्रेन की मदद से चालक को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। इस दौरान रांची पटना रोड लगभग एक घंटा तक जाम रहा। घायल चालक को बाहर निकाल कर पीसीआर की मदद से कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया, जहां इलाज चल रहा है। वहीं क्रेन से गाड़ी को साइड कराकर परिचालन शुरू कराया गया। साइकिल सवार घायल कोडरमा जिले के तिलैया थाना क्षेत्र के झुमरी में शुक्रवार की सुबह एक साइकिल सवार युवक को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दिया, जिससे साइकिल सवार घायल हो गया। घायल युवक की पहचान झुमरी निवासी 27 वर्षीय मंसूर के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की सहायता से घायल युवक को सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया।

### अपर समाहर्ता आमजनों की समस्याओं से हुई रूबरू

**कोडरमा :** अपर समाहर्ता पूनम कुजुर द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों की समस्या सुना गया। उन्होंने सभी लोगों से एक-एक कर समस्याएं सुनी। आमजनों ने अपनी अपनी समस्या यथा आवंटन उपलब्ध कराने, आयुष्मान कार्ड बनाने, जमीन पर कब्जा कर भवन बनाने, घर का मरम्मती और बोरिंग नहीं करने देना, चापानल की मरम्मती करने समेत समेत कई मामलों पर आवेदन अपर समाहर्ता के समक्ष रखा। अपर समाहर्ता ने सभी शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनने के पश्चात संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवेदनों का जांच करते हुए जल्द से जल्द समाधान करने का निर्देश दिये।

### मनोज सहाय पिंकू ने नवनिर्वाचित विधायक को पुष्प गुच्छ देकर जीत की दीं शुभकामनाएं

**कोडरमा :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव सह गांडेय विधानसभा प्रभारी मनोज सहाय पिंकू ने गांडेय से नवनिर्वाचित विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन से उनके रांची स्थित निवास स्थान पर औपचारिक मुलाकात किया तथा पुष्प गुच्छ देकर जीत की शुभकामनाएं प्रेषित किया। साथ में प्रदेश कांग्रेस महिला सचिव प्रीति सहाय भी उपस्थित रहीं। श्री सहाय ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा कोडरमा में अभ्रक के रोजगार को पुनर्जीवित करने हेतु किए गए प्रयास की सराहना करते हुए श्रीमती सोरेन से निवेदन किया कि केंद्रीय एजेंसीयों द्वारा अभ्रक में लिथियम पार्टिकल के जांच की प्रक्रिया को सरल बनाते हुए कोडरमा वासियों को अभ्रक एवं ढिबरा स्क्रैप रोजगार की सौगात प्रदान किया जाए। श्रीमती सोरेन ने कहा कि उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल वासियों के लिए इस पर सकारात्मक पहल करने का प्रयास करूंगी।

### लाचार विद्युत आपूर्ति को लेकर नीरा यादव ने अधिकारियों के साथ की आपात बैठक, कहा

# कल से यदि 18 घंटे बिजली नहीं, तो होगा आन्दोलन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** लचर अनियमित बिजली आपूर्ति को लेकर झुमरी तिलैया नगर अवस्थित मुख्य बिजली कार्यालय में विभाग के अधीक्षण अभियंता सुधांशु, कार्यपालक अभियंता सुब्रत बनर्जी, सहायक अभियंता गजेंद्र टोप्पो, संदीप कुमार, कनीय अभियंता उज्जवल कुमार तिवारी, हरी कृष्णा केसरवानी, कर्मा उरांव, अवतेश कुमार की उपस्थिति में आपात आवश्यक बैठक की गई। बैठक में नीरा यादव ने कहा पहले 22 घंटे बिजली आपूर्ति रहने के बाद कुछ वर्षों से प्रतिदिन 12 घंटे से कम क्यों हो गई, दूसरा प्रश्न की कई स्थानों पर ए.बी. स्विच क्यों नहीं लगा है, इस कारण तार फॉल्ट के कारण समूचे शहर का बिजली काटी जाती है । तीसरा आपने पूर्व की जर्जर तार कितनी बदली गयी। नीरा यादव ने अधीक्षण अभियंता को झाड़ लगाते हुए बोली मेरे तीनों प्रश्न का जवाब तुरंत दीजिए। सारे प्रश्नों का जवाब देने में आधिकारी असमर्थ दिखे । 25 मेगावाट शहर के लिए स्वीकृत थी उसे उद्योग और प्लांट या व्यवसायिक स्थानों में खपत की जा रही है। दूसरे प्रश्न के अनुसार दो तीन जगह ए.बी. स्विच लगा है पर कोई भी चालू नहीं है। अधीक्षण अभियंता के अनुसार

### विभागीय अधिकारी विधायक के प्रश्न से हड़बड़ाये नजर आये



जिला को 65 मेगावाट जेबीभीएनएल से मिलती है, फिर भी शहर को 8 से 12 घंटे ही बिजली क्यों मिलती है। विधायक को इमरजेंसी नंबर दिया गया, जिसे सभी दिया गया विभागीय चार इमरजेंसी नंबर में सतर्कता को जांचने के लिए स्वयं कॉल कर चेक किया। लोगों ने शिकायत में कहा कि ओवरहेड तार भी बहुत जगह नहीं लगा है । अधीक्षण अभियंता ने विधायक को आश्वस्त करते हुए अपना आपातकालीन व्हाट्सएप 9431135704 नम्बर आम लोगों को जारी करते हुए बताया कि इस नंबर पर बिजली संबंधी शिकायत मिलने पर उसकी तुरंत निराकरण की जाएगी । नीरा यादव ने कड़े शब्दों में अल्टीमेटम देते हुए कहा कि कल से यदि हमें अठारह घंटे प्रतिदिन बिजली नहीं मिलेगी तो हमलोग आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। मौके पर संजय शर्मा,पंकज बरनवाल, विशाल सिंह नीलू, अनुराग सिंह,अजय झा,कमलेश कमल, संजीव यादव, नवीन चौधरी, बलराम यादव, रामबालक चौधरी, अर्जुन सिंह, सुधीर सेठ, सोनू चंद्रवंशी, सुरेंद्र शर्मा, सुभाष वर्णवाल, महेश राम,सुदीप्तो घोष, रानू शर्मा आदि स्थानीय उपस्थित थे।

## शपथ पत्र

मैं मेघलाल महतो स्वर्गीय चमन महतो, उम्र लगभग- 54वर्ष, धर्म- हिन्दू, पेशा कृषि, राष्ट्रीयता-भारतीय निवास ग्राम- सरवाहा , पोस्ट- चरही जिला-हजारीबाग (झारखण्ड) 825356 शपथपुर्वक निम्नलिखित बयान करता हूं-

1. यह कि मेरी पत्नी का सही एवं वास्तविक नाम कुमारी सुनन्दा महतो (KUMARI SUNANDA MAHTO) जो उसके आधार कार्ड संख्या-369124638265 में दर्ज है।
2. यह कि, इग्नू विश्वविद्यालय के डीपीई -062358705 में मेरी पत्नी के भुलवश मेरी पत्नी का नाम सुनन्दा देवी SUNANDA DEVI दर्ज हो गया है।
3. यह कि, यह शपथ पत्र मैं अपनी पत्नी के इग्नू विश्वविद्यालय में दर्ज गलत नाम सुनन्दा देवी (SUNANDA DEVI) के स्थान पर सही एवं वास्तविक कुमारी सुनन्दा महतो (KUMARI SUNANDA MAHTO ) दर्ज करवाने हेतू बना रहा।
4. यह कि, उपरोक्त कथन मेरी जानकारी एवं विश्वास में सत्य व सही है। दिनांक-014/06/2024

## जमशेदपुर में ट्रेन की चपेट में आने से तीन की मौत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पूर्वी सिंहभूम :** जिले के गोविंदपुर हॉल्ट पर ट्रेन की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक पुरुष और दो बच्चे हैं। मृतकों की अबतक पहचान नहीं हो पाई है। घटना के संबंध में बताया गया है कि गोविंदपुर रेलवे हॉल्ट के पास से सुबह एक ट्रेन गुजर रही थी। इस दौरान पोल संख्या 242/सी के पास ट्रेन की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई। शवों को एमजीएम मेडिकल कॉलेज स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया है। गोविंदपुर थाना प्रभारी प्रकाश कुमार ने बताया कि स्टेशन मास्टर ने सुबह फोन पर घटना की सूचना दी। घटना गोविंदपुर हाल्ट से थोड़ी दूरी पर हुई है। पुलिस आत्महत्या के बिंदु पर भी जांच कर रही है। शव को देखकर लगता है कि रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से हादसा हुआ है। शव की पहचान के लिए आसपास के लोगों की मदद ली जा रही है। पहचान होने के बाद ही कुछ स्पष्ट हो पायेगा।

## एक्सिस बैंक ने रांची के पतरातू घाटी व बांध में स्वच्छता व वृक्षारोपण अभियान चलाया

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** विश्व पर्यावरण दिवस 2024 के अवसर पर, भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने रांची में पतरातू घाटी और बांध में एक सफाई अभियान के रूप में 'ओपन फॉर द प्लैनेट क्लीन-ए-थॉन' का आयोजन किया। इस पहल में बैंक के ब्रांच कर्मचारियों, लोकल कम्युनिटीज, पर्यावरण एक्टिविस्ट/इन्फ्लुएंसर्स और स्थानीय अधिकारियों सहित 120+ से अधिक वॉलंटियर्स ने हिस्सा लिया और पर्यटन स्थल से 107 किलो कचरा एकत्र किया। वृक्षारोपण अभियान भी आयोजित किया गया जिसमें 40 से अधिक पौधे लगाए गए। वालंटियर्स ने स्थानीय लोगों को पर्यावरण बचाने और साफ-सफाई के बारे में भी शिक्षित किया। इस अवसर पर झारखंड पर्यटन विकास निगम की पर्यटन निदेशक आईएएस अंजलि यादव, जिंदल स्टील एंड पावर के एचआर एवं एडमिन श्री अजय झा, एक्सिस बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख (लायबिलिटी सेल्स) श्री आकाश कुमार और एक्सिस बैंक के सर्किल प्रमुख श्री निहार पांडा उपस्थित रहे। बैंक का ₹ओपन फॉर द प्लैनेट₹ क्लीन-ए-थॉन कैंपेन 5 से 12 जून तक चलेगा। ये कैंपेन पूरे भारत में 20 से ज्यादा लोकप्रिय पर्यटन स्थलों को कवर करेगा, जिनमें मुंबई, पुणे, वाराणसी, नई दिल्ली, गुवाहाटी, विशाखापत्तनम और हैदराबाद जैसे शहर शामिल हैं। ये पहल संयुक्त राष्ट्र के विश्व पर्यावरण दिवस 2024 के मुख्य विषय हमारी धरती, हमारा भविष्य, हम हैं #Generation Restoration" के अनुरूप है।



## खनन विभाग ने छापेमारी कर अवैध बालू लदा ट्रैक्टर किया जब्त



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो :** विजया जाधव के निर्देश पर अवैध खनन-परिवाहन पर रोक को लेकर खनन विभाग द्वारा छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। जिस पर शुक्रवार को खनन विभाग की टीम ने जीरीडीह थाना अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में अवैध खनन परिवहन पर रोकथाम को लेकर छापेमारी अभियान चलाया। जिसमें टीम ने फोरलेन चौक मुख्य सड़क से एक ट्रैक्टर को अवैध रूप से बालू का उत्खनन कर प्रेषण करते हुए पकड़ा। जिसे टीम ने जब्त कर पुलिस बल के सहयोग से जरीडीह थाना परिसर में लाया एवं संबंधित के विरुद्ध थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। छापेमारी अभियान टीम में खान निरीक्षक जितेन्द्र कुमार, खान निरीक्षक सीताराम टुडू व पुलिस बल मौजूद थे।

## 17 को आठ बजे ईदगाह में अदा की जायेगी ईद-उल-अजहा की नमाज

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लोहरदगा :** ईद उल अजहा की नमाज 17 जून को नगर क्षेत्र में चार जमातों में अदा की जाएगी। अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष अब्दुल रउफ अंसारी व सचिव शाहिद अहमद बेलू ने जिलावासियों से अपील किया कि बकरीद का त्योहार खुशियों के साथ शान्तिपूर्ण माहौल में मनाएं। साथ ही कुबार्नी एहतियात के साथ पर्दे में दें और एक-दूसरे का ख्याल रखते हुए त्योहार मनाएं। अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष अब्दुल रउफ अंसारी व सचिव शाहिद अहमद बेलू ने संयुक्त रूप से प्रेस बयान जारी कर कहा कि ईद-उल-अजहा की पहली जमात सुबह 6:30 बजे मस्जिदे कुरैश, मस्जिदे अहसनी और मस्जिदे रशीद में अदा की जाएगी। जामा मस्जिद और बेलाल मस्जिद को छोड़ कर बाकी बचे हुए मस्जिदों में 7.00 बजे ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की जाएगी। तीसरी जमात ईदगाह में सुबह 8:00 बजे अदा की जाएगी। चौथी और आखिरी जमात जामा मस्जिद और बेलाल मस्जिद में 8:15 पर अदा की जाएगी।




### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न, दिये जरूरी दिशा-निर्देश

# लम्बित योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण करें : उपायुक्त

- सभी विभाग आपसी सहयोग एवं समन्वय के साथ कार्य कर जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लायें
- पात्र लाभुकों को सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ दें



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा किया गया। सभी पात्र लाभुकों को लाभान्वित करने तथा समस्याओं का यथाशीघ्र निष्पादन करते हुए लक्ष्य के अनुरुप योजनाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश डीसी ने दिए। सभी विभागों के पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आपसी सहयोग एवं समन्वय के साथ कार्य कर ग्रामीण विकास की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लाने की आवश्यकता है। इसमें सभी पदाधिकारी अपने स्तर से गुणवत्तापूर्ण कार्य करना सुनिश्चित करें। ग्रामीण विकास की योजनाएं जैसे मनरेगा, शहीद पोटो हो खेल योजना, अबुआ आवास योजना और बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, सामाजिक सुरक्षा योजना सहित विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की अद्यतन समीक्षा करते हुए योजनाओं को प्राथमिकता देकर पूर्ण करने का निर्देश उपायुक्त ने दिया। निर्देशित किया गया कि सरकार की महत्त्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उतारने में सक्रियता से कार्य किया जाना चाहिए और लंबित योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण करें।

### जिला गंगा समिति की बैठक में एनजीटी मामले के अनुपालन प्रतिवेदन पर चर्चा

# विभिन्न औद्योगिक इकाइयों, विभागों को 12 तक अद्यतन प्रतिवेदन समर्पित करने के निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो :** शुक्रवार को उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर समाहरणालय स्थित सभागार में जिला गंगा समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार ने किया। बैठक में नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल आवेदन संख्या 200/2014 में 10 अप्रैल.2024 को पारित आदेश के अनुपालन को लेकर अब तक की गई कार्रवाई एवं पूर्व में इसको लेकर आयोजित बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन प्रतिवेदन पर विस्तार से चर्चा की गई।



बैठक में नोडल पदाधिकारी ने विभिन्न सरकारी-निजी औद्योगिक इकाई द्वारा पूर्व में उपलब्ध कराएं गए प्रतिवेदनों की जानकारी दी। बताया कि एनजीटी द्वारा 10 अप्रैल 2024 को दिए आदेश के आलोक में जिले से समेकित प्रतिवेदन पुनः एनजीटी को समर्पित किया जाना है। एनजीटी द्वारा सीवेज, म्युनिसिपल सॉलिड वेस्ट डिस्पोजल, कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन वेस्ट, इंडस्ट्रियल ईफ्लूएंट डिस्चार्ज, रेगुलेशन ऑफ फ्लड प्लेन जोन, बायो मेडिकल वेस्ट, मीनिंग आदि बिंदुओं पर संबंधित विभाग, उद्योग, प्राधिकार, अर्बन लोकल बाडी से जवाब तलब किया है। इसी को लेकर सभी संबंधित बोकारो स्टील प्लांट, नगर निगम चास, नगर परिषद फुसरो, बियाडा, सीसीएल कथारा, वेदांता, सिविल सर्जन बोकारो, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग चास, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई कार्यालयों, जल संसाधन विभाग, जिला खनन कार्यालय बोकारो, सीसीएल ढ़ोरी, सीसीएल बी एंड के करगली, सीटीपीएस, बीटीपीएस, टीटीपीएस, बीपीएससीएल, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग तेनुघाट, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र एवं करखाना निरीक्षक के कार्यालय को पुनः अद्यतन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। इस पर जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी ने आगामी सोमवार तक सभी विभागों को अपना प्रतिवेदन एनजीटी द्वारा मांगी जानकारी के अनुसार विधि शाखा को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

कार्यालय, जिला परिषद्,लोहरदगा
(अभियंत्रण कोषांग)
Phone Number:- 06526-222064 email-id: zplohardaga@gmail.com

अति अल्पकालीन नीलामी सूचना( 2nd Call)

लोहरदगा में दीदी कैफे निर्माण स्थल मौजा–हरमू खाता संख्या–220 प्लॉट सं0–126 में अवस्थित 21 लिप्टस पेड की नीलामी दिलांक 21.06.2024 को अपराह्न 01:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में की जायेगी। इच्छुक डाकवक्ता डाक से पूर्व पहचान पत्र एवं 20,000/–(बीस हजार रूपये) का बैंक ड्रॉफ्ट (जिला अभियन्ता, जिला परिषद् लोहरदगा के नाम से निर्गत) जमा कर डाक में भाग ले सकते हैं।

डाक की न्यूनतम राशि 200000/–(दो लाख ) रूपये होगी।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद, लोहरदगा

PR 326480 Lohardaga(24-25).D

DEPARTMENT OF HEALTH & FAMILY WELFARE, JHARKHAND
DISTRICT RURAL HEALTH SOCIETY GUMLA
Sadar Hospital Campus GUMLA
Phone No. 06524-223080
Email :- cs.gumla@gmail.com

निविदा सं0 1815/ गुमला, दिनांक 12.06.2024/

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

भी0बी0डी0 कार्यकम अंतर्गत मलेरिया उन्मूलन हेतु Cyfluthrin 10% (wdp) (Specification संलग्न) का कय किया जाना है। उक्त सामग्री के आपूर्ति हेतु इच्छुक निविदादाताओं से दिनांक 21.06.2024 के अपराह्न 02.00 बजे तक सिविल सर्जन कार्यालय, गुमला में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि | 21.06.2024 के अपराह्न 02.00 बजे तक |
| निविदा समर्पित करने का स्थान एवं पता | सिविल सर्जन कार्यालय, सदर अस्पताल परिसर, गुमला झारखण्ड पिन न0 835207 |
| निविदा खुलने की तिथि | 21.06.2024 के अपराह्न 03.00 बजे |
| निविदा खुलने का स्थान | सिविल सर्जन कार्यालय, गुमला। |

➢ नोट – निविदा से संबंधित शर्तें/निविदा शुल्क/अग्रधन की राशि आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी समाचार पत्रों पर निविदा प्रकाशन के उपरांत सिविल सर्जन कार्यालय गुमला के सूचना पट्ट पर एवं जिला गुमला के वेबसाइट http://gumla.nic.in पर देखी जा सकती है।

असैनिक शल्य चिकित्सक –सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गुमला।

PR 326423 Health Med Edu and Family Welfare(24-25)D

कार्यालय जिला परिषद, खूँटी

कार्यालय आदेश सं०– 03/2024–25 दिनांक–12.06.2024

अति अल्पकालीन बन्दोवस्ती हेतु आमसूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक–02.12.2023 को जिला परिषद, खूँटी की बैठक में लिए गए निर्णय एवं विभागीय आदेश संख्या–2713 दिनांक–30.12.2022 के आलोक में निम्नांकित स्थावर संपत्ति कर्रा, तोरपा, रनियां एवं खूँटी प्रखण्ड में नवनिर्मित गोदामों को किराये पर आवंटित किया जाना है। उक्त आवंटन निलामी के माध्यम से अधिकतम बोली लगाने वाले को किया जाएगा।

विवरणी निम्न प्रकार है:–

| क्र० | गोदाम का नाम | प्रखण्ड का नाम | निमार्ण का कुल क्षेत्रफल (वर्ग फुट) में | न्यूनतम निर्धारित किराया प्रतिमाह प्रतिवर्ग फीट | अग्रधन की राशि | आवेदन पत्र की राशि (वापसी योग्य नही) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | कर्रा गोदाम | कर्रा | कुल क्षेत्रफल 2285 sq.ft | 06 रू० प्रतिवर्ग फीट | (50,000.00) पचास हजार रू० | 500.00 पाँच सौ रू० | |
| 2 | तोरपा गोदाम | तोरपा | कुल क्षेत्रफल 2285 sq.ft | 06.50 रू० प्रतिवर्ग फीट | (50,000.00) पचास हजार रू० | 500.00 पाँच सौ रू० | |
| 3 | रनियां गोदाम | रनियां | कुल क्षेत्रफल 2285 sq.ft | 05.08 रू० प्रतिवर्ग फीट | (50,000.00) पचास हजार रू० | 500.00 पाँच सौ रू० | |
| 4 | खूँटी गोदाम | खूँटी | कुल क्षेत्रफल 2285 sq.ft | 05.08 रू० प्रतिवर्ग फीट | (50,000.00) पचास हजार रू० | 500.00 पाँच सौ रू० | |

उपरोक्त प्रखण्डों में नवनिर्मित गोदामों को किराये पर आवंटित करने हेतु अति अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति में खुली बोली के माध्यम से आवेदन आमंत्रित की जाती है। दिनांक–22/06/2024 को 02.00 बजे अपराह्न तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इच्छुक फर्म/संस्थान/गैर सरकारी संस्था/स्वयं सहायता समूह/व्यक्ति कार्यालय द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो के अधीन मुहरबंद लिफाफे में आवेदन जमा कर सकते है। प्राप्त आवेदनों का निष्पादन दिनांक–22/06/2024 को अपराह्न 3.00 बजे गठित चयन समिति के समक्ष की जायेगी। इच्छा की अभिव्यक्ति समर्पित करने वाले इच्छुक फर्म/संस्थान/गैर सरकारी संस्था/स्वयं सहायता समूह/प्रोपराइटर/अध्यक्ष/सचिव/स्वयं बैठक में उपस्थित रहेंगे। इच्छा की अभिव्यक्ति में भाग लेने संबंधित नियम एवं शर्तें तथा आवेदन पत्र प्रारूप कार्यालय अवधि में सूचना पट्ट एवं विभागीय वेबसाईट http://www.khunti.nic.in में अवलोकन किया जा सकता है।

ह०/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद,खूँटी

PR 326403 District(24-25).D

## एक झलक

### अवैध हथियार के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अररिया** : अररिया के भरगामा थाना पुलिस ने अवैध हथियार के साथ सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड करने वाले आरोपी गोविंद कुमार पिता –रामदेव पासवान को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। एसपी अमित रंजन को यह गुप्त सूचना मिली थी कि भरगामा के मनुल्लाहपट्टी गांव में एक युवक हथियार के साथ है और वह कभी भी आपराधिक वारदात को अंजाम दे सकता है। जिस युवक को लेकर एसपी को जानकारी मिली थी कि उसी युवक के द्वारा पिछले दिनों सोशल मीडिया पर अवैध हथियार के साथ अपनी तस्वीर भी पोस्ट किया था। एसपी के निर्देश पर ही भरगामा थाना पुलिस थानाध्यक्ष मनीष कुमार के नेतृत्व में एसआई संजय कुमार सिंह और पुलिस बलों के साथ छापेमारी कर आरोपित युवक को हथियार के साथ गिरफ्तार किया। मामले को लेकर गिरफ्तार आरोपी गोविंद कुमार के खिलाफ भरगामा थाना में प्राथमिकी कांड संख्या 163/24 दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### व्यवसायी से लूट मामले में दो गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण** : जिले के घोड़ासहन थाना क्षेत्र में व्यापारी को गोली मारकर लूट की घटना को अंजाम देने के मामले में पुलिस ने दो अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी में घोड़ासहन थाना क्षेत्र का रूपेश कुमार व विवेक कुमार शामिल है। अपराधियो के पास से एक देशी कट्टा,दो जिंदा कारतूस,घटना में प्रयुक्त दो बाइक व दो मोबाइल जब्त किया गया है। रूपेश के विरुद्ध चिरैया में एक व घोड़ासहन में 4 आपराधिक मामले दर्ज हैं। वही विवेक के विरुद्ध घोड़ासहन में 8 मामले अंकित है। जिसमे ज्यादातर शराब से जुड़े मामले है।बता दे कि 11 जून की रात व्यापारी से लूट की गई थी और लूट के दौरान ही उसे दो गोली मारी गई। जिसे गम्भीर स्थिति में मोतिहारी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस टीम में सिकरहना डीएसपी अशोक कुमार,धनन्जय कुमार सर्किल इंस्पेक्टर छौड़ादानो,इंस्पेक्टर अनुज कुमार पांडेय व अमित कुमार टेक्निकल सेल,शंभू मॉझी घोड़ासहन थानाध्यक्ष सहित पुलिस बल शामिल थे।

### बिहार विधान परिषद के सभापति देवेश चन्द्र का पद से इस्तीफा

**पटना** : बिहार विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर ने पद से त्यागपत्र दे दिया है। वे 25 अगस्त, 2022 को बिहार विधान परिषद के सभापति चुने गये थे। इससे पूर्व वे तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से सन 2002 में निर्दलीय एवं 2008 में जनता दल (यू.) से बिहार विधान परिषद के सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए। सन 2008 में बिहार सरकार में आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री रहे। सन 2014 में तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय सदस्य के रूप में तथा 2020 में जनता दल (यू) से तिरहुत स्नातक क्षेत्र से बिहार विधान परिषद के सदस्य निर्वाचित हुए।

### फ्रैक्चर पैर में प्लास्टर की जगह लगा दी कार्डबोर्ड की कास्ट

**पटना** : बिहार के मुजफ्फरपुर में एक व्यक्ति, जिसका पैर दुर्घटना में घायल हुआ था, इलाज के लिए सरकारी अस्पताल गया। हालांकि, शख्स को आश्चर्य हुआ, क्योंकि डॉक्टरों ने उसके फ्रैक्चर वाले पैर को ठीक करने के लिए कार्डबोर्ड की कास्ट का इस्तेमाल किया। इसके बाद जब दूसरे अस्पताल पहुंचा तब वहां के डॉक्टरों ने भी पैर से कार्डबोर्ड की कास्ट को नहीं हटाया। मुकेश कुमार नामक मरीज को मीनापुर इलाके में एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचआई) में भर्ती कराया गया था, वह बाइक चलाते समय दुर्घटना का शिकार हो गया था, जिसके बाद उसके पैर में फ्रैक्चर हो गया था और अन्य चोटें भी आई थीं। डॉक्टरों ने उसकी फ्रैक्चर वाली हड्डी के इलाज के लिए कार्डबोर्ड की कास्ट लगा दी। इसके बाद मुकेश को आगे के इलाज के लिए दूसरे अस्पताल में रेफर कर दिया गया।

# नवादा के डीएम आशुतोष ने दूसरी बार संभाला पदभार

एजेंसी

**नवादा** : नवादा के जिलाधिकारी के रूप में शुक्रवार को दूसरी बार आशुतोष कुमार वर्मा ने पदभार संभाला। वे वर्तमान जिलाधिकारी प्रशांत कुमार से पदभार ग्रहण किया है ।लोकसभा चुनाव के दौरान निर्वाचन आयोग के आदेश पर आशुतोष कुमार वर्मा को चुनाव कार्य से अलग किया गया था ।जिसके बाद आयोग के निर्देश पर प्रशांत कुमार को नवादा का जिलाधिकारी बनाया गया था।



चुनाव संपन्न होने के बाद बिहार सरकार ने आशुतोष कुमार वर्मा को नवादा के जिलाधिकारी के रूप में दूसरी बार पदस्थापित किया है। सरकारी आदेश निकलने के बाद आशुतोष कुमार वर्मा ने शुक्रवार को नवादा समाहरणालय पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर वर्तमान जिला अधिकारी प्रशांत कुमार ,उप विकास आयुक्त दीपक कुमार मिश्रा ,अपर समाहर्ता चंद्रशेखर आजाद सहित अन्य वरीय अधिकारियों ने उनका स्वागत कर पदभार ग्रहण करने में सहयोग किया ।आशुतोष कुमार वर्मा ने कहा कि मैं अपने कार्यकाल के बचे हुए विकास कार्यों को अंतिम रूप दूंगा। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर नवादा में सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाएगा ।इसके लिए हमारे अधिकारी सजगता से काम करेंगे।

# महादलित मुखिया पप्पू मांझी की गोली मार कर हुई हत्या

**नवादा** : नवादा जिले के पकरीबरावां प्रखंड के बुधौली पंचायत की मुखिया पप्पू मांझी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पंचायत में चल रहे राजनीति की वजह से हत्या के आसार लग रहे हैं। गुरुवार की देर रात घटना को अंजाम दिया गया। शुक्रवार को गांव में ही स्थित इंटर विद्यालय के समीप चहारदिवारी से सटे मुखिया का शव पाया गया। गोली मारकर हत्या की गई है। शव को देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा था नजदीक से कनपटी में गोली मारी गई। सूचना के बाद डीएसपी पकरीबरावां महेश कुमार चौधरी और पकरीबरावां थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की। प्रारंभिक जांच में हत्या के पीछे राजनीतिक पाया गया उससे हत्या के पीछे कुछ और कहानी भी हो सकती है। घटनास्थल पर मुखिया का पैंट शर्ट लाश के नीचे रखा था।



जबकि मोबाइल चड्डी के अंदर था। इससे यह भी प्रतीत हो रहा है कि हत्या कही और करके शव को स्कूल के पास लाकर रखा गया हो। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। घटना सामने आने के बाद घर परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। पुलिस शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा लेकर पहुंची है। पप्पू पिछले 2 कार्यकाल से अनुसूचित सीट से मुखिया थे। वैसे, उनका पूरा कामकाज गांव के ही अमरेंद्र नाम के व्यक्ति देखा करते थे। मुखिया पप्पू एक सीधे-साधे किस्म के इंसान थे। मुखिया रहते हुए भी राजनीति से बहुत ज्यादा मतलब नहीं था। उनका काम सबकुछ अमरेंद्र ही देखा करते थे। कैसे हुई घटना बताया गया कि रात में मुखिया के मोबाइल पर कॉल आया था। वे बात करते हुए घर से निकले थे। जिसके बाद अगली सुबह उनका शव पाया गया।

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत 30 धारकों को मिला मोबाईल



एजेंसी

**भागलपुर** : भागलपुर के सिटी एसपी श्रीराज ने शुक्रवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि ऑपरेशन मुस्कान के तहत करीब 4.5 लाख रुपये मूल्य का 30 मोबाईल बरामद कर उसके वास्तविक मोबाईल धारकों को सुपुर्द किया गया। सिटी एसपी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निदेर्शानुसार ऑपरेशन मुस्कान के तहत मोबाईल बरामदगी के लिए निर्देश दिया गया है। इस पर अमल करते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक नगर के निगरानी में कार्य कर रही डीआईयू टीम एवं थाना ने वर्ष 2024 में द्वितीय फेज में आज कुल 30 मोबाईल जिसकी कीमत करीब 4.50 लाख रुपये को बरामद कर वास्तविक मोबाईल धारकों को सुपुर्द किया गया।

# रूपौली विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव में कलाधर मंडल होंगे जदयू उम्मीदवार

एजेंसी

**पटना** : बिहार में रुपौली विधानसभा क्षेत्र का उपचुनाव 10 जुलाई को होगा। इसको लेकर शुक्रवार को जनता दल यूनाइटेड (जदयू) और राजद ने अपने-अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने जदयू पार्टी कार्यालय में ऐलान किया कि पार्टी ने रूपौली विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव के लिए कलाधार मंडल को सिंबल दिया है। शिक्षक की नौकरी छोड़कर राजनीति में आये कलाधर मंडल 2020 के विधानसभा चुनाव में पहली बार निर्दलीय खड़े हुए थे और उन्हें छह हजार से अधिक वोट मिले थे। वर्तमान में इनकी पत्नी मुखिया है। पिछले ही दिनों मंत्री लेशी सिंह ने कलाधर मंडल को सीएम नीतीश कुमार से भी मिलवाया था। इसके बाद अब इनके नाम पर फाइनल मुहर लग गयी है। दूसरी ओर, राष्ट्रीय जनता दल



(राजद) ने रुपौली उपचुनाव में अवधेश मंडल को उम्मीदवार बनाया है। वे 18 जून को नामांकन करेंगे। रूपौली उपचुनाव के लिए 14 से 21 जून तक नामांकन की तिथि है। 24 जून को स्क्रूटनी और 26 जून को नाम वापसी की तिथि है। वहीं, 10 जुलाई को मतदान होगा जबकि 13 जुलाई को मतगणना होगी। जिलाधिकारी ने बताया कि रूपौली विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता की संख्या 313599 है, जिसमें महिला मतदाता 151895 और पुरुष मतदाता 161688 हैं। यहां का लिंगानुपात 939 है।

# पुल नहीं बनाने पर ग्रामीणों ने किया फोरलेन सड़क निर्माण को बाधित

एजेंसी

**भागलपुर** : जिले के पीरपैंती प्रखंड के सलेमपुर पंचायत स्थित फौजदारी गांव में बन रहे फोरलेन सड़क निर्माण कार्य को लेकर शुक्रवार को स्थानीय गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने बाधित कर धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि पुल का निर्माण जब तक नहीं होगा तब तक कार्य नही होने देंगे। पुल नहीं बनने से हम लोगों को काफी समस्या हो रही है। सड़क के उस पार हम लोग का धार्मिक स्थल है। छठ घाट, खेत और पांच गांव के लोगों का आना जाना होता है। सुधांशु यादव ने बताया कि हम लोग एक माह पूर्व फोरलेन विभाग को पुल निर्माण को लेकर आवेदन दिए हैं। उस समय



अधिकारी द्वारा पुल निर्माण का आश्वाशन दिया गया था। लेकिन आज जब अधिकारी से बात किए तो उनके द्वारा बोला जा रहा है कि पुल का निर्माण नहीं होगा, सिर्फ सड़क ही बनेगा। पुल नहीं होने से हमलोगों को बहुत दिक्कत होगी। यहां के आधी से ज्यादा आबादी किसान वर्ग के हैं, जो अपने पशु के लिए चारा, छठ पर्व, कई गांव के लोग का आवागवान सभी चीज बाधित हो जायेगा।

# राष्ट्र और समाज के भविष्य को तराशता है शिक्षक : आनंद कुमार

एजेंसी

**भागलपुर** : भारती शिक्षा समिति एवं शिशु शिक्षा प्रबंध समिति के तत्वावधान में सैनिक स्कूल गणपतराय सलारपुरिया सरस्वती विद्या मंदिर नरगाकोठी में चल रहे नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग के 13वें दिन शुक्रवार का प्रारंभ प्रदेश मंत्री भरत पूर्वे, प्रदेश सचिव प्रदीप कुमार कुशवाहा, वर्ग के प्रधानाचार्य सतीश कुमार सिंह एवं रजौली के प्रधानाचार्य जितेंद्र प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर भागलपुर के आरक्षी अधीक्षक आनंद कुमार ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र और समाज की बुनियाद है। उसके भविष्य को तराशता है। शिक्षक को नवाचार, नए तकनीक, नए-नए तरीके, नए-नए विचारों की जानकारी देने के



लिए यह प्रशिक्षण वर्ग चल रहा है। आज के इस मोबाइल युग में कोई भी चन्द मिनट मोबाइल के बिना नहीं रह पाता है। यह बात सामने आ रही है जो शिक्षकों के लिए बड़ी चुनौती है। छोटे 6 महीने के बच्चे भी मोबाइल की ओर आकर्षित होते जा रहे हैं। मोबाइल देखे बिना खाना नहीं खाते हैं। इसका कारण है मोबाइल में तीव्र गति से गतिविधियां बदलती रहती है। स्क्रीन में बदलाव तीव्र गति से होता हैं, जो बच्चे के लिए हानिकारक भी है। किंतु बच्चे शिक्षा के लिए यूट्यूब चैनल द्वारा या अन्य प्रकार से लाभ लेना चाहते हैं तो उसके लिए फायदेमंद है। आप अपने विषय को सिंपलीफाई करके अध्यापन करें। जिससे कक्ष के सबसे कमजोर बच्चे भी विषय समझ सकें। इस चुनौती को स्वीकार करना होगा तभी योग्य शिक्षक बनेंगे। प्रदेश मंत्री भरत पूर्वे ने कहा कि जब व्यक्ति नए संस्थान में कार्य करने जाता है तो उसे उस स्थान को जानना पड़ता है। इसलिए इस प्रशिक्षण वर्ग में आपको बुलाया गया है। इस प्रशिक्षण वर्ग में बताए गए बातों को सीखकर आप दक्ष हो जाएं अपने कर्तव्य एवं दायित्वों का निर्वहन कर सकें।

# जिले में टीबी के दवा की किल्लत हुई दूर

एजेंसी

**किशनगंज** : जिले में टीबी के दवाओं की किल्लत अब दूर हो गयी है। शुक्रवार को सिविल सर्जन डॉ राजेश कुमार ने बताया की विभागीय स्तर से जिले को जरूरी दवाओं का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध करा दिया गया है। बीते करीब डेढ़ महीने से जिले में टीबी की जरूरी दवाएं अनुपलब्ध था। सरकारी संस्थानों में टीबी की दवा नहीं मिलने से मरीजों को कई परेशानियां उठानी पड़ रही थी। दवाओं का पुराना स्टॉक खत्म होने व विभाग से दवा की आपूर्ति बाधित होने के कारण ये समस्या विकराल रूप ले चुका था। मरीजों को दवा के लिये एक संस्थान से दूसरे संस्थान का चक्कर लगाना पड़ रहा था। स्थानीय बाजार में




दवा की कीमत अधिक होने लोग इसे खरीदने में असमर्थ थे। हालांकि स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्थानीय बाजार से जरूरी दवाओं की खरीदारी कर जरूरतमंद मरीजों को दवा उपलब्ध कराया जा रहा था। लेकिन विभागीय स्तर से किया गया ये वैक्लिपिक इंतजाम अप्रर्याप्त साबित हो रहा था। दवा उपलब्ध हो जाने के बाद मरीजों के साथ-साथ विभागीय अधिकारियों को भी राहत मिली है। गौर करे कि जिले में फिलहाल 900 से अधिक टीबी के सक्रिय मरीज हैं। इसमें एमडीआर के 13 मरीज भी शामिल हैं। संचारी रोग पदाधिकारी डॉ मंजर आलम ने बताया कि विभिन्न सरकारी संस्थानों के माध्यम से चिह्नित टीबी मरीजों की संख्या जिले में 955 है।

# दिनदहाड़े किसान के घर साढ़े तीन लाख की चोरी



एजेंसी

**अररिया** : फारबिसगंज थाना क्षेत्र के मटियारी पंचायत के भट्टाबाड़ी देव टोला में शुक्रवार के दोपहर किसान धीरेंद्र देव के बंद घर में अज्ञात चोरों ने साढ़े तीन लाख रुपए मूल्य की परिसंपत्तियों की चोरी कर ली ।चोरों ने घर के दरवाजे पर लगा ताला को तोड़कर घर में प्रवेश कर घर में लकड़ी के अलमीरा, ट्रंक और गोदरेज को तोड़कर उसमें आरके नगद समेत साढ़े तीन लाख रुपए मूल्य की परिसंपत्तियों की चोरी कर ली। घटना के संदर्भ में पीड़ित किसान धीरेंद्र देव पिता स्व. ब्रज बिहारी देव ने बताया कि बगल में ससुराल में मौत के एक साल बाद होने वाले बरसी के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए परिवार के सभी सदस्यों के साथ गया हुआ था। जाने से पहले घरों में तालाबंदी कर दिया गया था ।करीबन दो घंटे बाद जब बरसी कार्यक्रम से लौटकर घर पहुंचा तो पाया कि दरवाजा का ताला टूटा हुआ है और कमरे का गेट भी खुला है ।कमरे में समान बिखरा पड़ा था और गोदरेज,अलमीरा और ट्रंक से नगद राशि समेत अन्य कीमती समान गायब थे।

# नीट यूजी के परीक्षा परिणाम को लेकर एबीवीपी ने विरोध-प्रदर्शन कर पुतला किया दहन

एजेंसी

**सहरसा** : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) कार्यकताओं ने शुक्रवार को नीट-यूजी 2024 के आयोजन के दौरान गड़बड़ियां और परीक्षा परिणाम को लेकर विरोध-प्रदर्शन कर पुतला भी मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है। उत्तर बिहार के प्रांत विधि कार्य संयोजक ने कहा कि परीक्षा के आयोजन के दिन ही देश के अलग-अलग हिस्सों से गड़बड़ियां सामने आईं थी। अलग-अलग स्थानों से सॉल्वर पकड़े गए थे। कुछ स्थानों पर प्रश्न पत्र बांटने में भी गड़बड़ी मिली थी ।इससे स्पष्ट हो गया कि राष्ट्रीय




परीक्षा एजेंसी ने परीक्षा के आयोजन के लिए आवश्यक तैयारियां नहीं की थी। नीट परीक्षा परिणाम में एक ही सेंटर से कई टॉपर्स होने से संदेह उत्पन्न हो रहा है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी पर पहले भी यूजीसी-नेट आदि परीक्षाओं के आयोजन के संदर्भ में सवाल खड़े हुए थे। पूरे प्रकरण की जांच सीबीआई से होनी चाहिए और इस पर कार्रवाई हो ।एनटीए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को 14 जून को रिजल्ट जारी करना था।

# 60 ग्राम हेरोइन के साथ अररिया का राहुल और नेपाल का आदर्श गिरफ्तार

एजेंसी

**अररिया** : भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर ड्रग्स की तस्करी हो रही है। अररिया से सटे विभिन्न इलाकों में ब्राउन शुगर और हेरोइन जैसे नशीले पदार्थों की लगातार बरामदगी इस बात को स्पष्ट भी करता है। ताजा मामला नेपाल के मोरंग जिला अंतर्गत सुनवर्षी नगरपालिका वार्ड संख्या-09 स्थित डाईनिया बाजार का है। जहां बोलबम पेट्रोल पम्प के समीप हेरोइन के साथ दो कारोबारियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार नशे के सौदागरों में एक भारतीय और एक नेपाली नागरिक है। गिरफ्तार युवक की पहचान अररिया जिले के पोखरिया पंचायत वार्ड संख्या तीन



निवासी राजकुमार राजा के 19 वर्षीय पुत्र राहुल राजा और नेपाल सुनवर्षी के डाईनिया निवासी प्रदुमन कुमार दास के 24 वर्षीय पुत्र आदर्श दास के रूप में की गई है। दोनों को इलाका पुलिस कार्यालय रंगेली और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो विराटनगर की संयुक्त टीम के द्वारा गिरफ्तार किया गया।

# बाल श्रम मुक्ति अभियान में बेहतर कार्य को लेकर पूर्वी चंपारण जिले को मिला प्रथम स्थान

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण** : श्रम संसाधन विभाग की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन एवं बाल श्रम विमुक्ति के लिए किए गए बेहतर कार्य को लेकर जिला को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया है। विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर पटना स्थित दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान आयोजित कार्यक्रम में श्रम मंत्री संतोष कुमार सिंह ने के श्रम अधीक्षक सत्य प्रकाश को इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। इसकी जानकारी देते श्रम अधीक्षक सत्य प्रकाश ने बताया कि पूर्वी चंपारण के डीएम द्वारा समय-समय पर दिए गए मार्गदर्शन से यह संभव हो सका है।




उन्होंने बताया कि रामगढ़वा चिमनी ब्लास्ट के पीड़ितों, आंध्र प्रदेश के बालासुर ट्रेन दुर्घटना के पीड़ितों और गोवा दुर्घटना के पीड़ित परिवारों को 48 घंटे के अंदर देय अनुदान की राशि का भुगतान किया गया। बिहार प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना-2008 के अंतर्गत वित्तीय


श्रम संसाधन विभाग
प्रशस्ति-पत्र
विश्व बाल श्रम निषेध दिवस, 2024
विश्व बाल श्रम निषेध दिवस, 2024 के अवसर पर बाल श्रम विमुक्ति एवं पुनर्वास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले पूर्वी चंपारण जिला के धावा-दल के संयोजक सुश्री/श्री/श्रीमती सत्यप्रकाश श्रम अधीक्षक, पूर्वी चंपारण को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाता है।
(रंजिता)
श्रमायुक्त, बिहार

वर्ष 2023-24 में कुल 20 आवेदन प्राप्त हुए थे,उन सभी 20 आवेदनों का ससमय निष्पादन करते हुए पीड़ित परिवारों को लाभ दिलायी गई। बिहार शताब्दी असंगठित कार्य क्षेत्र कर्मकार कामगार सामाजिक सुरक्षा योजना-2011 अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 115 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें सभी प्राप्त आवेदनों को स्वीकृति प्रदान की गई। बिहार भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 3477 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 3071 आवेदनों को स्वीकृति प्रदान की गई। इसके साथ ही जिलाधिकारी के निर्देश पर बाल श्रम उन्मूलन के लिए जिला में धावा दल की टीम बनाकर लगातार छापेमारी कराई जा रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान कुल 107 बाल श्रमिकों को विमुक्त कराया गया। जिसमें पात्र 62 बाल श्रमिकों में से 51 के नाम से देय राशि फिक्स डिपाजिट कराई गई है। और उनके पुनर्वास की व्यवस्था की गई है।

### 17 जून को बकरीद के मद्देनजर डीएलएड प्रथम वर्ष के लिए 18 जून को होनेवाली परीक्षा स्थगित

**पटना** : 17 जून को बकरीद के मद्देनजर डीएलएड प्रथम वर्ष सत्र 2023-25 के लिए 18 जून को होनी वाली परीक्षा को स्थगित कर दी गयी है। इस संबंध में बिहार बोर्ड की ओर से नोटिस में लिखा है कि बकरीद के मद्देनजर 18 जून को होने वाली परीक्षा को स्थगित किया गया है। परीक्षा कब होगी इसके लिए आगे सूचना जारी की जाएगी। वहीं 19 से 25 जून तक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार परीक्षा होगी। पहली पाली सुबह 9.30 से 12.45 के बीच और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2 स0 शाम 5.15 बजे तक आयोजित होगी। इसके साथ ही एसटीईटी (प्रथम) के तहत 18 जून को आयोजित होने वाले सेकंड पेपर की परीक्षा को भी समिति द्वारा उक्त कारणों से स्थगित कर दिया है।

## एक झलक

### अर्धशतक लगाते ही शाकिब घमंड में आकर बोले कौन सहवाग?

**किंग्सटाउन** : बांग्लादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन टी20 विश्वकप में नीदरलैंड के खिलाफ अर्धशतक लगाने के बाद इस कदर घमंड में आ गये कि उन्होंने वीरेंद्र सहवाग को ही पहचानने से इंकार कर दिया। डच टीम के खिलाफ 64 रन बनाने वाले शाकिब से जब सहवाग का नाम लेकर सवाल पूछा तो उन्होंने उल्टा पूछ लिया किस सवाग की बात कर रहे हैं। इसके बाद उन्हें प्रशंसकों ने सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल किया। शाकिब ने सहवाग पर यह प्रतिक्रिया बांग्लादेश-दक्षिण अफ्रीका मैच के कॉमेंट को लेकर दी है। इसमें बांग्लादेश को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 4 रन से हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच के बाद सहवाग ने शाकिब अल हसन को आड़े हाथों लिया था। सहवाग ने कहा था, मुझे तो ऐसा लगा कि उन्हें विश्व कप के लिए टीम में चुनना ही नहीं चाहिए था बल्कि उन्हें अब तक रिटायर हो जाना चाहिए था। आप इतने सीनियर खिलाड़ी हैं। टीम के कप्तान भी रहे हैं। आपको अपने प्रदर्शन पर शर्म आनी चाहिए। अगर आपको अनुभव के लिए विश्व कप टीम में चुना जाता है, तो ये साबित करें कि ये सही फैसला था। शाकिब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 4 गेंद पर 3 रन बना कर आउट हो गए थे।

### एक भी मैच खेले बिना स्वदेश लौटेंगे शुभमन और आवेश

**मुम्बई** : टी20 विश्वकप के लिए भारतीय दल में रिजर्व खिलाड़ियों के तौर पर शामिल बल्लेबाज शुभमन गिल और तेज गेंदबाज आवेश खान बिना कोई मैच खेले ही स्वदेश लौटेंगे। इस विश्वकप में भारतीय टीम में शुभमन और आवेश के अलावा रिंकू सिंह व खलील अहमद को भी रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर रखा गया है। जहां शुभमन और आवेश को वापस आने को कहा गया है, वहीं रिंकू और खलील टीम के साथ बने रहेंगे। एक रिपोर्ट के अनुसार शुभमन और आवेश को इसलिए लौटने को कहा गया है क्योंकि इन्हें केवल अमेरिका दौरे तक टीम के साथ रहना था जिससे किसी खिलाड़ी के चोटिल होने पर इन्हें शामिल किया जा सके क्योंकि बीसीसीआई के लिए भारत से तत्काल किसी अतिरिक्त खिलाड़ी को अमेरिका या कैरेबियाई देश में भेजना संभव नहीं था। अब टीम को अपने अधिकतर मैच कैरेबियाई धरती पर खेलने है जिसमें उसे स्पिनरों पर अधिक निर्भर रहना है। ऐसे में खिलाड़ियों के चोटिल होने का खतरा कम है। टीम में तीसरे ओपनर यशस्वी जायसवाल भी हैं। वहीं अतिरिक्त तेज गेंदबाज की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### टी-20 विश्वकप में नौवीं बार 100 रनों का आंकड़ा नहीं कर पायी कोई टीम

**त्रिनिदाद** : पापुआ न्यूगिनी की टीम अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 विश्वकप में 95 रनों पर ही सिमटने के साथ ही ये नौवां अवसर है जब कोई टीम 100 रनों का आंकड़ा भी पार नहीं कर पायी है। पापुआ न्यूगिनी की टीम इस टूनार्मेंट में दूसरी बार 100 रन के अंदर आउट हुइ है। इससे पहले वह युगांडा के खिलाफ भी 77 रन ही बना पायी थी। अब तक इस टूर्नामेंट में हुए 29 मैचों में 9 टीमें 100 रनों के अंदर आउट हुई हैं। अब तक केवल ऑस्ट्रेलिया ही एक बार 200 रनों तक पहुंची है।

# अफगानिस्तान ने टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 में किया क्वालिफाई

## न्यूजीलैंड बाहर, पापुआ न्यू गिनी को 07 विकेट से हराया; फारूकी को मिले 03 विकेट



एजेंसी

**तरौबा** : तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी के शानदार तीन विकेट और गुलबदीन नायब की बेहतरीन पारी की बदौलत अफगानिस्तान ने शुक्रवार को त्रिनिदाद और टोबैगो में आईसीसी टी20 विश्व कप मैच में पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) को सात विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही अफगानिस्तान ने तीन मैचों में तीसरी जीत दर्ज की और वेस्टइंडीज के साथ सुपर 8 चरण में पहुंच गया। साथ ही न्यूजीलैंड, जो अब तक अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज से हार चुका है, टूर्नामेंट से बाहर हो गया है। 96 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान की शुरूआत खराब रही और 2.5 ओवर में केवल 22 रन पर दोनों सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज (सात गेंदों में 11 रन) और इब्राहिम जादरान (0) पवेलियन लौट गए। इसके बाद ऑलराउंडर गुलबदीन नायब और अजमतुल्लाह उमरजई ने 7.3 ओवर में टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया। दोनों के बीच 33 रन की साझेदारी उमरजई के 18 गेंदों में 13 रन बनाकर आउट होने के साथ समाप्त हुई। 8.4 ओवर में अफगानिस्तान का स्कोर 55 रन पर 3 विकेट था। इसके बाद गुलबदीन ने मोहम्मद नबी के साथ मिलकर अफगानिस्तान को लक्ष्य तक पहुंचाया। अफगानिस्तान ने 15.1 ओवर में 3 विकेट पर 101 रन बनाकर जीत हासिल की। गुलबदीन 36 गेंदों में चार चौके और दो छक्के की बदौलत 49 और नबी 23 गेंदों में एक चौके की बदौलत 16 रन बनाकर नाबाद रहे। पीएनजी के लिए एली नाओ, सेमो कामेआ और नॉर्मन वनुआ ने एक-एक विकेट लिया।



**अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया**

**इससे** पहले अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पीएनजी की शुरूआत बेहद खराब रही और उन्होंने अपने कप्तान असद वाला को पहले ही ओवर में केवल 3 रन पर खो दिया। अगले आउट होने वाले खिलाड़ी लेगा सियाका और सेसे बाऊ थे, जिन्हें फजलहक फारूकी ने गोल्डन डक पर आउट किया। हिरी हिरी को नवीन उल हक ने सिर्फ एक रन पर क्लीन बोल्ड कर दिया। पीएनजी 3.1 ओवर में केवल 17 रन पर 4 विकेट खो दिया। इसके बाद टोनी उरा के साथ चाड सोपर आए, जिन्होंने साझेदारी बनाने की कोशिश की। हालांकि, नवीन ने उरा को (11) को बोल्ड कर 13 रनों की इस छोटी सी साझेदारी को तोड़ दिया।

## यूईएफए यूरो 2024 : चोट के कारण क्रोएशिया के खिलाफ मैच से बाहर हुए लापोर्ट



एजेंसी

**बर्लिन** : स्पेन के सेंट्रल डिफेंडर एमेरिक लापोर्ट मांसपेशियों की समस्या के कारण शनिवार को क्रोएशिया के खिलाफ 2024 यूईएफए यूरो के उद्घाटन मैच से बाहर हो गए हैं। फ्रांस में जन्मे लापोर्ट ने गुरुवार को प्रशिक्षण सत्र में भाग नहीं लिया, हालांकि स्पेनिश फुटबॉल महासंघ (आरएफईएफ) ने सूचित किया है कि वह खेल से पहले शुक्रवार को बाकी टीम के साथ बर्लिन की यात्रा करेंगे। हालांकि वह टीम के साथ होंगे, लेकिन उनका क्रोएशिया के खिलाफ मैच से चूकना तय है, क्योंकि स्पेन की रक्षा पंक्ति में रॉबिन ले नॉर्मंड के साथ नाचो फर्नांडीज या डेनी विवियन के शामिल होने की संभावना है। लापोर्ट सऊदी अरब में सीजन खत्म होने के बाद स्पेन की टीम में शामिल होने वाले खिलाड़ियों में से एक थे। पिछले शनिवार को उत्तरी आयरलैंड पर स्पेन की 5-1 की जीत में उन्होंने सिर्फ. 40 मिनट मैदान पर बिताया, जो 23 मई के बाद से उनका पहला प्रतिस्पर्धी मैच था, जब उन्हें अल-नासर के लिए खेलते हुए रेड कार्ड दिखाया गया था।

## विश्व रग्बी सेवंस 2024 रेपेचेज के लिए युगांडा ने टीम घोषित की




एजेंसी

**कंपाला** : युगांडा के कोच टॉल्बर्ट ओन्यांगो ने गुरुवार को 21 से 23 जून तक फ्रांस के मोनाको में होने वाले विश्व रग्बी सेवेंस 2024 रेपेचेज के लिए पुरुष टीम की घोषणा कर दी है। विश्व रग्बी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय विश्व रग्बी सेवेंस रेपेचेज में 12 पुरुष और 12 महिला टीमें पेरिस ओलंपिक में एक-एक अंतिम स्थान के लिए मुकाबला करेंगी। ओन्यांगो ने सिन्हुआ से कहा, हमने अच्छी तैयारी की है और टीम पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम स्थान सुरक्षित करने के लिए जी-जान से खेलने के लिए तैयार है। केन्या के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ओन्यांगो ने स्पष्ट किया कि ओलंपिक के लिए यह अंतिम क्वालीफायर बहुत कठिन होगा। उन्होंने कहा, लेकिन हम जानते हैं कि हमें क्या उम्मीद करनी है और हमारे लिए हर मैच फाइनल जैसा होगा। युगांडा की पुरुष टीम को ब्रिटेन, कनाडा और चीन के साथ ग्रुप बी में रखा गया है। युगांडा की टीम की कप्तानी करने वाले इयान मुन्यानी ने सिन्हुआ से कहा कि उन्हें ग्रुप मैचों से ही बहुत कठिन मुकाबलों की उम्मीद है। मुन्यानी ने कहा, चीन सहित हमारे प्रत्येक प्रतिद्वंद्वी के पास अलग-अलग दृष्टिकोण हैं और हम उन्हें उसी तरह से संभालेंगे जैसे वे आएंगे। ओन्यांगो की टीम पिछले महीने म्यूनिख में वर्ल्ड रग्बी एचएसबीसी 7२ चैलेंजर सीरीज में एक निराशाजनक प्रदर्शन से वापसी की उम्मीद कर रही है, जहाँ वे छठे स्थान पर रहे थे। ग्रुप बी की टीमों के अलावा, अन्य टीमें दक्षिण अफ्रीका, चिली, टोंगा, मैक्सिको, स्पेन, चीन का हांगकांग, पापुआ न्यू गिनी और ब्राजील हैं। महिला वर्ग में, हाल ही में एचएसबीसी सेवंस सीरीज में पदोन्नत हुई चीन को पसंदीदा माना जा रहा है, लेकिन चीन के हांगकांग, अर्जेंटीना, केन्या और युगांडा भी इस स्थान के लिए दावेदार हैं।

**विश्व रग्बी सेवंस 2024 रेपेचेज के लिए युगांडा की पुरुष टीम इस प्रकार है**

**इयान मुन्यानी** (कप्तान), एलेक्स अटरिंडा, फिलिप वोकोरच, प्यूस ओजेना, टीमोथी मुगिशा, एलेन ओलंगा, करीम अरिनेट्यू, विलियम कोरे, रॉय किजिटो, एड्रियन कासिटो, टीमोथी किसिगा, नॉरबर्ट ओकेनी।

## बीबीएल : मेलबर्न रेनेगेड्स के नये मुख्य कोच बने कैमरून व्हाइट



एजेंसी

**मेलबर्न** : ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सीमित ओवरों के कप्तान कैमरन व्हाइट को बिग बैश लीग (बीबीएल) फ्रेंजाइजी मेलबर्न रेनेगेड्स को मुख्य कोच नियुक्त किया गया गया है। व्हाइट ने डेविड सेकर की जगह ली है। उन्होंने क्लब के साथ तीन साल का करार किया है। 40 वर्षीय व्हाइट पहली बार मुख्य कोच के रूप में कार्य करेंगे, लेकिन पिछले दो सालों से वे सिडनी सिक्सर्स के बॉस ग्रेग शिपर्ड के अधीन काम कर रहे हैं और इससे पहले एडिलेड स्ट्राइकर्स में सहायक कोच थे। उन्हें रेनेगेड्स की टीम विरासत में मिली है, जिसमें सफेद गेंद की रन मशीन जेक फ्रेजर-मैकगर्क, सुपरस्टार स्पिनर एडम जाम्पा और नाथन लियोन तथा बहुमूल्य खिलाड़ी जोश ब्राउन शामिल हैं। मेलबर्न रेनेगेड्स की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में व्हाइट ने कहा, ֹएक खिलाड़ी के तौर पर और सफलता प्राप्त करने के मामले में यहां मेरी बहुत सारी शानदार यादें हैं, इसलिए कई सालों बाद रेनेगेड्स के साथ फिर से जुड़ना रोमांचकारी है। इस खेल समूह के साथ काम करने का विचार- जिसमें कुछ बहुत ही रोमांचक खिलाड़ी हैं, वास्तव में रोमांचक है। मैं वास्तव में कोच के रूप में अपनी यात्रा शुरू करने के लिए उत्सुक हूं।

## चीनी बास्केटबॉल एसोसिएशन ने मुख्य कोच अलेक्जेंडर जोर्डजेविक के साथ खत्म किया करार



एजेंसी

**बीजिंग** : चीनी बास्केटबॉल एसोसिएशन (सीबीए) ने गुरुवार को कोच अलेक्जेंडर जोर्डजेविक के साथ अपना करार खत्म कर दिया है। सीबीए ने जोर्डजेविक की जगह गुओ शिकियांग को चीन की पुरुष बास्केटबॉल टीम का कार्यवाहक मुख्य कोच नियुक्त किया है। जोर्डजेविक ने नवंबर 2022 में डु फेंग की जगह ली और हांगकांग, चीन में 2023 फीबा बास्केटबॉल विश्व कप एशियाई क्वालीफायर की छठी विंडो के दौरान चीन के मुख्य कोच के रूप में अपनी शुरूआत की। सर्बिया के मूल निवासी जोर्डजेविक ने चीन को फीबा विश्व कप में पहुंचाया, लेकिन टीम मनीला में निराशाजनक 29वें स्थान पर रही और पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने में विफल रही। जोर्डजेविक की टीम को हांग्जो में एक और झटका लगा जब एशियाई खेलों की चैंपियनशिप का बचाव करने की उनकी योजना विफल रही और टीम को सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। प्रमुख प्रतियोगिताओं में चीन की लगातार विफलताओं के कारण जोर्डजेविक को आलोचना का सामना करना पड़ा है। सीबीए ने एक बयान में कहा, भविष्य के पुनर्निर्माण कार्य और चीनी पुरुष बास्केटबॉल टीम की वास्तविक प्रतियोगिता आवश्यकताओं के आधार पर, सीबीए ने जोर्डजेविक और उनके दल के साथ अपने मौजूदा सहयोग को समाप्त कर दिया है।

## कनाडा के खिलाफ बड़ी जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

### रात आठ बजे शुरू होगा मुकाबला




एजेंसी

**लॉडरहिल** : भारतीय टीम शनिवार को यहां अपने अंतिम ग्रुप ए मैच में कनाडा के खिलाफ जीत की लय बनाये रखने के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम ने अब तक अपने तीनों ही मैच जीते हैं जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। इस मैच में हालांकि अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा पर सबकी नजरें रहेंगी। विराट अब तक तीनों ही मैचों में रन नहीं बना पाये हैं ओर उनका लक्ष्य इस मैच में रन बनाकर सुपर आठ से पहले लय हासिल करना रहेगा। यही हाल जडेजा का भी है वह भी बल्लेबाजी और गेंदबाजी में अब तक प्रभावि नहीं कर पाये हैं। भारतीय टीम इस मैच के लिए फ्लोरिडा पहुंची है और उम्मीद है कि शहर बदलने के साथ कोहली को भाग्य का साथ भी मिलने लगेगा। इस मैच में भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार है पर वह कनाडा को हल्के में नहीं लेगी क्योंकि कनाडाई टीम ने आयरलैंड के खिलाफ 12 रन की जीत के साथ अपने को साबित किया है। उसके सलामी बल्लेबाज आरोन जॉनसन किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को विफल कर सकते हैं। कनाडा के लिए हालांकि भारतीय टीम के खिलाफ उलटफेर करना संभव नजर नहीं आता है। ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम की पिच से गेंदबाजों को शायद न्यूयॉर्क जितनी मदद नहीं मिले जहां की पिच पर असमान उछाल था। ऐसे में भारतीय टीम कनाडा के खिलाफ कुलदीप यादव या युजवेंद्र चहल में से किसी एक को अवसर देने के बारे में सोच सकती है।

**दोनों ही टीमें इस प्रकार हैं**

**भारत** : रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज।

**कनाडा** : साद बिन जफर (कप्तान), आरोन जॉनसन, डाइलन हेलिगर, दिलप्रीत बाजवा, ऋषिव जोशी, जेरेमी गॉर्डन, जुनैद सिद्दीकी, कलीम सना, कंवरपाल तथगुर, नवनीत धालीवाल, निकोलस किरटन, परगट सिंह, रविंद्रपाल सिंह, रेयानखान पठान और श्रेयस मोव्वा (विकेट कीपर)।

## हॉकी इंडिया लीग 2024-2025 के लिए खिलाड़ियों का पंजीकरण शुरू



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : हॉकी इंडिया लीग (एचआईलीग) 8 साल के लंबे अंतराल के बाद इस साल के अंत में वापसी करने के लिए तैयार है। हॉकी इंडिया लीग 2024-2025 संस्करण में 8 पुरुष और 6 महिला टीमें शामिल होंगी और खिलाड़ियों का पंजीकरण 30 जून, 2024 तक खुला रहेगा। हॉकी इंडिया ने मीडिया विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि खेल के इतिहास में यह पहली बार है कि पुरुषों के साथ महिला एचआईएल भी एक साथ आयोजित की जाएगी। इसके अतिरिक्त, हॉकी इंडिया ने शीर्ष 15 हॉकी खेलने वाले देशों के खिलाड़ियों को आगामी सत्र के लिए अपने खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को पंजीकृत करने के लिए आमंत्रित किया है, जो एफआईएच द्वारा स्वीकृत विंडो में दिसंबर 2024 के अंतिम सप्ताह से फरवरी 2025 के पहले सप्ताह तक आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने कहा, हम हॉकी इंडिया लीग 2024-2025 संस्करण के लिए खिलाड़ियों का पंजीकरण शुरू करने पर बहुत खुश हैं।

## ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिंटन

## आकर्षि कश्यप क्वार्टर फाइनल में हार कर बाहर



एजेंसी

**सिडनी** : भारतीय शटलर आकर्षि कश्यप शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में हार के बाद चल रहे ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट 2024 से बाहर हो गयी। महिला एकल वर्ग में, कश्यप को 42 मिनट तक चले मैच में ताइवान की शटलर पाई यू-पो के खिलाफ 21-17, 21-12 से हार का सामना करना पड़ा। पिछले दौर में आकर्षि कश्यप ने ऑस्ट्रेलिया की काई क्यू तेओह को 21-16, 21-13 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। वहीं, अन्य भारतीय मालविका बंसोड़ और अनुपमा उपाध्याय भी दूसरे दौर में बाहर हो गईं। मालविका इंडोनेशिया की सातवीं वरीयता प्राप्त एस्टर नूरमी त्रि वाडोयो से 21-17, 23-21 से हार गईं और अनुपमा इंडोनेशिया की छठी वरीयता प्राप्त पुत्रि कुसुमा वदार्नी से 21-11, 21-18 से हार गईं। इस बीच, मिश्रित युगल में सुमित रेड्डी और सिक्की रेड्डी क्वार्टर फाइनल में जेन बैंग जियांग और या शिन वेई की चीनी जोड़ी से 21-12, 21-14 से हार गए। यह मैच 31 मिनट तक चला। अपने पिछले राउंड में, बी सुमीत रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी ने काई चेन तेओह और काई क्यूई तेओह की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी के खिलाफ जीत हासिल की और क्वार्टर फाइनल राउंड में प्रवेश किया।

## मैनचेस्टर यूनाइटेड कैरिंगटन ट्रेनिंग कॉम्प्लेक्स के आधुनिकीकरण के लिए 50 मिलियन पाउंड का करेगा निवेश



एजेंसी

**मैनचेस्टर** : मैनचेस्टर यूनाइटेड अगले सप्ताह कैरिंगटन ट्रेनिंग कॉम्प्लेक्स में पुरुषों की पहली टीम बिल्डिंग के आधुनिकीकरण का काम शुरू करेगा, जिसमें खिलाड़ियों और कर्मचारियों के लिए उच्च प्रदर्शन वाला सहयोगात्मक वातावरण बनाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। 50 मिलियन पाउंड की इस परियोजना के परिणामस्वरूप इमारत के सभी क्षेत्रों का नवीनीकरण किया जाएगा ताकि भविष्य की सफलता का समर्थन करने के लिए सकारात्मक संस्कृति के साथ विश्व स्तरीय फुटबॉल सुविधा प्रदान की जा सके। मैनचेस्टर यूनाइटेड के सह-मालिक सर जिम रैटक्लिफ ने एक आधिकारिक बयान में कहा, हम अपनी टीमों की जीत के लिए विश्व स्तरीय वातावरण बनाना चाहते हैं। जब हमने कैरिंगटन प्रशिक्षण सुविधाओं की गहन समीक्षा की और अपने पुरुषों की पहली टीम के खिलाड़ियों से मिले, तो यह स्पष्ट था कि मानक हमारे कुछ साथियों से नीचे गिर गए थे। यह परियोजना सुनिश्चित करेगी कि मैनचेस्टर यूनाइटेड के प्रशिक्षण मैदान को एक बार फिर उच्चतम मानकों के अनुसार पुनर्निर्मित किया जाए।



## ओलंपिक में हिस्सा नहीं लेंगे मेसी, कहा

# कोपा अमेरिका के बाद लगातार दूसरा टूर्नामेंट खेलना मुश्किल

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : अर्जेंटीना के फीफा विश्व कप विजेता कप्तान और दिग्गज स्ट्राइकर लियोनेल मेसी ने पुष्टि की कि वह पेरिस 2024 ओलंपिक में भाग नहीं लेंगे। पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से शुरू होगा और 11 अगस्त तक चलेगा। प्रतियोगिता कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के समापन के बाद शुरू होगी, जो 20 जून से 14 जुलाई तक चलेगा। अर्जेंटीना के अंडर-23 कोच जेवियर माशेरानो ने दिग्गज फुटबॉलर को ओलंपिक में शामिल करने की उम्मीद जताई थी, लेकिन अब मेसी ने इससे इनकार कर दिया है। ओलंपिक में भाग लेने का मतलब अपने क्लब इंटर मियामी से दूर रहना भी होगा और यह मेसी द्वारा लिए गए निर्णय के कारकों में से एक था। मेसी ने ईएसपीएन से बातचीत में कहा, मैंने मास्चेरानो से बात की और सच्चाई यह है कि हम दोनों ही स्थिति को समझते हैं। मुझे सावधानी से चुनना होगा, और लगातार दो टूनार्मेंट खेलना बहुत ज्यादा होगा। मैं ओलंपिक में खेलने और माशे के साथ मिलकर इसे जीतने के लिए बहुत भाग्यशाली रहा हूं। यह फुटबॉल के स्तर पर एक शानदार अनुभव था। यह जोड़ी अर्जेंटीना की उस टीम का हिस्सा थी जिसने 2008 में बीजिंग ओलंपिक में नाइजीरिया को फाइनल में 1-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता था। इस बात से निराश होने के बावजूद कि उन्हें ओलंपिक में खेलने और अपने पदकों में इजाफा करने का एक और मौका नहीं मिलेगा, मेसी को उम्मीद है कि अन्य खिलाड़ी पेरिस में अपने अनुभव का आनंद लेंगे। उन्होंने कहा, इतनी किस्मत होना शानदार है कि मुझे यह सब करने का मौका मिला। मुझे उम्मीद है कि जो लोग वहाँ जाएँगे, वे भी उसी तरह इसका आनंद लेंगे जैसे मैंने लिया क्योंकि यह विशेष था। ओलंपिक किसी भी अन्य टूर्नामेंट की अपेक्षा विशेष होता है। पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) के अपने पूर्व साथी किलियन एमबाप्पे की इस राय पर कि यूरो जीतना फीफा विश्व कप से कहीं ज्यादा मुश्किल है, मेस्सी ने कहा कि यूरो महत्वपूर्ण है, लेकिन इसमें अर्जेंटीना, ब्राजील और उरुग्वे जैसी कई विश्व चैंपियन टीमें नहीं हैं। मेसी ने कहा, ֹयूरो बहुत महत्वपूर्ण है, लेकिन इसमें तीन बार की विश्व चैंपियन अर्जेंटीना, पांच बार की विश्व चैंपियन ब्राजील और दो बार की विश्व चैंपियन उरुग्वे शामिल नहीं हैं। कई विश्व चैंपियन हैं जो यह कहने से चूक गए हैं कि यूरो सबसे कठिन है, है न? विश्व कप में, सर्वश्रेष्ठ टीमें होती हैं, सभी विश्व चैंपियन आम तौर पर वहाँ होते हैं। यही कारण है कि हर कोई विश्व चैंपियन बनना चाहता है। गत चैम्पियन अर्जेंटीना कोपा अमेरिका में 20 जून को कनाडा के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगा।



हांगकांग में महिला वालीबाल नेशंस लीग में खेलती हुई खिलाड़ी।

## एक झलक

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार 655.8 अरब डॉलर की रिकॉर्ड ऊचाई पर

**मुंबई/नयी दिल्ली :** विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार दूसरे हफ्ते इजाफा हुआ है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 7 जून को समाप्त हफ्ते में 4.307 अरब डॉलर बढ़कर 655.817 अरब डॉलर की रिकॉर्ड सर्वकालिक ऊंचाई पर पहुंच गया है। इससे पहले विदेशी मुद्रा भंडार का उच्चतम स्तर 10 मई को 648.87 अरब डॉलर था। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक सात जून को समाप्त हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.773 अरब डॉलर बढ़कर 576.337 अरब डॉलर हो गईं। इस दौरान स्वर्ण भंडार का आरक्षित मूल्य 48.1 करोड़ डॉलर उछलकर 56.982 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 4.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.161 अरब डॉलर हो गया। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित जमा भी एक करोड़ डॉलर बढ़कर 4.336 अरब डॉलर हो गई है।

पिछले कुछ हफ्तों में विदेशी मुद्रा भंडार में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने पिछले हफ्ते ही मौद्रिक नीति समीति (एमपीसी) की समीक्षा बैठक के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया था कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार 31 मई को 651.5 अरब डॉलर के ऐतिहासिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है।


### स्टेनली लाइफस्टाइल्स का आईपीओ 21 जून को खुलेगा

**मुंबई/नयी दिल्ली :** लग्जरी फर्नीचर ब्रांड कंपनी स्टेनली लाइफस्टाइल्स लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 21 जून को खुलेगा। आईपीओ का मूल्य दायरा (प्राइस बैंड) 351 रुपये से 369 रुपये प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। कंपनी की योजना 537 करोड़ रुपये जुटाने की है। कंपनी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि उसका आईपीओ 21 जून को खुलेगा और 25 जून को बंद होगा। एंकर यानी बड़े निवेशक 20 जून को बोली लगा पाएंगे। आईपीओ का मूल्य दायरा 351-369 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। इस आईपीओ में कंपनी 200 करोड़ रुपये मूल्य के ताजा शेयर जारी करेगी। इसके अलावा 337 करोड़ रुपये के 91.33 लाख इक्विटी शेयर ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के लिए है। स्टेनली लाइफस्टाइल्स लिमिटेड इस पेशकश से 537 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रहा है। कंपनी का लक्ष्य बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होना है।

### 'हर शाम मंगल धाम' के साथ अपनी शामें बनायें मंगलमय : शेमारू टीवी

**इस** लोकप्रिय धार्मिक और पौराणिक शो का घर माने जाने वाले शेमारू टीवी ने एक विशेष कार्यक्रम स्लॉट- 'हर शाम मंगल धाम' की पेशकश की है। जो अपने दर्शकों को श्रीकृष्ण, महादेव, चंद्रगुप्त मौर्य और कर्माधिकारी शनिदेव जैसे प्रतिष्ठित शोज का खजाना प्रस्तुत कर रहा है। शेमारू का उद्देश्य दर्शकों को उनकी सांस्कृतिक जड़ों से फिर से जोड़ना है, जिससे आध्यात्मिकता और इस विरासत के भाव को संजोया जा सके और कॉन्टेंट के माध्यम से उन्हें प्रोत्साहित किया जा सके।

# भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शेयर बाजार बना



**नयी दिल्ली :** भारत एक बार फिर मार्केट कैपिटलाइजेशन के मामले में दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शेयर बाजार बन गया है। भारत ने हांगकांग को पछाड़ कर इस स्थान पर पहुंचने में सफलता हासिल की है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) में लिस्टेड कंपनियों की कुल मार्केट वैल्यू 5.18 ट्रिलियन डॉलर हो गई है, जबकि हांगकांग के स्टॉक मार्केट का कैपिटलाइजेशन 5.17 ट्रिलियन डॉलर है। ब्लूमबर्ग के आंकड़ों के मुताबिक इसके पहले इसी साल 23 जनवरी को बीएसई ने मार्केट कैपिटलाइजेशन के मामले में हांगकांग को पीछे छोड़ दिया था। उसके बाद बाजार में आई गिरावट की वजह से बीएसई का मार्केट कैपिटलाइजेशन हांगकांग की तुलना में कम हो गया था, जिसके कारण कुछ ही दिनों में हांगकांग ने भारत को पीछे धकेल कर वापस चौथा स्थान हासिल कर लिया था। इस महीने एक दिन की बड़ी गिरावट के अलावा घरेलू शेयर बाजार में आमतौर पर तेजी का माहौल बना रहा है, जिसकी वजह से बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन एक बार फिर हांगकांग के स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टेड कंपनियों के मार्केट कैपिटलाइजेशन से अधिक हो गया है।

मार्केट कैपिटलाइजेशन के मामले में इस समय अमेरिकी शेयर बाजार 56.49 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैपिटलाइजेशन के साथ दुनिया का सबसे बड़ा शेयर बाजार है। अमेरिका के बाद 8.84 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैपिटलाइजेशन के साथ चीन ने दूसरे सबसे बड़े शेयर बाजार होने का तमगा हासिल कर रखा है। चीन के बाद जापान 6.30 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैपिटलाइजेशन के साथ तीसरे स्थान पर बना हुआ है।

जहां तक भारतीय बाजार की बात है, तो पिछले हफ्ते चुनाव के नतीजे आने के बाद बाजार में काफी उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी थी। चुनाव परिणाम वाले दिन बीजेपी की सीटों में आई गिरावट के कारण शेयर बाजार 5.70 प्रतिशत से भी ज्यादा टूट गया था। उसके बाद केंद्र में एनडीए सरकार की वापसी तय हो जाने के कारण शेयर बाजार ने दोबारा जोरदार छलांग लगाई और फिलहाल रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच कर कारोबार कर रहा है।

बाजार में आई तेजी के कारण बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैपिटलाइजेशन पिछले करीब एक हफ्ते के दौरान 32 लाख करोड़ रुपये की उछाल के साथ अभी तक के सर्वोच्च स्तर 434.86 लाख करोड़ रुपये यानी लगभग 5.18 ट्रिलियन डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है। जानकारों का मानना है कि अगर कोई बड़ा उलट फेर नहीं हुआ तो नई सरकार के बजट पेश करने के पहले तक घरेलू शेयर बाजार में लगातार तेजी जारी रह सकती है।

## देश की दूसरी सबसे बड़ी ऑटोमोबाइल कंपनी बनी महिंद्रा, टाटा मोटर्स को पछाड़ा

**नयी दिल्ली :** महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड वैल्यूएशन के मामले में भारत की दूसरी सबसे बड़ी ऑटोमोबाइल कंपनी बन गई है। फिलहाल मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड देश की सबसे अधिक वैल्यूएशन वाली ऑटोमोबाइल कंपनी है, जबकि टाटा मोटर्स लिमिटेड अब वैल्यूएशन के मामले में तीसरे स्थान पर खिसक गई है। इस साल निफ्टी के टॉप गेनर्स की सूची में महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के शेयर ज्यादातर समय अपना स्थान बनाए रखने में सफल रहे हैं। पिछले 52 सप्ताह के दौरान इस कंपनी के शेयर वैल्यू में करीब 65 प्रतिशत तक की उछाल आई है, जिसके कारण इसके मार्केट कैपिटलाइजेशन में 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई है। फिलहाल महिंद्रा एंड महिंद्रा को दुनिया की सबसे बड़ी ट्रैक्टर कंपनी होने का तमगा भी हासिल है। महिंद्रा एंड महिंद्रा की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक 2025 से 2027 के दौरान कंपनी की योजना विस्तारीकरण के लिए 27,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की है। इसके साथ ही कंपनी का इरादा मार्च 2026 तक स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) और इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) की उत्पादन क्षमता को भी बढ़ा कर 72 हजार यूनिट प्रति महीना करने का है। इस साल मार्च के अंत तक ये क्षमता 49 हजार यूनिट प्रति माह थी। इसके साथ ही कंपनी की योजना अगले 6 वर्षों में डीजल की 6 नई एसयूवी लांच करने की भी है।

## विक्स ने 'विक्स की गोली अब हो गयी बड़ी' की घोषणा की




**धनबाद/रांची/जमशेदपुर :** विक्स ने पॉवरहाउस ब्रांड एंबेसडर रनवीर सिंह के साथ विक्स की सबसे बड़ी खबर, 'विक्स की गोली अब हो गई बड़ी' की घोषणा की, जिसमें लगभग दो दशकों में भारत के प्रतिष्ठित त्रिकोणीय विक्स कफ ड्रॉप्स के 'डबल पॉवर्ड परिवर्तन' का अनावरण किया गया। पीएंडजी इंडिया में कैटेगरी लीडर, कंज्यूमर हैल्थकेयर, साहिल सेठी ने कहा, ब्रांड की प्रतिष्ठित जिंगल, विक्स की गोली लो, खिच खिच दूर करो फौरन उस पुराने समय की यादों में ले जाती है, जब विक्स कफ ड्रॉप्स ने सन 1960 से भारतीयों की कई पीढ़ियों को बिना खिच-खिच के बोलने में मदद की थी। हमारे ग्राहक क्या चाहते हैं, यह समझकर और उनके द्वारा दी गई जानकारी को अपने उत्पाद के फॉर्मुलेशन और पैकेजिंग में शामिल करके इस विरासत को मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता के साथ हम दशकों में सबसे बड़ी खबर पेश करने के लिए उत्साहित हैं कि हम अपनी प्रतिष्ठित त्रिकोणीय विक्स कफ ड्रॉप्स का पहला डबल पॉवर्ड परिवर्तन, विक्स डबल पॉवर कफ ड्रॉप्स लेकर आए हैं। खांसी और गले की खराश से राहत पाने के लिए बड़े आकार में अपनी पसंदीदा कफ ड्रॉप लेने की ग्राहकों की जरूरत और उनकी प्रतिक्रिया के आधार पर बनाई गई हमारी विक्स डबल पॉवर कफ ड्रॉप्स एक बड़ी गोली है, जो बड़ी राहत प्रदान करती है। अब विक्स की गोली खाओ, बड़ी राहत पाओ। ब्रांड के बड़ी राहत के वायदे के बारे में डॉ. जसप्रीत कोच्चर, डायरेक्टर, विक्स रिसर्च एंड डेवलपमेंट ने कहा, नया विक्स डबल पॉवर कफ ड्रॉप खाँसी और खराब गले से राहत देने के लिए एक बेहतर उत्पाद है। इसमें प्रभावशाली और प्रसिद्ध आयुर्वेदिक तत्वों, जैसे मेंथल, यूकेलिप्टस तेल और कपूर का प्रमाणित मिश्रण है। यह नया डिजाइन किया गया फॉर्मुलेशन 2७ मेंथल के साथ ज्यादा शक्तिशाली है और यह तीन वैरिएंट्स - ठंडक देने वाले मेंथल, आरामदायक शहद और राहत देने वाली अदरक में आता है, जो भारतीय ग्राहकों के साथ विकसित किया और परखा गया है। विक्स कफ ड्रॉप्स के साथ अपने सहयोग के बारे में, पॉवरहाउस रनवीर सिंह ने कहा, विक्स की गोली हमारी संस्कृति का हिस्सा है, यह खिच-खिच दूर करने के लिए हमेशा गो-टू- रेमेडी रही है।

## देश का निर्यात मई में 9 फीसदी बढ़ कर 38.13 अरब डॉलर पर

**नयी दिल्ली :** आर्थिक मोर्चे पर अच्छी खबर है। देश का वस्तु निर्यात मई में नौ फीसदी बढ़कर 38.13 अरब डॉलर हो गया है, जो एक साल पहले की समान अवधि में 34.95 अरब डॉलर रहा था। इससे पिछले महीने अप्रैल, 2024 में निर्यात एक फीसदी बढ़कर 35 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था। वाणिज्य एवं उदयोग मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एक बयान में बताया कि वस्तु निर्यात मई में नौ फीसदी बढ़कर 38.13 अरब डॉलर हो गया है, जो एक साल पहले समान अवधि में 34.95 अरब डॉलर रहा था। आयात 7.7 फीसदी बढ़कर 61.91 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो मई 2023 में 57.48 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था। इस दौरान व्यापार घाटा (आयात और निर्यात के बीच का अंतर) 23.78 अरब अमेरिकी डॉलर रहा।

# सर्राफा बाजार की तेजी पर ब्रेक, सोना और चांदी की घटी कीमत



**नयी दिल्ली :** लगातार तीन दिन की तेजी के बाद घरेलू सर्राफा बाजार में गिरावट नजर आ रही है। सोने के भाव में आज 100 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है। इसी तरह चांदी भी आज 800 रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ता हुआ है। आज देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना 72,650 रुपये से लेकर 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 66,590 रुपये से लेकर 66,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी में आई गिरावट के कारण आज ये चमकीली धातु दिल्ली सरार्फा बाजार में 90,600 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,240 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 72,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,590 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,190 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है। लखनऊ के सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 66,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 66,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सरार्फा बाजार में भी सोने की कीमत में आज गिरावट आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं इन तीनों शहरों के सरार्फा बाजारों में 22 कैरेट सोना 66,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## भगवान महावीर फाउंडेशन ने लेखकों के लिए डॉ. नेमीचंद जैन मेमोरियल पुरस्कार के लिए नामांकन किये हैं आमंत्रित

**रांची :** यह पुरस्कार भगवान महावीर के उपदेशों पर किताबें लिखने वाले लेखकों को मान्यता देने के लिए स्थापित किया गया है। इसमें 2,00,000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाता है। चेन्नई स्थित भगवान महावीर फाउंडेशन, सामाजिक कल्याण के लिए प्रतिबद्ध व्यक्तियों और संस्थाओं को सम्मानित करने के लिए समर्पित एक प्रसिद्ध नॉन प्रॉफिट फाउंडेशन है। यह डॉ. नेमीचंद जैन मेमोरियल पुरस्कार के लिए नामांकन आमंत्रित कर रहा है। यह पुरस्कार उन लेखकों को मान्यता देता है, जिनकी किताबें हिंदी या अंग्रेजी में लिखी गई हैं और जो भगवान महावीर के शाश्वत ज्ञान को बढ़ावा देती हैं। इस पुरस्कार में 2,00,000 रुपये का नकद पुरस्कार, एक प्रशस्ति पत्र और एक स्मृति चिन्ह दिया जाता है। फाउंडेशन ने 2024 में इस पुरस्कार की स्थापना की, जो भगवान महावीर के 2550वें निर्वाण महोत्सव के उपलक्ष्य में मनाया जाने वाला एक भव्य उत्सव है। इस महोत्सव में भगवान महावीर की शिक्षाओं पर प्रकाशित या अप्रकाशित उत्कृष्ट पुस्तकों को सम्मानित किया जाता है। नामांकित पुस्तकों की तीन प्रतियां (या अप्रकाशित पुस्तकों के मामले में पांडुलिपियां) 31 दिसंबर, 2024 तक फाउंडेशन को सियात हाउस, 961 पूनमल्ली हाई रोड, चौथी मंजिल, पुरासावलकम, चेन्नई - 600084, तमिलनाडु में जमा करानी होंगी। इच्छुक लोग www.bmfawards.org पर जा सकते हैं या अधिक जानकारी और दिशा-निर्देशों के लिए nominations.bmfawards@gmail.com पर ईमेल कर सकते हैं। पुरस्कार के बारे में बात करते हुए, भगवान महावीर फाउंडेशन के फाउंडर, सुगल चंद जैन ने कहा, भगवान महावीर की शिक्षाएं आज की दुनिया में भी बहुत प्रासंगिक हैं, कई लेखक समाज के लाभ के लिए उनकी शिक्षाओं पर मूल्यवान रचनाएं लिख रहे हैं। डॉ. नेमीचंद जैन मेमोरियल पुरस्कार के माध्यम से, हमारा उद्देश्य ऐसे लेखकों को प्रोत्साहित करना है कि वे समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालना जारी रखें। पुरस्कार के लिए पात्र पुस्तकें भगवान महावीर की शिक्षाओं पर आधारित हो सकती हैं, जो विशेष रूप से स्वास्थ्य और स्वच्छता, शाकाहार के लाभ, अहिंसा, जानवरों के प्रति क्रूरता की रोकथाम और पारिस्थितिकी, पेड़ों, जंगलों, जानवरों और पर्यावरण के संरक्षण जैसे क्षेत्रों पर केंद्रित हैं।

## फादर्स डे पर कलाकारों ने अपने पिता को बताया सुपरहीरो



**फादर्स** डे के अवसर पर, सोनी सब के प्रिय सितारे अपने पिता के प्रति गहरा स्नेह और सम्मान व्यक्त कर रहे हैं। वे अपने जीवन के मूल्यवान सीख तक, उनके पिता के साथ विशेष बंधन को उजागर करने वाले महत्वपूर्ण उद्धरण साझा कर रहे हैं। सोनी सब के 'ध्रुव तारा' की रिया शर्मा ने कहा, सबसे अविश्वसनीय पिता को हैप्पी फादर्स डे! उनका प्यार, मार्गदर्शन और अटूट समर्थन मेरी यात्रा की नींव रहा है। सोनी सब के 'वंशज' के मोहित कुमार ने कहा, पिता एक वही शख्स है, जो हमेशा हमारे साथ होते हैं, हमें साथ चलने की साथ देते हैं और हमें सही राह दिखाते हैं। मेरे पिता मेरे लिए एक सहारा हैं, जिन्होंने हमेशा मेरे सपनों का साथ दिया है।

# ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशिया में भी मिला-जुला कारोबार



**नयी दिल्ली :** ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। वॉल स्ट्रीट में पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार होता रहा, जिसका असर यहां के सूचकांकों पर भी पड़ा। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी फिलहाल मामूली गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार करने के बाद बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों में भी आज मिला-जुला कारोबार नजर आ रहा है। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में उठा पटक जारी रही। डाउ जॉन्स गिरावट के साथ बंद हुआ, जबकि एसएंडपी 500 इंडेक्स और नैस्डेक लगातार चौथे दिन रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद होने में सफल रहे। डाउ जॉन्स पिछले सत्र के दौरान 65 अंक की गिरावट के साथ 38,647 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.23 प्रतिशत की मजबूती के साथ 5,433.74 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसी तरह नैस्डेक 0.34 प्रतिशत उछल कर 17,667.56 अंक के स्तर पर बंद हुआ। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.06 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 38,624.24 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव बना रहा, जिसके कारण यहां के तीनों प्रमुख सूचकांकों में गिरावट आ गई। एफटीएसई इंडेक्स 0.63 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 8,163.67 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 156.68 अंक यानी 2.03 प्रतिशत टूट कर 7,708.02 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 365.18 अंक यानी 2 प्रतिशत लुढ़क कर 18,265.68 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

एशियाई बाजारों में आज मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 3 के सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 6 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। निक्केई इंडेक्स 235.35 अंक यानी 0.61 प्रतिशत की तेजी के साथ 38,955.82 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 110.39 अंक यानी 0.49 प्रतिशत उछल कर 22,422.43 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा कोस्पी इंडेक्स 0.31 प्रतिशत की बढ़त के साथ 2,763.40 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

## पेज एक के शेष

**आईपीएल सटोरिये के यहां मिला 15 करोड़ कैश, रातभर मशीन ने गिने नोट...**

का ढेर मिलने के बाद पुलिस रातभर से नोट गिन रही थी। बाद में बैंक से मशीन बुला कर करीब 10 से अधिक बैगों में 300 गड्डियां 15 करोड़ से अधिक के नोट गिने हैं। साथ ही, 3.5 करोड़ की विदेशी मुद्रा और सोने के बिस्कुट भी बरामद किये गये हैं। घटना के बाद आरोपितों के मकानों पर भारी पुलिस बल भी तैनात किया गया है। किसी को भी बाहर और अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है।

पुलिस ने इस मामले में पीयूष चोपड़ा के तीन सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। पीयूष चोपड़ा अभी फरार हो गया है। उसकी तलाश के लिए पुलिस टीम लगा दी गयी है।

**बीएसएफ की सेवा तारीफ के काबिल उनकी सेवा को सलाम : उपराष्ट्रपति...**

बीएसएफ की सेवा को मैं सलाम करता हूं। बीएसएफ सीमा पर तैनात है, इसलिए हर भारतवासी सुरक्षित है।' धनखड़ ने कहा कि बीएसएफ के कारण हर कोई निडरता से जी रहा है। बीएसएफ की सजगता के चलते देश के दुश्मन नाकाम हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि बीएसएफ ने कोरोनाकाल में भी अच्छा कार्य किया। पर्यावरण संरक्षण को लेकर बीएसएफ का हर जवान सजग है। उन्होंने हीरक जयंती की भी अग्रिम बधाइयां दीं।

समारोह में उपराष्ट्रपति धनखड़ को बीएसएफ के डीजी नितिन अग्रवाल ने स्मृति चिह्न भेंट कर उनका स्वागत किया। अश्मिता अग्रवाल ने उपराष्ट्रपति की पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ को फूड पैकेट भेंट कर स्वागत किया। उपराष्ट्रपति ने बीएसएफ के प्रहरियों व उनके परिवार जनों के साथ फोटो सेशन भी कराया।

**कुवैत अग्नि त्रासदी में मारे गये 45 भारतीयों के शव भारत लाये गये...**

भारतीय कामगारों का रिहायशी शिविर था। इसमें कम से कम 48 लोगों की मौत हुई। इमारत में रह रहे 176 भारतीय श्रमिकों में से 45 की मृत्यु हो गयी और 33 अस्पताल में भर्ती हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह समन्वय के लिए कुवैत गये थे। उन्होंने वहां प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात के अलावा पांच अस्पतालों का दौरा भी किया, जहां 33 भारतीय उपचाराधीन हैं। मंत्री ने उन्हें हर सम्भव सहायता का आश्वासन दिया।

केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने कुवैत जाने की अनुमति नहीं मिलने को बताया दुर्भाग्यपूर्ण केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने शुक्रवार को कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि केन्द्र सरकार ने कुवैत में हुई दुखद आग दुर्घटना में प्रभावित राज्य के लोगों की सहायता के लिए उन्हें खाड़ी देश की यात्रा करने की अनुमति नहीं दी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आग की घटना में मारे गये मृतकों में आधे से ज्यादा केरल से थे। विभिन्न अस्पतालों में भर्ती ज्यादातर घायल लोग भी केरल से हैं। ऐसे में उन्हें विदेश मंत्रालय की ओर से कुवैत की यात्रा की अनुमति नहीं देना दुर्भाग्यपूर्ण है।

उल्लेखनीय है कि केरल सरकार ने गुरुवार को एक आपातकालीन कैबिनेट बैठक कर वीना जॉर्ज और राज्य मिशन निदेशक (एनएचएम) जीवन बाबू को समन्वय के लिए तत्काल कुवैत जाने की घोषणा की थी।

**टीएसपीसी के तीन नक्सली गिरफ्तार, हथियार बरामद...**

के साथ चतरा-पलामू के सीमावर्ती क्षेत्र कुन्दा थाना के सिकीदाग, कुजरम के जंगली क्षेत्र में किसी बडी घटना को अंजाम देने के लिए एकत्रीत हुए है। सूचना के बाद एसडीपीओ सिमरिया के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया।

टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सिकिदाग के पश्चिम मेरूहनिया टॉड नारीदरी नदी के पास से भागने के क्रम में हथियारबंद तीन नक्सलियों को गिरफ्तार किया। बाकी नक्सली जंगल और पहाड़ का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। इनके पास से हथियार और गोली बरामद किये गये।

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार तीनों नक्सलियों का अपराधिक इतिहास रहा है। महेन्द्र के खिलाफ बड़कागांव, बरकट्टा, मुफ्फसिल कटकमसांडी थाने में मामला दर्ज है जबकि मनोज गंझु पर कुंदा थाने में तीन और सदर में एक तथा छोटू के खिलाफ सदर थाने में एक मामला दर्ज है। तीनों पर 17 सीएलए एवं यूएपी एक्ट के तहत मामला दर्ज है।

**सिक्किम में भारी बारिश व भूस्खलन 1200 से अधिक पर्यटक फंसे...**

इसके कारण यातायात अवरुद्ध हो गया है। यातायात ठप होने से लाचुंग घूमने गये पर्यटक फंस गये हैं। भारी बारिश और भूस्खलन के कारण सड़क बंद होने से 1200 घरेलू और 15 विदेशी पर्यटक मंगन जिले के लाचुंग में फंस गये हैं, लेकिन सुरक्षित हैं। स्थानीय अधिकारियों ने पर्यटकों से अनुरोध किया है कि वे जोखिम न लें और अपने स्थानों पर ही रहें।

विभाग के प्रधान सचिव सीएस राव ने शुक्रवार को जारी एक नोटिस में कहा है कि फंसे हुए पर्यटकों के लिए खाद्य सामग्री और राशन का पर्याप्त भंडार है। फंसे हुए पर्यटकों को हेलीकॉप्टर से निकालने के लिए राज्य के मुख्य सचिव भारत सरकार के सम्बन्धित मंत्रालय से पहले ही संवाद कर चुके हैं। पर्यटन विभाग ने कहा है कि जरूरत पड़ने पर पर्यटकों को सड़क मार्ग से भी निकाला जायेगा।

विभाग का कहना है कि फंसे हुए पर्यटकों की सुरक्षित निकासी सुनिश्चित करने के लिए उत्तरी जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, पर्यटन विभाग के अधिकारियों और स्थानीय हितधारकों के साथ समन्वय में काम कर रहा है। पर्यटन विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि वर्तमान में केवल लाचुंग राज्य से कटा हुआ है और राज्य के अन्य स्थानों की यात्रा के लिए खुला और सुरक्षित है।

**रक्षा मंत्री आईएनएस जलाश्व पर सवार हुए...**

पूर्वी बेड़े के अधिकारियों और नौसैनिकों के साथ बातचीत करते हुए राजनाथ सिंह ने हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में पहली प्रतिक्रिया देने वाले देश के रूप में उभरने के लिए भारतीय नौसेना की भूमिका को सराहा। उन्होंने कहा कि हमारी नौसेना यह सुनिश्चित करती है कि कोई भी देश हिंद-प्रशांत क्षेत्र में किसी दूसरे देश को दबा न सके या आर्थिक ताकत या सैन्य शक्ति के आधार पर उसकी सामरिक स्वायत्तता को खतरे में न डाले। रक्षा मंत्री ने देश के विकास और अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का मान बढ़ाने में अहम भूमिका निभाने के लिए भारतीय नौसेना को श्रेय दिया।

राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारी नौसेना हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षित व्यापार सुनिश्चित कर रही है। भारत अपनी बढ़ती शक्ति के साथ इस क्षेत्र के साथ-साथ पूरे विश्व को शांतिपूर्ण और समृद्ध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। रक्षा मंत्री ने इस तथ्य को भी रेखांकित किया कि भारत के वाणिज्यिक हित हिंद महासागर क्षेत्र से जुड़े हुए हैं और नौसेना व्यापक राष्ट्रीय उद्देश्यों को प्राप्त करते हुए समुद्री सीमाओं को सुरक्षित करने का एक साधन है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हित सरकार के लिए सर्वोपरि है और उन्होंने आश्वासन दिया कि उनकी सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे।

रक्षा मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि उनके दूसरे कार्यकाल में समुद्री सुरक्षा को और मजबूत करने तथा हिंद महासागर में भारत की नौसैनिक शक्ति की उपस्थिति को और अधिक प्रभावी और मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम दूसरे कार्यकाल में भी अपने प्रयासों को गति देंगे। चाहे हिमालय हो या हिंद महासागर, हमारी प्राथमिकता सीमाओं पर सुरक्षा को लगातार मजबूत करना होगी। राजनाथ सिंह के दौरे का समापन सनराइज फ्लीट के चालक दल के साथ पारंपरिक 'बड़ाखाना' के साथ हुआ। इससे पहले विशाखापट्टनम के आईएनएस डेगा में रक्षा मंत्री का औपचारिक स्वागत 50 जवानों के गार्ड ऑफ ऑनर के साथ किया गया।

**डीआरआई के अभियान में तीन करोड़ का सोना जब्त...**

भेजने का आदेश दिया है। सूत्रों के अनुसार 12 जून को डीआरआई ने गुप्त सूचना पर इस्लामपुर में छापेमारी कर एक बस से सूरज शिवाजी पवार को पकड़ा था। तलाशी के बाद उसके पास से तीन तीन किलो 660 ग्राम सोना बरामद हुआ था। बरामद सोने का कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखने पर डीआरआई ने सूरज शिवाजी पवार को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद सूरज शिवाजी पवार से पूछताछ के दौरान डीआरआई अधिकारियों को भीम सुभाष विभूति का नाम पता चला। इसके बाद डीआरआई ने केंद्रीय बलों की मदद से 13 जून को इस्लामपुर में भीम सुभाष विभूति के घर और दुकान पर छापेमारी की। छापेमारी में घर से 932 ग्राम सोने के बिस्कुट, 34 लाख 66 हजार 300 नगद और दुकान से 569 ग्राम सोना बरामद किया गया।

बरामद सोने के वैध दस्तावेज न दिखा पाने के कारण डीआरआई ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया। बरामद किए गए सोने का बाजार मूल्य 3 करोड़ 71 लाख रुपये है। सूरज शिवाजी पवार (19) और भीम सुभाष विभूति (43) मूल रूप से महाराष्ट्र के रहने वाले हैं। वर्तमान में सूरज शिवाजी पवार पश्चिम बंगाल के तमलुक में और भीम सुभाष विभूति इस्लामपुर में रहते हैं। दोनों आरोपितों को सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया गया। अदालत ने आरोपितों की जमानत अर्जी खारिज कर 27 जून तक जेल हिरासत में रखने का आदेश दिया।

# शिक्षा है एनडीए सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : डॉ. प्रेम कुमार

## बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री ने कहा : शिक्षा के क्षेत्र में आयी अभूतपूर्व क्रांति



**दिया स्लोगन :**
*'घर-घर शिक्षा का दीप जलायेंगे, विकसित भारत बनायेंगे'*


एजेंसी

**पटना :** बिहार भाजपा के वरीय नेता व बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा शिक्षा क्षेत्र में किये गये कामों को गिनाते हुए कहा है, 'शिक्षा क्षेत्र में केन्द्र और राज्य की एनडीए सरकार ने आजादी के बाद पहली बार क्रांतिकारी कदम उठाया है। केन्द्र सरकार 36 वर्षों के बाद शिक्षा के क्षेत्र में नयी शिक्षा नीति 5+3+3+4 की नयी शिक्षा नीति लायी है। पहले 10+2+3 था। उच्च शिक्षण संस्थानों नीट और पीजी में ओबीसी को 27% आरक्षण केन्द्र की मोदी सरकार ने दी। रेलवे, बैंकिंग एवं एसएससी की संयुक्त प्रवेश परीक्षा कराने का निर्णय लिया। स्नातक 04 वर्षों का होगा और स्नातकोत्तर यानी पोस्ट ग्रेजुएट 01 वर्ष का कर दिया गया। एमफिल की डिग्री को समाप्त कर दिया गया है। विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति एवं मेधावृत्ति की योजना केन्द्र सरकार लायी। नये मेडिकल एवं इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना की गयी। मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेज में सीटों की संख्या दोगुनी कर दी गयी। 23 नये एम्स और 13 आईआईटी कॉलेज खुले। 07 आईआईएम की स्थापना हुई। केन्द्र ने शिक्षा के क्षेत्र में 13% बढ़ोतरी के साथ 1,12,899 करोड़ रुपये का बजट वर्ष 24 में पेश किया, जो कुल बजट का 2.9% है। बिहार की एनडीए सरकार ने भी शिक्षा क्षेत्र में कई मिल के पत्थर तय किये हैं। बिहार सरकार ने साइकिल योजना से शुरू होकर मैट्रिक में प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि 10,000 इंटर में 25, 000 स्नातक में लड़कियों को किसी श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर 50,000 की प्रोत्साहन राशि देने का काम किया है। उच्च शिक्षण संस्थानों ; यथा पीजी, इंजीनियरिंग और मेडिकल में महिलाओं को 33% का आरक्षण मिल रहा है। स्पोट्र्स यूनिवर्सिटी में महिलाओं को 33% का आरक्षण मिल रहा है। बीएससी, एसएससी, बैंकिंग, रेलवे के पीटी पास विद्यार्थियों को मेंस की तैयारी के लिए 50,000, यूपीएससी की पीटी पास करनेवाले पर अभ्यर्थियों को 1 लाख मेंस की तैयारी के लिए अनुदान के रूप में दिया जा रहा है। बिहार में हर जिले में इंजीनियरिंग एवं मेडिकल कॉलेज की स्थापना हो रही है। हर पंचायत में 12वीं तक के इंटर स्कूल की स्थापना हो गयी है। इस तरह शिक्षा के क्षेत्र में बिहार सरकार ने कई बेहतरीन काम किये हैं। बिहार सरकार ने इस बार बजट में कुल बजट का 22. 5 0% यानी 22,2 00.35 करोड़ रुपये का शिक्षा बजट पेश किया है। शिक्षा है एनडीए सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता। घर-घर शिक्षा का दीप जलायेंगे विकसित भारत बनायेंगे।










## उत्तर पश्चिमी जिला के सांसद योगेन्द्र चंदोलिया का हुआ भव्य स्वागत, दी गयीं बधाई व शुभकामनाएं



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी एनडीए एलाइंस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जात-पात, ऊंच-नीच के भेदभाव को दरकिनार कर सेवक बन समाज की सेवा का कार्य करनेवाले, दलबीर सिंह ने अपने सहयोगियों के साथ उत्तर पश्चिमी जिला के सांसद योगेन्द्र चंदोलिया को फूलमाला व बुके देकर तथा ढोल बजवा कर, लड्डू से मुंह मीठा कराते हुए बधाइयां व शुभकामनाएं दीं ' इस स्वागत में भाजपा की कार्यकारिणी के पूर्व सदस्य व दिल्ली सिख सेल की प्रभारी हरजीत कौर जोली तथा समाज सेवक श्याम राजोरा के अलावा भाइयों-बहनों ने संसद योगेंद्र चंदोलिया का जोरदार स्वागत करोल बाग स्थित उनके आवास पर किया। दलबीर सिंह ने कहा कि संसद योगेंद्र चंदोलिया जात-पात के भेदभाव को दरकिनार कर समाज के दुख-दर्द को समझते हुए तुरंत उसका समाधान करते हैं। आज जनता के साथ प्रेम-प्यार की ही बदौलत वह सांसद बने। इस दौरान सभी बधाई देने आये लोगों का भी दलबीर सिंह ने धन्यवाद किया।

## डब्ल्यूएचओ ने एनआईआईएमएच को पारंपरिक चिकित्सा अनुसंधान के लिए बनाया सहयोगी केन्द्र

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने आयुष मंत्रालय की केन्द्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस) के तहत एक इकाई, राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा विरासत संस्थान (एनआईआईएमएच), हैदराबाद को ?पारंपरिक चिकित्सा में मौलिक और साहित्यिक अनुसंधान? (सीसी आईएनडी-177) के लिए डब्ल्यूएचओ सहयोगी केन्द्र (सीसी) के रूप में नामित किया है। यह प्रतिष्ठित मान्यता चार साल की अवधि के लिए दी गई है। हैदराबाद में 1956 में स्थापित, एनआईआईएमएच, आयुर्वेद, योग प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, सोवा-रिग्पा, होम्योपैथी, बायोमेडिसिन और भारत में स्वास्थ्य देखभाल के अन्य संबंधित विषयों में औषधीय-ऐतिहासिक अनुसंधान का दस्तावेजीकरण और प्रदर्शन करने वाला एक अनूठा समर्पित संस्थान है। सीसीआरएएस के महानिदेशक प्रो. वैद्य रविनारायण आचार्य के परिश्रमी नेतृत्व में एनआईआईएमएच और डब्ल्यूएचओ -सीसी के प्रमुख ने निरंतर अवलोकन और समर्पण के माध्यम से यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।

